e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 175

# प्रभात मंत्र

बुधवार
28.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

प्रेम एक ऐसा अनुभव है जो मनुष्य को कभी हारने नही देता, और घृणा एक ऐसा अनुभव है जो इंसान को कभी जीतने नही देता।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

## क्विक न्यूज

### सीएम से मिले जलपुरुष राजेंद्र सिंह

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता जलपुरुष राजेंद्र सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने 'जलपुरुष की जलयात्रा' पुस्तक सप्रेम भेंट की।

### भद्रवाह पठानकोट मार्ग पर वाहन खाई में गिरा,पांच की मौत

**डोडा।** डोडा जिले में भद्रवाह पठानकोट मार्ग पर मंगलवार दोपहर बाद एक वाहन के खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्स वाहन (जेके 06-5071) गुलदंडा के पास चालक के नियंत्रण खो देने के बाद सड़क से फिसलकर पास की गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। हादसे का पता चलते ही पुलिस तथा स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को संयुक्त रूप से अस्पताल पहुंचाया। मृतकों तथा घायलों की पहचान नहीं हो पाई है।

### पिछले नौ सालों में भारत का सड़क नेटवर्क 59 प्रतिशत बढ़ा : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के कारण देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई लगभग 59 प्रतिशत बढ़ गई है। इस विस्तार के परिणामस्वरूप भारत के पास अब अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है।उन्होंने कहा, 2013-14 में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किमी थी, जो 2022-23 में बढ़कर 1,45,240 किमी हो गई, जो इस अवधि के दौरान 59 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले नौ वर्षों में 4 लेन एनएच में वृद्धि लगभग दोगुनी हो गई है।

### मणिपुर हिंसा:.बीएसएफ का जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर के टेंगनोपाल जिले में गश्त कर रहे बीएसएफ जवानों पर हथियारबंद बदमाशों ने फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में बीएसएफ का एक जवान बलिदान हो गया। जवान की पहचान नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। बीएसएफ की 122वीं बटालियन के जवान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए टेंगनोपाल जिले में गश्त कर रहे थे। इस बीच मोरेह बाजार में गश्त के दौरान हथियारबंद बदमाशों के एक समूह ने एक व्यक्ति के घर में आग लगा दी।कुलदीप सिंह ने बताया कि बीएसएफ ने जब बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने जवानों पर फायरिंग कर दी। बीएसएफ ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी फायरिंग में ऑन ड्यूटी पर बीएसएफ जवान नरेंद्र कुमार को गोली लग गई। उन्हें नजदीकी सेना अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कैग जांच के दायरे में दिल्ली के सीएम केजरीवाल, सरकारी बंगले के रिनोवेशन का होगा ऑडिट

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक बंगले के पुनर्निर्माण में अनियमितताओं और उल्लंघनों की कैग विशेष ऑडिट करेगी. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक दिल्ली के 6, फ्लैग स्टाफ रोड सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के रिनोवेशन में प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं का विशेष ऑडिट करेंगे. यह कदम केंद्र द्वारा इस संबंध में सीएजी से किए गए अनुरोध के बाद उठाया गया है. गृह मंत्रालय ने यह एक्शन एलजी सचिवालय की 24 मई, 2023 की सिफारिश के बाद लिया है. 24 मई को एलजी ऑफिस ने केजरीवाल के सरकारी बंगले में रिनोवेशन के खर्चों से जुड़े मामले को लेकर कैग द्वारा विशेष ऑडिट की सिफारिश की थी.

**भोपाल : पसमंदा मुसलमानों की दुर्दशा पर पीएम ने विपक्ष को घेरा,घोटालेबाजों पर कड़ी कार्रवाई की दी गारंटी**

# समान नागरिक संहिता देश की जरूरत : मोदी

**एजेंसी**

**भोपाल** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मुसलमानों से जुड़े मुद्दों- तीन तलाक, समान नागरिक संहिता और भेदभाव का सामना करने वाले पसमंदा मुसलमानों की स्थिति पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले नेताओं ने कभी मुसलमानों के हित की बात नहीं की। भोपाल में आयोजित 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने एक बूथ कार्यकर्ता के सवाल के जवाब में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने की पुरजोर वकालत की।

उन्होंने कहा कि परिवार में एक सदस्य के लिए अलग नियम और दूसरे के लिए दूसरा नियम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर कुछ लोग मुसलमानों को भटकाने का काम कर रहे हैं। संविधान में ही समान अधिकारों की बात कही गई है।

सुप्रीम कोर्ट भी बार-बार समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने के लिए सरकार से पूछ रहा है। एक देश की तरक्की के लिए सभी के लिए समान कानून जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने मुसलमानों में पिछड़े वर्ग का मुद्दा उठाया और कहा कि मुसलमानों की छोटी छोटी जातियां के पसमंदा मुसलमान वोट बैंक की राजनीति के चलते आज भी मुश्किल से जीवनयापन कर रही हैं। उनकी आवाज कोई सुनने को तैयार नहीं है। एक वर्ग ने इनका शोषण किया है। देश में इस मुद्दे पर कभी चर्चा नहीं होती। आज भी उन्हें बराबरी का हक नहीं है। उन्हें नीच और अछूत समझा जाता है।

## 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम को पीएम ने किया संबोधित

### आपस में मिल रहे हैं जमानत पर बाहर आए हुए नेता

पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जमानत पर बाहर आए हुए नेता आपस में मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भ्रष्टाचारों के खिलाफ कार्रवाई होगी। साथ ही जितने भी चोर है,उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंन कहा कि घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि गरीब को गरीब बनाये रखने,वंचित को वंचित बनाए रखने से ही उनकी (विपक्षी दल) राजनीति चलती है। तुष्टिकरण का ये रास्ता कुछ दिनों के लिए तो फायदा दे सकता है, लेकिन ये देश के लिए महाविनाशक होता है। ये देश के विकास को रोक देता है, देश में भेदभाव बढ़ाता है, देश में तबाही लाता है। समाज में दीवार खड़ी करता है।



### तीन तलाक प्रथा का इस्लाम से कोई संबंध नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक की कुप्रथा से केवल महिला ही नहीं उसके परिजन भी दुखी होते हैं। शादी के आठ-दस साल बाद तीन तलाक देने से पूरा परिवार तबाह हो जाता है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक प्रथा का इस्लाम से कोई संबंध होता तो मुस्लिम बहुल देश इसे खत्म क्यों करते। मिस्र की 90 प्रतिशत से ज्यादा आबादी सुन्नी मुसलमान है और वा 90 साल पहले ही इसे समाप्त कर चुका है। उप पाकिस्तान से लेकर इंडोनेशिया जैसे अनेक मुस्लिम बहुत देशों में तीन तलाक की प्रथा पर रोक है। तब भारत की बहन-बेटियों को इस कुप्रथा के तले क्यों पिसने दिया जाए। मोदी ने कहा कि भाजपा मुस्लिम बहन-बेटियों के साथ खड़ी रहती है।

### हमारा रास्ता तुष्टीकरण नहीं संतुष्टिकरण का है

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा रास्ता तुष्टिकरण नहीं संतुष्टिकरण का है। देश में जहां भाजपा सरकार है वहां हम संतुष्टिकरण के अभियान में लगे हैं। संतुष्टिकरण का रास्ता मेहनत वाला होता है। उसमें पसीना बहाना पड़ता है। अगर बिजली मिलेगी तो सबको मिलेगी, तब लोग संतुष्ट होंगे। नल से जल का अभियान चलेगा तो हर घर तक जल पहुंचाने का प्रयास होगा। इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण वाली गंदी सोच ने कुछ राज्यों ने लोगों के बीच खाई पैदा कर दी।

# 500 छात्र-छात्राओं को आज नियुक्ति पत्र सौंपेंगे सीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नर्सिंग एवं आईटीआई कौशल कॉलेज और कल्याण गुरुकुल के 500 छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र का वितरण आज बुधवार को करेंगे। उक्त कार्यक्रम कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा आईटीआई कौशल कॉलेज नगरा टोली में आयोजित है। इस मौके पर मुख्यमंत्री आईटीआई कौशल कॉलेज के अंतर्गत कुलीनरी विभाग की छात्राओं के द्वारा संचालित सेवा कैफ़े का भी उद्घाटन करेंगे। राज्य सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा सेवा कैफ़े के अनुभव से छात्राओं को एक सफल उद्यमी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। सेवा कैफ़े के माध्यम से बेटियों में उद्यमिता संबंधी व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान कराई जायेगी। मालूम हो कि कल्याण विभाग की एस.पी.वी. प्रेझा फाउंडेशन राज्य के 24 जिलों में 28 कल्याण गुरुकुल, 8 नर्सिंग कौशल कालेज और एक आईटीआई कौशल कॉलेज का संचालन कर रही है। इस परियोजना के माध्यम से अभी तक 30,000 से अधिक युवक युवतियों को देश की नामी गिरामी कंपनियों में रोजगार की प्राप्ति हुई है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में अनुसूचित जनजाति मंत्री चंपई सोरेन, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आईटीआई कौशल कॉलेज की छात्राओं द्वारा संचालित सेवा कैफे का भी उद्घाटन करेंगे। इस सेवा कैफे का उद्देश्य एक सफल उद्यमी बनाने में छात्र-छात्राओं की मदद करना है। सेवा कैफे के माध्यम से विशेषकर छात्राओं में उद्यमिता संबंधी व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा।



# ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, लगी चोट, अस्पताल में भर्ती

**अधिकारियों ने बताया कि ममता बनर्जी का हेलीकॉप्टर खराब मौसम में फंस गया था. जिसके बाद मंगलवार दोपहर सिलीगुड़ी के पास सेवोके हवाई अड्डे पर सीएम के हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी.**



**एजेंसी**

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर की खराब मौसम के चलते इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी. इस दौरान आपाधापी में सीएम ममता को चोट भी लगी. चोट के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. अधिकारियों ने बताया कि ममता बनर्जी का हेलीकॉप्टर खराब मौसम में फंस गया था. जिसके बाद मंगलवार दोपहर सिलीगुड़ी के पास सेवोके हवाई अड्डे पर सीएम के हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी.

उन्होंने बताया कि जलपाईगुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद ममता बनर्जी बागडोगरा हवाईअड्डे जा रही थीं.

तभी बैकुंठपुर जंगल के ऊपर उड़ान भरते समय उनका हेलीकॉप्टर खराब मौसम की चपेट में आ गया.

अधिकारी ने बताया कि यहां बहुत भारी बारिश हो रही थी और पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग करने का फैसला किया. उन्होंने कहा कि घटना के बाद यह निर्णय लिया गया कि ममता बनर्जी सड़क मार्ग से बागडोगरा हवाईअड्डे तक जाएंगी और फिर वापस कोलकाता के लिए उड़ान भरेंगी.

# झारखंड सहित पांच राज्यों को मिली वंदे भारत की सौगात

**वंदे भारत ट्रेन रांची से पटना चलने वाली ट्रेन सुबह 10:53 बजे पटना रवाना हुई। यह छह घंटे में पटना तक का सफर अपना पूरा किया।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची-भोपाल** : पीएम मोदी ने भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से भोपाल से जबलपुर और भोपाल से इंदौर के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने पटना से रांची, धारवाड़ से बेंगलुरु और गोवा से मुम्बई तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों का वर्चुअल शुभारंभ किया। रांची से पटना चलने वाली ट्रेन सुबह 10:53 बजे पटना रवाना हुई। यह छह घंटे में पटना तक का सफर पूरा किया। रांची रेलवे स्टेशन को खुशी से झूम रहे लोगों ने वंदे मातरम् के घोष से गुंजायमान कर दिया। यात्रियों ने कहा कि इंतजार खत्म हुआ। ऐसा लग रहा है, जैसे फ्लाइट में बैठे हैं। वंदे भारत को पायलट के बालमुचू हैं। रांची रेलवे स्टेशन पर इस पल के साक्षी झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंत्री चंपई सोरेन, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, स्थानीय सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश,हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, डीआरएम और दक्षिण पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर अर्चना जोशी समेत कई लोग बने।।वंदे भारत एक्सप्रेस में अलग-अलग स्कूलों के 100 विद्यार्थी भी सफर कर रहे हैं। इनमें से कई ने प्रधानमंत्री मोदी की पेंटिंग बनाई है। बच्चों का कहना है कि मोदी उनके रोल मॉडल है। बच्चे प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत से इन्स्पायर हैं।वंदे भारत एक्सप्रेस का आज 28 जून से नियमित परिचालन होगा। यह ट्रेन पटना और रांची से मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। इन ट्रेनों में कुल आठ कोच होंगे।

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम पर लगाया 5 हजार रुपये का जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में मंगलवार को झारखंड में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर दायर रिट याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार और रांची नगर निगम की ओर से जवाब दायर नहीं होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

कोर्ट ने तीन सप्ताह में इन दोनों को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 20 जुलाई निर्धारित की। कोर्ट ने कहा कि 20 जुलाई तक मामले में सरकार की ओर से यदि जवाब दाखिल नहीं किया जाता है तो इस जुर्माने को वसूला जाए। रांची नगर निगम की पूर्व वार्ड पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि राज्य में जल्द से जल्द शहरी नगर निकायों के चुनाव कराया जाएं। साथ ही जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश कोर्ट से देने का किया गया है। पूर्व में ही राज्य सरकार के द्वारा राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया है। अब निकायों में पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी अगले आदेश तक प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। अगर उन्हें आवश्यकता होगी तो वह नगर विकास एवं आवास विभाग से परामर्श लेंगे।



**नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर दायर रिट याचिका पर हुई सुनवाई**

# छत्तीसगढ़: सुकमा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो लाख रुपये का इनामी नक्सली ढेर

**एजेंसी**

**सुकमा** : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एर्राबोर थाना क्षेत्र के ग्राम बोदागुबाली के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो लाख रुपये का इनामी हार्डकोर नक्सली सोड़ी दुला को फोर्स ने मार गिराया। घटना स्थल से नक्सली शव सहित एक नग हथियार, आईईडी एवं विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है। मृत नक्सली कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत एरिया एक्शन टीम सदस्य, एरिया जनतानान सरकार सदस्य एवं रेगड़गट्टा आरपीसी अध्यक्ष के पद पर सक्रिय था। एएसपी गौरव मंडल ने बताया कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एर्राबोर थाना क्षेत्र के ग्राम बोदागुबाली एवं मरईगुड़ा के आसपास कोंटा एरिया कमेटी के हार्डकोर नक्सली सोड़ी दुला व अन्य नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देश पर मंगलवार को डीआरजी, जिलाबल एवं सीआरपीएफ 219 व 228 वाहिनी की संयुक्त पार्टी, सूचना स्थल की ओर रवाना किया गया था। उक्त अभियान के दौरान पुलिस पार्टी ग्राम बोदागुबाली के जंगल में सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ रही थी कि दोपहर एक बजे के करीब 10-12 सशस्त्र नक्सलियों द्वारा घात लगाकर पुलिस पार्टी को जान से मारने एवं हथियार लुटने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा तत्काल पोजिशन लेकर आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई। वहीं, सुरक्षा बल के जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर चले गए। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल का सर्चिंग किया गया।

## पूर्व मुखिया के घर से बाईक की चोरी

**पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र मुरमा खुर्द पंचायत के मलवारिया गाँव निवासी पूर्व मुखिया राजमणि सिंह के घर से सोमवार की रात दरवाजे पर खड़ी पैसन प्रो बाइक चोरों ने उठा लिया, पूर्व मुखिया राजमणि सिंह ने बताया कि बड़ा बेटा विवेक सिंह ब्लैक रंग की हीरो होंडा कंपनी की बाइक जिसका न0 छ्वा03छ्व6305 है रात दस बजे उंटारी बाजार से जाकर खड़ा कर अंदर सो गया सुबह पांच बजे देखा कि दरवाजे पर खड़ी बाइक नही है, इसकी तत्काल सूचना उंटारी पुलिस को दिया थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की सूचना मिली है पुलिस मामले जांच कर रही है। जल्द ही चोरों को का खुलासा किया जाएगा।

## फांसी लगाकर 16 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या

**मेदनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जोड़ में 16 वर्षीय युवती ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार जोड़ निवासी मधुरेंद्र तिवारी की पुत्री काजल कुमारी उम्र 16 वर्ष का रविवार कि सुबह किसी बात को लेकर अपने पिता के साथ अनबन हुआ।इसके वजह से वह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद इस घटना को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी।तभी स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से घटना के बारे में पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## किसानों के बीच बीज का वितरण

**डंडई गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लवाही कला पैक्स में 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर किसानों के बीच धान के विभिन्न प्रजाति के बीज का वितरण कर शुरुआत किया गया। धान बीज वितरण कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मो कयामुद्दीन, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, रारो मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, पैक्स अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद बीटीएम अजय कुमार साहू सहित कई किसान उपस्थित रहे। मौके पर बोलते हुए बीटीएम अजय कुमार साहू ने कहा कि किसानों को बीज प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर बीज की मात्रा से संबंधित एसएमएस जाता है। इसके बाद किसान संबंधित पैक्स में जाकर अनुदानित दर पर बीज प्राप्त करते हैं। किसान अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर ले कर जाएं एवं पैक्स में तुरंत रजिस्ट्रेशन कराकर बीज प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि फिलहाल लवाही कला पैक्स में आईआर 64, डीआरएस2 जबकि बोलिया करके एवं झोंतर पैक्स में डीआरआरएस2 बीज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ब्लॉकचेन के माध्यम से निबंधित किसान को ही बीज प्राप्त होगा। जिप सदस्य मोहन पासवान ने कहा कि जो भी किसान अभी तक अपना निबंधन नहीं कराए हैं वह अपने कृषक मित्र से संपर्क कर निबंधन से संबंधित सभी विवरण देकर निबंधन करा लें ताकि अनुदानित दर पर बीज प्राप्त करने में किसी तरह की कठिनाई नहीं हो। मौके पर मुख्य रूप से किसान कुलदीप प्रजापति अशोक कुमार रवि चंदन वर्मा नरेश प्रजापति उमेश राम मंदिर यादव सहित कई किसान उपस्थित थे।

## नरेंद्र मोदी का कार्यकाल गरीब कल्याण को समर्पित : शिंदे

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाउन हॉल में महा जनसंपर्क अभियान को लेकर डाल्टनगंज विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन संपन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक एवं संचालन विजय ओझा ने किया। बतौर मुख्य अतिथि मा0 विधान पार्षद रामशंकर शिंदे महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष का शासनकाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। मोदी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने में सफल रही है देश में सभी क्षेत्रों में विकास की गति तेज है एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी लाभुकों तक डिजिटल माध्यम से पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, किसान सम्मान योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास मोदी जी के प्रति अपार है। देसी नहीं दुनिया में भी भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है वह दिन दूर नहीं मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया में शक्तिशाली राष्ट्र बनकर विश्व गुरु बनेगा। धारा 370 एवं 25 ए हो हटाकर भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। कोरोना महामारी के समय देश के लोगों को ही नहीं बल्कि दूसरे देशों को भी टीकाकरण कराकर दुनिया को इस महामारी से छुटकारा दिलाने का कार्य किया है।सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ तो मिला ही है आधारभूत संरचनाओं में तेजी से हो रहे विकास से अप्रत्यक्ष रूप से देश के सभी नागरिकों को लाभ मिल रहा है। महिला सशक्तिकरण से महिलाओं का सम्मान बढ़ रहा है आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ समाज में भी उनकी सहभागिता लगातार बढ़ रही है। देश बदल रहा है आत्मनिर्भर बन रहा है अमृतकाल वर्ष में भारत समृद्ध राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मोदीसरकार के जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं से हर आम आवाम गरीबों को किसी न किसी योजना से सीधे लाभ मिल रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। 2024 में तीसरी बार मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए गरीब दलित आदिवासी महिला किसान मजदूर युवा तैयार है। झारखंड में भी फिर से डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए लोग समय का इंतजार कर रहे है और इस भ्रष्ट हेमंत सरकार को मां को जवाब देंगे।लाभार्थी सम्मेलन को श्याम नारायण दुबे मनोज सिंह जवाहर पासवान नरेंद्र पांडे दुर्गा जोहरी लवली गुप्ता नीना गुप्ता आदि ने संबोधित किया।धन्यवाद ज्ञापन महा जनसंपर्क अभियान संयोजक विवाह का नारायण पांडे ने किया। कार्यक्रम में बिपिन बिहारी सिंह अविनाश वर्मा मंगल सिंह जिला परिषद प्रमोद सिंह रामलव चौरसिया शिव कुमार मिश्रा शशि श्याम बाबू सोमोश सिंह मनोज दुबे डीके दुबे शशि भूषण पांडे अर्जुन सिंह छोटू सिन्हा सुनील तिवारी संजय कुमार नंदलाल गुप्ता वीरेंद्र प्रसाद भीष्म चौरसिया रूपा सिंह मंजू गुप्ता पूर्णिमा चंद्रवंशी सीटू गुप्ता बसंती देवी सुमन देवी किरण अग्रवाल सहित सैकड़ों लाभार्थी मौजूद थे।

# उपायुक्त के दरियादिली से जनता दरबार के प्रति बढ़ रहा लोगों का विश्वास

### उपायुक्त ने कैंसर पीड़ित असलम को ऑन द स्पॉट दिया 50000 रुपये का चेक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के दरियादिली और आम जनता के प्रति समर्पण की भावना के कारण लोगों का विश्वास जनता दरबार के प्रति बढ़ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज के आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में समाहरणालय परिसर में पहुंचते ही उपायुक्त की नजर एक दुखियारी महिला की गोद में लेटे उनके बीमार पति पर पड़ी तो उपायुक्त के कदम वंही ठहर गई। उपायुक्त श्री दोड्डे उस दुखियारी महिला के समीप जाकर जमीन पर बैठ गए और उस दंपत्ति से उपायुक्त ने उनकी परेशानी के बारे में पूछा। उस दुखियारी महिला ने उपायुक्त को रोते हुए बताया कि उनके पति असलम अंसारी कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनकी माली हालत बेहद खराब है जिस कारण वह अपने पति का इलाज नहीं करवा पा रही है। मामले को जानकर उपायुक्त का दिल पसीज गया। उपायुक्त श्री दोड्डे ने उस दंपति को ऑन द स्पॉट कैंसर के इलाज के लिए 50000 रुपये का चेक दिया और तत्काल एंबुलेंस को बुलवाकर उन्हें उनके घर कूदला कलां छोड़ने का निर्देश दिया। इसी तरह जनता दरबार मे ग्राम पंचायत मझिगांव के बब्लू विश्वकर्मा ने उपायुक्त से अपने टूटे हुए पैर के ऑपरेशन के इलाज हेतु आर्थिक मदद की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने बब्लू को 10000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से किया। इसी तरह पाटन के सहुद आलम को 5000 रुपये और पांकी थाना क्षेत्र के धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता को ईलाज हेतु 5000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से किया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## झामुमो नेता अजय वर्मा पर पार्टी विरोधी कार्य करने का आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखंड स्तरीय बैठक केतार प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह की अध्यक्षता में किया। इस बैठक में हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं प्रचार-प्रसार ग्रामीणों के बीच करने को लेकर चर्चाएं की गई। साथ ही बैठक में सर्व समिति से यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि केतार प्रखंड के परसोडीह निवासी प्राथमिक सदस्य अजय वर्मा को पार्टी विरोधी कार्य करने एवं पार्टी के एक भी कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं होने पर प्रखंड कमेटी जिला कमेटी को अनुशंसा किया था जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए गढ़वा जिला कमेटी के निर्देशानुसार प्राथमिक सदस्य अजय वर्मा को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित करने का लेटर पैड जारी किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा):** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतार में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं द्वारा कक्षा 8 के छ्वष्ट बोर्ड मे उत्कृष्ट स्थान लाने वाले को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार विद्यालय अध्यक्ष राम विचार साहू संरक्षक नन्द कुमार प्रजापती कोषाध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि मेरे विद्यालय से कुल 26 विद्यार्थी परीक्षा में भाग लिए थे। जिसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।वही मुखिया के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को उपयोगी पुस्तक और अंक पत्र देकर सम्मानित करते हुए आगे बढने के लिये प्रेरीत किया। मौके पर विद्यालय के आचार्य धनन्जय विश्वकर्मा,दीनानाथ चौधरी सुदीप पाल ,रमेश पाल ,श्वेता कुमारी,मीना कुमारी,चन्दा कुमारी ,कुशुम कुमारी सहित अन्य लोग शामिल थे।



## प्रधानमंत्री का एक ही सपना,सबका पक्का घर हो अपना सांसद प्रतिनिधि भोला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू):** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की आठवीं वर्षगांठ पर नगर निगम के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा की राज्य की नगर निकायों के सक्रिय सहयोग से लाखो शहरी बेघरों के पक्के आवासों का निर्माण किया गया है जिसके फलस्वरूप गरीब लाभुको के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव हुआ है। इसी कड़ी में मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की आठवीं वर्षगांठ पर लाभार्थी सम्मेलन, लाभुको के घर जाकर संवाद एव निर्मित आवासों में लाभुको का गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही पौधारा पण कार्यक्रम के तहत औषधीय पौधो का वितरण व रोपण भी किया गया। मौके पर वार्ड नं 31 की प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के नगर आयुक्त एव जनप्रतिनिधि के सहयोग से मैंने अपने क्षेत्र में लगभग सभी जरूरतमंद को पक्का मकान दिया है। पहले जो खपड़े के घर में रहते थे बरसात के दिनों में उन्हें एव उनके छोटे छोटे बाल बच्चो को रात रात भर जाग कर बिताना पड़ता था। आज इस समस्या से मुक्ति मिली हैं। सबका एक सपना होता है घर हो अपना। आज वह सपना क्षेत्र की जनता को पूरा हो रहा है।



## पूर्व प्रदेश अध्यक्ष से मिले कांग्रेसी नेता,समस्याओं से कराया अवगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार से रांची में मुलाकात की। पांडेय ने पहले तो रांची प्रवास पर आए अजय कुमार का एयरपोर्ट पर ही गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद उनसे कई विषयों पर चर्चा की.पलामू के राजनीतिक हालात के बारे में जानकारी दी। विश्रामपुर नगर परिषद व अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। पांडेय ने डॉ अजय कुमार को बिश्रामपुर आने का निमंत्रण भी दिया.जिसे उन्होंने स्वीकार किया।

## मुस्लिम समुदाय ने केंद्रीय मंत्री गडकरी व मंत्री मिथिलेश के प्रति जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** शहर के मदरसा रोड स्थित मदरसा तब्लीगुल इस्लाम में मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों की बैठक आयोजित किया गया।मुस्लिम समुदाय द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता अंजुमन के जिला सदर जैनुल आबेदीन खान उर्फ मदनी खान ने किया। बैठक में अचला कब्रिस्तान पर फ्लाईओवर की स्वीकृति मिलने पर लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही केंद्रीय मंत्री गडकरी व मंत्री मिथिलेश के प्रति आभार जताया। साथ ही लोगों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को काफी संवेदनशील व हर दिल अजीज मंत्री तथा मंत्री मिथिलेश ठाकुर को धुन का पक्का व काम के प्रति ईमानदार बताया है। मौके पर गढ़वा जिला सदर जैनुल आबेदीन खान ने कहा कि केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कि संवेदनशीलता एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के लगातार प्रयास से अचला में फ्लाईओवर निर्माण की सहमति बनी है।इसके लिए मंत्री नितिन गडकरी एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर का गढ़वा वासियों की ओर से वे आभार व्यक्त करते हैं। इस कार्य में मंत्री मिथिलेश ठाकुर और झारखंड प्रदेश के मुखिया हेमंत सोरेन का प्रयास रंग लाया है। उन्होंने कहा कि मंत्री नितिन गडकरी ने देश के संवेदनशील नेता के रूप में बड़ी पहल करते हुए मानवता को प्राथमिकता दिया है। इन्होंने दल व राजनीति से ऊपर उठकर जनता की भावनाओं को प्राथमिकता दिया है। इनके विचारों से देश और मजबूत व एकजुट होगा। यहां के कुछ स्थानीय नेता अब भी रुकावट डालने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। खुदा वैसे लोगों को सद्बुद्धि दें। उन्होंने कहा कि बाईपास का सीमांकन पूर्व में कब्रिस्तान के बाहर से किया गया था, परंतु कुछ लोगों ने अपनी राजनीतिक लाभ के लिए मैप में बदलाव करा कर निर्माण कार्य को पेंचीदा बना दिया। इस कार्य में सफलता का पूरा श्रेय मंत्री नितिन गडकरी की विचारधारा एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रयास का है। इसमें गढ़वा के दोनों समाज के लोगों का भरपूर प्रयास रहा है।



## संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में कबीरदास पर सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा वर्तमान समय में कबीरदास की प्रासंगिकता विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संतोष कुमार मिश्र,मुख्य अतिथि जपला एके कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.आलोक रंजन कुमार,डॉ. श्याम मिश्रा,प्रो.राकेश कुमार शुक्ला,प्रो. शबनम निशा व प्रो.संतोष कुमार शुक्ल के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.संतोष कुमार मिश्रा व संचालन हिंदी विभाग के प्रोफेसर राकेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में आकांक्षा कुमारी सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में भी कबीरदास की प्रासंगिकता में कोई कमी नहीं आई है। आज भी उनकी प्रासंगिकता बरकरार है. डॉ आलोक रंजन ने कबीरदास की वाणी के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने के लिय प्रेरित किया.इसके अलावा प्रो.श्यामा मिश्रा, प्रो.शबनम निशा,छात्रा रेखा शर्मा,आकांक्षा कुमारी व नेहा कुमारी ने भी अपना - अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर प्रो.अजय ओझा, डॉ. प्रमोद कुमार, प्रो. त्रिपुरारी कुमार तिवारी, प्रो. राम जी चौबे, प्रो.ज्योति कुमारी, प्रो. के.के. चौबे, प्रो. शशिरंजन सिंह सहित कई छात्र-छात्रा मौजूद थे।



## एफपीओ कार्यालय में 50 प्रतिशत अनुदान पर धान व मक्का बीज का किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** किसान उत्पादक संगठन विष्णुवल्लभ ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के अहिरपुरवा स्थित कार्यालय में मंगलवार को 50 प्रतिशत अनुदान पर धान एवं मक्का बीज वितरण का शुभारंभ किया गया। बीज वितरण का शुभारंभ प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेष चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र कुमार पासवान, विधायक प्रतिनिधि विभूति भूषण चौबे ने संयुक्त रूप से किसानों को बीज प्रदान कर किया। इस मौके पर उपस्थित किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर धान के विभिन्न प्रजाति एवं मक्का का बीज प्रदान किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एफपीओ किसानों की आमदनी बढ़ाने में काफी मददगार साबित हो रहा है। अधिक से अधिक किसान एफपीओ से जुड़कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी तभी बढ़ सकती है जब खेती में लागत घटे और उत्पादित अनाज का उचित मूल्य किसानों को प्राप्त हो हो। सरकार सर्वप्रथम किसानों को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध करवाकर लागत को कम करने का कार्य किया है। एफपीओ के चेयरमैन बाबूलाल दुबे ने कहा कि एफपीओ से जुड़कर किसान सस्ते दर पर खाद एवं बीज प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर धान का हाइब्रिड 6444, पीएनपीएच 24, डीआरआरएच 2, आई आर 64 एवं मक्का एन एम एच 803 प्रजाति का बीज उपलब्ध है।



### ग्रीन राशन कार्ड धारियों का नवंबर -दिसंबर माह का मिलेगा राशन

## ग्रीन राशन कार्ड धारियों के राशन पॉकेट में छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झारखण्ड पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पीडीएस राशन दुकानों पर ग्रीन कार्ड राशन धारियों के लिए नवंबर -दिसंबर माह का राशन उपलब्ध हो गया है. जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा कि ग्रीन कार्ड राशन धारियों के लिए प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन का पैकेट उपलब्ध हुआ है. आगे उन्होंने कहा कि कोई भी पीडीएस डीलर राशन कार्ड धारियों को कम राशन देने या पॉकेट में छेड़छाड़ करने की हिमाकत करता है तो तत्काल प्रखंड कार्यालय को सूचित करें. ऐसे पीडीएस डीलरों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी. बताते चलें कि इन दिनों पांडू बीडीओ ग्रीन कार्ड राशन धारियों को मिलने वाले राशन को लेकर सजग हैं. पांडू प्रखंड में किसी तरह का पीडीएस राशन में कोई छेड़छाड़ ना हो इसके लिए सभी पीडीएस डीलरों पर पैनी नजर बनाए हुए।




## शांति व सौहार्द से मनाऐं बकरीद का पर्व : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई । इसकी अध्यक्षता बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने की जबकि संचालन एसआई निर्भय कुमार ने किया । बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि बकरीद का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाऐं । वहीं सीओ बासुदेव राय ने कहा कि कोई भी पर्व हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है । उन्होंने लोगों से सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की । एसआई निर्भय कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । इस अवसर पर एसआई शिवशंकर उरांव, रंजीत यादव,कृष्णा यादव ,महावीर एक्का, प्रकाश गुप्ता,रेणुका टुडू, एएसआई जितेंद्र कुमार,संजय कुमार सिंह समाजसेवी भोला गुप्ता, मुखिया उमेश साव ,लक्ष्मी विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, अतहर हुसैन, महादेव यादव,प्रमोद कुमार रवि, बुधन सिंह यादव,अरविंद पासवान, महताब शाहिल पंसस



## पांडू मध्य विद्यालय बीआरसी में रुआर, बैक टू स्कूल कैंपेन शुरू

### 6 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों को होगा पुन: विद्यालय वापसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झारखण्ड पलामू :** पांडू मध्य विद्यालय के सभागार कक्ष मे शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैंपेन की कार्यशाला का उद्घाटन पांडू प्रमुख प्रतिनिधि सह शिक्षक प्रदुम्न कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई.संचालन महबूब अली के द्वारा किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदुम कुमार सिंह, सीआपी अजय सिंह, राम बचन कुमार, अरविन्द विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम के विषय में विभागीय लोगों ने बताया कि 15 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में 6 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है. इस दौरान घर-घर जाकर ड्रॉपआउट बच्चों की जानकारी जुटाई जाएगी एवं उनका स्कूल में नामांकन कराया जाएगा. मौके पर अतुल जी बीआरजी , मनीष प्रसाद अकाउंटेंट, के अलावा अन्य कई लोगों उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीसीआर जवान को ऑनलाइन एक हजार रुपए देना पड़ेगा महंगा

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र के पीसीआर चार के पुलिस प्रशांत कुमार सिंह को एक युवक से ऑनलाइन एक हजार रिश्वत लेना अब महंगा पड़ सकता है। युवक रात ने इसकी शिकायत सिटी एसपी शुभांशु जैन से कर दी हैं। बताया जा रहा है कि बीते 24 जून देर धुर्वा थाना क्षेत्र की सीआइएसएफ के कैंप के समीप ब्रांच रोड के पास बैठे तीन युवकों को पकड़ा। उन्हें रात में यहां बैठने का कारण पूछते हुए थाने चलने को कहा। युवकों को छोड़ देने की बात करने पर पीसीआर जवानों ने एक हजार रुपए की मांग की। युवकों ने नकद रुपए नहीं होने की बात कही तो उन्हें पुलिसकर्मी प्रशांत कुमार सिंह के मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन कराकर एक हजार रुपए ऑनलाइन पेमेंट करा दिया गया। बाद में पीड़ित पंडरा निवासी विजय राज की शिकायत पर सिटी एसपी ने घूस की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करावा दिए। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने कहा है कि दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के लिए एसएसपी को इसकी जानकारी दे दी गई है।

### आजसू पार्टी 30 जून को राज्य में मनाएगी हूल दिवस

**रांची :** आजसू पार्टी 30 जून को पूरे राज्य में हूल दिवस मनाएगी। इस अवसर पर हर प्रखंड एवं जिला कार्यालय तथा रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। आजसू पार्टी श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से संताल हूल के महानायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो सहित सभी अमर शहीदों की संघर्ष गाथा को जन-जन तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने मंगलवार को कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की माटी है। इस वीरभूमि ने कभी भी बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया। जब-जब हमारे जल, जंगल, जमीन पर किसी ने अधिकार जमाना चाहा, तब-तब क्रांति का बिगुल फूंका गया।

# नियमितीकरण की नीति पर सही ढंग से कार्य नहीं हो रहा : हाई कोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत ने मंगलवार को नियमितीकरण की मांग को लेकर दाखिल सभी याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध कर 27 जुलाई को सुनवाई का निर्देश दिया है। अदालत ने चार इश्यू फ्रेम किए हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि वर्ष 2012 में नरेंद्र कुमार तिवारी के मामले में आए जजमेंट के बाद भी कई मामले हाईकोर्ट के समक्ष आ रहे हैं और सरकार नियमितीकरण की अपनी नीति पर सही ढंग से कार्य नहीं कर रही है। अब अदालत 27 जुलाई को इस मामले में सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल सिन्हा, प्रशांत पल्लव,सौरव अरुण और अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा। इस संबंध में



नितिन कुमार भगत समेत 100 से ज्यादा कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

**हाई कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार मामले में राज्य सरकार से मांगा जवाब**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने मंगलवार को जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई निर्धारित की है।

हाई कोर्ट ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डु गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई निर्धारित की है। इससे पहले पीड़िता की मां ने इन सभी को आरोपित बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी। ये अर्जी कोर्ट ने मंजूर करके सभी 22 लोगों को मामले में आरोपित बनाने और ट्रायल चलाने का आदेश दिया था।

यह मामला 19 जनवरी, 2018 का है जब पीड़िता ने अदालत में बयान दर्ज कराया था कि उसके साथ दो दर्जन लोगों ने दुष्कर्म किया है। इसके बाद डीएसपी और थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया गया था लेकिन पुलिस की जांच में दोनों अफसरों को क्लीन चिट दे दी गई थी।

तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सीआईडी जांच का भी आदेश दिया था, लेकिन सीआईडी ने भी इनको क्लीन चिट दी थी।

# तबरेज मौत मामले में दो रिहा, दस को सजा के बिंदुओं पर सुनवाई 5 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।:** सरायकेला खरसावां जिला के चर्चित एवं देश के संसद तक में गूंजने वाली घटना तबरेज अंसारी मौत मामले पर 27 जून 23 को एडीजे वन सरायकेला, अमित शेखर की अदालत में सुनवाई हुई। उक्त मामले के दो आरोपी सत्यनारायण नायक और सुमंत महतो को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में मामले से रिहा किया गया। मामले के अन्य 10 आरोपियों प्रकाश मंडल उर्फ पप्पू मंडल, भीमसेन मंडल, कमल महतो, मदन नायक, अतुल महाली, महेश महाली, विक्रम मंडल, चामू नायक, प्रेमचंद महाली और सुनामो प्रधान पर आरोप सिद्ध होते हुए फैसला को न्यायालय द्वारा सुरक्षित रखा गया है। जिसमें सजा के बिंदुओं पर आगामी 5 जुलाई को न्यायालय द्वारा सुनवाई करते हुए सजा सुनाये जाने की बात कही गई। बता दें कि सरायकेला थाना अंतर्गत धातकीडीह गांव में 17-18 जून वर्ष 2019 की रात तबरेज अंसारी की



पिटाई भीड़ द्वारा की गई थी, बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया था। वहां से तबरेज अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था, जिसके बाद सरायकेला मंडल कारा में उसकी तबीयत बिगड़ी थी और सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया इलाज के दौरान तबरेज अंसारी की मौत हो गई थी। मॉब लिंचिंग के रूप में चर्चित घटना रहा। इस संबंध में मृतक तबरेज अंसारी की पत्नी शाइस्ता परवीन की शिकायत पर मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें पुलिस अनुसंधान के क्रम में कुल 13 लोगों को आरोपी बना कर गिरफ्तार किया था। इस मामले के एक आरोपी कुशल महली का निधन हो चुका है। 302 के तहत सजा की मांग की गई थी, लेकिन धारा 304 लगा दिया गया,जिससे मृतक की विधवा पत्नी ने दुख जताया और 302 धारा लगाने की मांग की है।

# भूमि संरक्षण विभाग के तालाब गहरीकरण में गड़बड़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांके प्रखंड के ईचा पीढ़ी पंचायत के पीरु टोला में जदवा तलाब जो कि भूमि संरक्षण विभाग से गहरीकरण का कार्य होना था जिसमें फर्जी पानी पंचायत बनाया गया। पानी पंचायत के सभी सदस्यों को पानी मशीन दिया जाएगा ऐसा वादा किया गया और उनसे हस्ताक्षर कराया गया। पानी पंचायत के अध्यक्ष अफरोज आलम, सचिव अतीक अंसारी को ठेकेदार राजेश के द्वारा भूमि संरक्षण कार्यालय मैं बोला कर एक फाइल पर साइन कराया गया साथ ही बैंक में संयुक्त पासबुक खोला गया और उसी दिन इनको खाली 7 चेक बुक में साइन कराया गया और इन लोगों का मोबाइल नंबर बदल दिया गया। जैसे ही काम तलाब का शुरू हुआ 1 सप्ताह के अंदर ही उस संयुक्त खाता से 2400000 रुपए निकाल लिया गया ।पानी पंचायत के लोगों ने बैंक के पास जानकारी के लिए गए तो बैंक जानकारी देने से इनकार किया किसी तरह से कोशिश करने के बाद बैंक कर्मियों ने जानकारी दी और बैंक स्टेटमेंट दिया। जिसमें से 2400000 रुपए निकासी हो चुका है जबकि इससे पहले बैंक को पानी पंचायत में सूचना दिया था कि मेरी गैरहाजरी में में पैसा नहीं निकाला जाए ।उसके बाद उपायुक्त महोदय को भी लिखित दिया गया है । अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा कि खाली चेक में इसलिए हस्ताक्षर कर दिया कि हम लोगों को तालाब के गहरीकरण से मतलब था ।

# सड़क पर गड्ढा करने से आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 40 साल से रह रहे लोगो के आने जाने के रास्ते पर बड़े बड़े गड्ढे कर सड़क बन्द कर दिया गया, जिसके बाद आक्रोशित मुहल्ले वासी पंडरा-रातू मुख्य मार्ग को जाम कर प्रदर्शन करने लगे। यह घटना रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित दिप नगर कॉलोनी की है। जहां कुछ दिनों पहले जमीन मालिक द्वारा आने जाने के मार्ग पर ही गड्ढा कर आवागमन रोकने का प्रयास किया गया। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि दीप नगर कॉलोनी में आने जाने का यही मात्र मार्ग है, इसे भी बन्द करने की साजिश की जा रही है। लोगो ने बताया कि जमीन के वास्तविक



मालिक ने 1995 में ही 40 हजार रूपए में यह स्थान सड़क के लिए दी थी, जिसका एग्रीमेंट भी है, लेकिन अब उनके वंशज नही मान रहे है। इलाके में करीब 365 मकान है, यदि रास्ता बंद किया गया तो सभी प्रभावित होंगे। मामला बढ़ता देख पंडरा ओपी प्रभारी मौके पर पहुँचे एवं लोगों को समझ बुझा कर शांत कराया।

# पूर्व विधायक अमित महतो को भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सिल्ली के पूर्व विधायक और खातियानी पार्टी के नेता अमित महतो ने रांची सिविल कोर्ट के अपर न्याययुक्त प्रभात शर्मा की अदालत में मंगलवार को आत्मसमर्पण किया। इसके बाद कोर्ट ने अमित महतो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने, बिना अनुमति के सड़क जाम करने समेत कई आरोप लगाये गये हैं। इस केस में उन्होंने रांची सिविल कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें अग्रिम बेल देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में भी अग्रिम बेल के लिये याचिका दाखिल की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। बताते चलें कि इससे पूर्व में भी उस मामला दर्ज था जिसमें दो साल की सजा सुनाई गई थी, जिसमें उसकी विधायकी जाना तय था, लेकिन बाद में सजा कम कर एक साल कर दिया गया है।

# नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करेंगे तो कटेगा चालान : मधुसूदन मोदक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डेलीमार्केट थाना क्षेत्र में अगर आप अपनी दो पहिया या चार पहिया वाहन सड़क के किनारे कहीं भी खड़ा कर देते है तो सावधान हो जाएं। क्योंकि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने जहाँ तहाँ नो पार्किंग में अपनी वाहन खड़ी कर देने वालों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसी के मद्देनजर डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस व डेलीमार्केट थाना पुलिस द्वारा थाना के सामने से ऊर्दू लाइब्रेरी तक पैदल मार्च निकाला गया। इस दरम्यान थाना प्रभारी ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से सड़क किनारे नो पार्किंग जोन पर खड़े किए गए कई वाहनों का चालान काटा तथा सड़क किनारे लगे



ठेला/रिक्सा को भी सड़क से हटवाया गया। साथ ही उन्हें सड़क किनारे नो पार्किंग में दोबारा अपनी ठेला/रिक्सा नहीं लगाने की हिदायत भी दी गई। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि वाहन चालको की एक लापरवाही से न सिर्फ लोगों को परेशानी होती है बल्कि रोड जाम की समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। वाहनों को सड़क किनारे नो पार्किंग में ही खड़े करते है, गाड़ियों को जहाँ तहाँ खड़ी करने से न सिर्फ चालान कटा जाएगा बल्कि आपकी गाडी चोरी होने की भी संभावना बनी रहती है, इसलिए थाना प्रभारी मोदक ने आम लोगो से अपील किये कि आप अपनी गाडियो को निर्धारित स्टेण्ड में ही लगाए ताकि आपकी गाड़ियां सुरक्षित रहे।

इस अभियान में ट्रैफिक सअनि शशी केरकेट्टा, मुंशी एहशान अहमद, आरक्षी युगल किशोर प्रसाद, अलबर्ट मुर्मू आदि शामिल थे।

# देवघर सड़क श्रद्धालुओं को समर्पित मुख्यमंत्री का आभारः इरफान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जामताड़ा विधायक डा इरफान अंसारी ने कहा कि सड़क को लेकर काफी लंबे समय से प्रयासरत थे। ग्रामीणों ने इस सड़क को लेकर कई बार विधायक के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा था। सड़क खराब होने के कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित रहता था। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थी जिसे लेकर विधायक ने पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द ही सड़क के निर्माण कराने वादा किया था।अपने वादे अनुसार विधायक ने इतनी बड़ी सड़क का स्वागत जामताड़ा वासियों के दिया। मौके पर विधायक इरफान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें धन्यवाद दिया और कहा की इस सड़क को लेकर मैं रघुवर दास की सरकार के समय से ही लगा हुआ था। परंतु पिछली सरकार ने जनता की इतनी बड़ी मांग को पूरा नहीं किया। आज समस्त जामताड़ा वासियों की तरफ से मैं आपको धन्यवाद देता हूं।श्रद्धालुओं को देवघर जाने के लिए लगभग 25 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी। श्रद्धालुओं को समर्पित करता हूं।

### मारपीट में युवक घायल,एफआईआर दर्ज

**रांची :** आदर्श नगर में एक युवक के साथ मारपीट का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में अमर कुमार ने गोलू कुमार और उसके भाई अजय कुमार के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि अमर कुमार दूध लेने के लिए घर से गए थे। लौटने के क्रम में गोलू कुमार ने नशे में अपने दोस्तों के साथ अमर कुमार से पैसा छिनने लगे। पैसा नहीं देने पर उसके साथ मारपीट की। इसी क्रम में गोलू का भाई अजय भी पहुंच गया और दोनों ने मिलकर अमर के साथ मारपीट की। साथ ही लोहे के हथियार से हाथ में मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए।

# नशा से संबंधित कोई भी सूचना गुप्त रखी जायेगी : एसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची में सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान के तहत मैन रोड स्थित होटल केन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी डॉ असलम परवेज ने किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में नशा के कारोबारियों पर हर तरह से नकेल कसा जाएगा।नशा सारे बुराइयों का जड़ हैं इसे मिलकर खत्म करना होगा। यह किसी अकेले की बस की बात नहीं है। इस मौके पर रांची के




सिटी एसपी सुभांशु जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी समाजसेवियों ने अपने अपने सुझाव दिए इनसे हमें अपेक्षा है कि आप नशा से संबंधित कोई भी सूचना गुप्त रूप से हमें दें। पुलिस इस पर कड़ी कार्रवाई करेगी। नशा मुक्ति सिर्फ पुलिस का नहीं हम सभी की जिम्मेदारी है तभी रांची शहर नशा मुक्त हो पाएगा। मौके पर बोलते हुए रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमॉ ने कहा कि इस गोष्ठी से निकलकर जो बातें आई है उसे आगे लेकर जाने की जरूरत है। पहले हमें अपने घर से शुरुआत करनी होगी, फिर समाज का। आपको कहीं कुछ नज़र आए पुलिस को सूचना दे, पुलिस उसपर कार्रवाई करेगी। इस मौके पर जय सिंह यादव, अकील उर रहमान, अजीत सहाय, सैयद नेहाल अहमद, परमजीत सिंह, अशरफ, पप्पू गद्दी, मंजर इमाम, एस अली, अजीत सिंह, औरंगजेब खान, मोइज अख्तर भोलू, फिरोज, राशिद हुसैन, गुलाम अली, अब्दुल खालिक नन्हू, सन्नी, सज्जाद, हाजी साहेब अली, मो शब्बीर, सहित कई लोग मौजूद थे।


बाहानगा बजार (बालासोर) रेल दुर्घटना में हताहतों के सभी रिश्तेदारों/निकट संबंधियों के लिए सूचना

भारतीय रेल हाल ही में बाहानगा बजार, जिला बालासोर (ओडिशा) में 02.06.2023 को 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 एसएमवीबी हावड़ा एक्सप्रेस में हुई रेल दुर्घटना के हताहतों के रिश्तेदारों/निकट संबंधियों से आग्रह करती है कि वे आगे आएं और अभी तक अज्ञात हताहतों के साथ अपनी पहचान एवं संबंध सुनिश्चित करने के लिए डीएनए के नमूने दें।

स्थान
अकादमी ब्लॉक (कमेटी रूम),
AIIMS, भुवनेश्वर

कृपया निम्नलिखित रेलवे कर्मियों से संपर्क करें

139
रेल-मदद नंबर

श्री दिगंबर पाढ़ी, सहायक कार्मिक अधिकारी,
मोबाइल – 8455887604

श्री बिश्वनाथ पाढ़ी, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक,
मोबाइल – 8455885967

श्री बी. तपन कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल – 8455885040

श्री विकास कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल – 8455885041

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर सहायता हेतु : 0674 - 2534027

पूर्व तट रेलवे कंट्रोल रूम, भुवनेश्वर पर सहायता हेतु : 8455885999

खोरधा रोड स्टेशन पर सहायता हेतु : 8455887999

भारतीय रेल

(PR-300)

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, बुधवार, 28 जून 2023 | पेज 4

## डीडीसी ने की कई योजनाओं की समीक्षा, दिये कई आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** प्रखंड सभागार मरकच्चो में मंगलवार को उप विकास आयुक्त कोडरमा ऋतुराज ने मरकच्चो प्रखण्ड में चल रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की। इसमें मनरेगा योजना,आवास योजना, कार्य का निरीक्षण बैठक कर किया। एक एक पंचायत की जानकारी ली। बैठक के दौरान



आवास योजना मनरेगा योजना से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये गये।उन्होंने बिरसा हरित क्रांति योजना 2 पर अधिक फोकस करने का निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने जिला परिषद के द्वारा ब्लॉक चौक पर नए दस दुकान बनवाने का निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने जिला परिषद से मरकच्चो बाज़ार में किये जा रहे कार्यो का भी निरीक्षण की।उन्होंने बाज़ार की सरकारी जमीन का जो अतिक्रमण किया है उसे जल्द ही खाली करवाने का निर्देश दिये ।पूछे जाने पर बताये कि मरकच्चो प्रखण्ड का परफॉरमेंस अच्छा है। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पप्पु रज्जक, सी ओ रामसुमन प्रसाद,बीपीओ राकेश रंजन, राजेश कुमार, जे ई जागेश्वर उरांव, प्रमोद कुमार समेत सभी पंचायत सेवक,रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## समाधान केंद्र में प्रधानमंत्री का संवाद कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के समाधान कार्यालय में मंगलवार के दिन प्रधानमंत्री जी के संवाद कार्यक्रम को भाजपा सिल्ली मंडल के समाधान कार्यालय के तत्वधान में सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू के अध्यक्षता में मंडल के बूथ अध्यक्ष तथा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के बीच प्रधानमंत्री जी का संवाद को



सुना गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि संबोधन के जरिए प्रधानमंत्री जी से काफी कुछ सीखने को मिला। इस मौके पर प्रधानमंत्री जी का प्रेरणा स्रोत बातों को समझते हुए तथा उनसे प्रभावित होकर कुछ नए युवा लड़के भी भाजपा में सक्रिय सदस्यता ग्रहण किये। सभी लड़कों को भाजपा का पट्टा और टोपी पहना कर भाजपा का सदस्यता ग्रहण करवाया गया। मंडल अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि नए लड़कों का जोश और उमंग देखकर पता चलता है की सिल्ली मंडल में बहुत बड़ी संख्या में आने वाले दिन में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## सरला बिरला सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आज दिनांक 27 जून 2023 को भारतीय जनता पार्टी मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद को पूरे भारत में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा सभी मंडलों से चयनित कुछ राज्यों से चयनित कार्यकर्ताओं के सवालों का जवाब आदरणीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा मध्यप्रदेश के इंदौर शहर यह कार्यक्रम की गई। जिसका लिंक के द्वारा पूरे देश में साझा की गई । आज भाजपा टाटीसिलवे मंडल के आरा पंचायत के अंतर्गत सरला बिरला सभागार में आज के यह कार्यक्रम देखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष नेता बाबूलाल मरांडी जी एवं प्रदेश के महामंत्री आदरणीय डॉ प्रदीप वर्मा जी की उपस्थिति में टाटासिलवे मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर यह कार्यक्रम देखा गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी ने किया एवं संचालन अमित चरण जी प्रदेश दस्तावेज विभाग ने किया इस कार्यक्रम में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे राजेश यादव प्रदेश ओबीसी मोर्चा सह मीडिया प्रभारी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो , महामंत्री अमित कुमार मिश्र ,सिदाम सिंह मुंडा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मुक्तिनाथ मिश्र पूर्व मंडल अध्यक्ष ,श्रीमती माधुरी देवी ग्रामीण जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष , उपाध्यक्ष राणा दिनकर सिंह , दशहरा समिति अध्यक्ष बृजेश सिंह, महेंद्र महतो वरिष्ठ कार्यकर्ता, श्रीमती सविता देवी मंत्री, मुखिया बड़ाम कृष्णा लोहरा पूर्व मुखिया चतरा सोहन मुंडा , किसान मोर्चा अध्यक्ष वु गोवर्धन महतो , अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष रामचरण पहान, केडी शर्मा वरिष्ठ कार्यकर्ता, केसी सिंह बूथ अध्यक्ष, एव सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## बकरीद को लेकर कोयलांचल के मस्जिदों में नमाज के लिए हुई समय की घोषणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम समुदाय का त्योहार ईद उल अजहा बकरीद को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा करने को लेकर संबंधित अंजुमन कमेटी के द्वारा समय की घोषणा कर दी गई है।जानकारी के अनुसार बचरा जामा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे,राय जामा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे,नूरी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 7:00 बजे,बड़ी मस्जिद कल्याणपुर में सुबह 6:30 बजे,न्यूमंगरदाहा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे,बहेरा ईदगाह में सुबह 7:00 बजे, पुरानीराय



मस्जिद में 7:30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।संबंधित अंजुमन कमेटी के लोगों ने क्षेत्र के लोगों से समय से पूर्व उपस्थित होकर ईद की नमाज अदा करने की अपील की है। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में ईद उल अजहा बकरीद त्यौहार को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह के बाहर पुलिस बल के जवानों को सुरक्षा में तैनात किया जा रहा है।इसके अलावा शरारती तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी हुई है।किसी भी प्रकार के अफवाह और धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है।त्योहार से पूर्व पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ इलाके का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

## खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य सामग्री को बनाते समय किसी तरह का मिलावट न करें

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी द्वारा सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया गया है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रावधान के अनुसार सभी खाद्य कारोबारी को निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना है।

अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया है कि सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ से संबंधित खाद्य कारोबारी जैसे (होटल, भोजनालय, रोस्टोरेन्ट, पानी विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, वितरक, प्रदायक, भंडारक, उत्पादक, खुदरा बिक्रेता, ठेला-खोमचा, मटन/चिकन/मछली बिक्रेता, मेडिकल, आईसक्रीम फैक्टरी, कैंटिन, मिठाई दुकानदार, परिवाहक, फल-सब्जी बिक्रेता, सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था (आवासीय स्कुल, कॉलेज, हॉस्पीटल आदि) में संचालित कैंटिन इत्यादि के संचालक/मालिक/प्रोपराईटर आदि का खाद्य रजिस्ट्रेशन/खाद्य अनुज्ञप्ति का होना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन/अनुज्ञप्ति के किसी भी खाद्य वस्तु (पेय पदार्थ सहित) का विनिर्माण, विक्रय, भंडारण, वितरण या आयात करना दण्डनीय अपराध है, जिसके तहत् 6 (छह) मास तक का कारावास तथा एक लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है।

सभी खाद्य कारोबारी को बताया है कि सरसों तेल में किसी भी अन्य खाद्य तेल की मिलावट/ब्लेंडिंग प्रतिबंधित है, साथ ही ब्लेंडेड सरसों तेल की बिक्री भी पूर्णतः प्रतिबंधित है। खाद्य पदार्थ में एक्सपाइरी डेट, मैन्यूफैक्करिंग डेट, बेस्ट बीफोर, बैच नंबर, एफएसएसएआई नंबर आदि प्रोडक्ट के पैकेज में जरूर लिखा हुआ होना चाहिए। खाद्य रंगो का प्रयोग सीमित मात्रा मे करें। अखाद्य रंगों का प्रयोग न करें। खाद्य सामग्री के निर्माण में हमेशा स्वच्छ पेयजल का प्रयोग करें और बर्तन का सफाई रखें एवं व्यक्तिगत सफाई का ध्यान देना है और ढक्कन युक्त कुड़ेदान का प्रयोग करना है, रसोई घर एवं भण्डार पर पूर्णता साफ-सफाई रखना है।

मिठाई दुकान, होटल रेस्टुरेन्ट, ठेला आदि को सूचित किया गया है कि मिठाई/नमकिन आदि बनाने के दौरान प्रयोग किये गये तेल को एक या दो से अधिक बार प्रयोग ना करें। साथ ही साथ सभी खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य सामग्री को बनाते समय जैसे-मिठाई, खोआ, पनीर, दूध, घी आदि में किसी तरह का मिलावट न करें।

खाद्य कारोबारीयों को बताया गया है कि किसी भी खाद्य पदार्थ के जाँच के पश्चात् जाँच रिपॉर्ट अवमानक पाये जाने पर धारा 51 के तहत 5,00000 (पाँच लाख) रूपये तक का जुर्माना है, मिथ्या छाप पाये जाने पर धारा 52 के तहत 3,00000 (तीन लाख) रूपये तक का जुर्माना तथा असुरक्षित पाये जाने पर धारा 59 के तहत जुर्माने के साथ 6 (छः) मास तक सजा का प्रावधान है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त, राँची, झारखण्ड के आदेषानुसार किसी भी प्रतिष्ठान में प्रतिबंधित पान मसाला पाए जाने पर भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं कोटपा 2003 के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत् कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा खाद्य कारोबारीयों को सूचित गया है वैसे खाद्य कारोबारीय (जैसे होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा, बेकरी, आईस्क्रीम फैक्ट्री आदि) जहां खाद्य पदार्थ को बनाने में पानी को प्रयोग होता हो एनएबीएल एक्रिडीटेड लैब से पानी का जाँच रिपॉर्ट अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15(पंद्रह) दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी जार द्वारा पानी बिक्रेता खाद्य अनुज्ञप्ति/निबंधन लेकर एनएबीएल एक्रिडीटेड लैब से पानी की जाँच रिपॉर्ट अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15(पंद्रह) दिनों के अन्दर जमा करना सुनिष्चित करेंगे। अन्यथा उनके खिलाफ एफएसएस एक्ट 2006 के सुसंगत धारा के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

खूँटी जिला के सभी खाद्य कारोबारीयों को निर्देशित किया गया है कि जो अब तक एफएसएसएआई द्वारा प्रदत्त रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस नहीं लिया है, वे यथाषीघ्र रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस धारण करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस हेतु एफएसएसएआई के website www.foscos.fssai..gov.in का सहायता प्राप्त किया जा सकता है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को बीआईटी मेसरा में किया गया स्वागत

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड की सबसे तेज दौड़ने वाली हाई स्पीड ट्रेन रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल से ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



इस मौके पर मेसरा रेलवे स्टेशन से भाजपा ज़िला कार्य समिति यूवा मुर्चा सदस्य लीलावती महतो ने भी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। और भाजपा नेताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर और फूलों की वर्षा कर ट्रेन का स्वागत किया। ज्ञात हो कि ट्रेन मेसरा, बरकाकाना, हजारीबाग, कोडरमा और गया स्टेशन होते हुए पटना पहुंची। मौके पर मुख्य रूप से लीलावती महतो,पूजा सिंह, सोनू भारती, रानी देवी, हेमा देवी बविता देवी

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा तृतीय से कक्षा दसवीं तक के करीब 550 छात्र छात्राऐ शामिल हुए।इस संबंध मे विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने बताया कि अच्छे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए शरीर की साफ-सफाई के साथ-साथ



वातावरण की साफ-सफाई आवश्यक है। ड्राइंग एवं पेंटिंग के माध्यम से बच्चों में एकाग्रता, रचनात्मकता,क्रियाशीलता जैसे गुण विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। स्कूल के बच्चे कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश देते हैं।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाऐ और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में झमाझम बारिश के साथ मौसम हुआ सुहाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में झमाझम बारिश के साथ मौसम काफी सुहाना हो गया है।मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को कोयलांचल क्षेत्र में बादल छाए रहने और कुछ इलाकों में बूंदा बांदी हुई,लेकिन शाम से तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने के बाद कोयलांचल के लोगों को भीषन भरी गर्मी से राहत मिली है।बारिश के साथ ठंडी हवाओं से मौसम काफी खुशनुमा हो गया है।इससे पूर्व बारिश नही होने से उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था,लेकिन अचानक मौसम ने अपना रुख बदलते हुए तेज हवाओ के साथ झमाझम बारिश हुई।मूसलाधार बारिश के बाद क्षेत्र के सभी सड़कों पर जल जमाव देखा गया।वहीं ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ो का अंबार लग



गया है।पिपरवार क्षेत्र के बहेरा कल्याणपूर मुख्य मार्ग पर जल जमाव से लोगो की परेशानी बढ़ गई है।इस सड़क का निर्माण कार्य पुरा नही होने से जगह जगह गड्डो मे पानी भर गया है।इधर बारिश के कारण पिपरवार क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी सहित ग्रामीण इलाकों में घंटों बिजली गुल रही,जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई।

## अल्टीमेट फिटनेस ने सिंगपुर लायंस को हरा मैच जीता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** हिंडालको स्टेडियम परिसर में आठवां एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सोमवार को सिंगपुर लायंस बनाम अल्टीमेट फिटनेस के बीच खेला गया जिसमें सिंगपुर लायंस ने टॉस जीता और रणक्षेत्र करने का निर्णय लिया। अल्टीमेट फिटनेस ने खेल का उम्दा प्रदर्शन करते हुए 11.4 ओवर मैं 137 रन बनाते हुए 10 विकेट खोया तथा अपने विपक्षी टीम को 138 रन बनाने का लक्ष्य दिया परंतु सिंगपुर लायंस पूरी 12 ओवर खेलते हुए केवल 128 रन बनाते हुए 8 ओवर खोया। अल्टीमेट फिटनेस 9 रन से विजई रहा तथा वेस्ट कैच का खिताब रोहित को मिला तथा चंदन दत्ता ने सबसे ज्यादा छक्का मारने का खिताब हासिल किया। मैन ऑफ द मैच दीपक को दिया गया एवं आयोजन समिति के द्वारा विजयी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## आधार निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आधार परियोजना के तहत जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में आधार परियोजना से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने डीपीओ यूआईडी को निर्देश दिए कि जिले के सभी बिरहोर टोला में आधार कैंप लगाकर सभी बिरहोर का आधार कार्ड बनायेंगे ताकि उन्हें सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड में आधार सेवा केंद्र खोलने के लिए स्थल चिन्हित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिये कि 18 वर्ष आयु के लोगों के बने आधार कार्ड का क्षेत्र भ्रमण कर सत्यापित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से निदेशक डीआरडीए भागीरथ प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव व अन्य मौजूद रहे।

## स्टेशन पर ट्रेन से गिरी महिला, इलाज के दौरान मौत

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जालियांवाला बाग एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला कोडरमा स्टेशन पर उतरने के दौरान सोमवार की देर शाम असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे गिर गई। जिसके बाद ट्रेन के यात्रियों ने चेन पुलिंग कर गाड़ी को रोका। इस दौरान स्टेशन ड्यूटी में तैनात रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की टीम एवं अन्य रेल कर्मियों के द्वारा तत्काल महिला को ट्रेन के नीचे से निकाला गया और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। घायल महिला ने अपना नाम किरण देवी उम्र 45 वर्ष पति राजू साव कोडरमा थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी निवासी बताया। मिली जानकारी के अनुसार महिला पटना से गया तक एक यात्री ट्रेन से पहुंची इसके बाद गया में जालियांवाला बाग में सवार होकर कोडरमा आ रही थी। हालांकि कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद उन्हें इसकी जानकारी नहीं मिली। जब ट्रेन स्टेशन से खुल रही थी उसी समय महिला ने हड़बड़ी में ट्रेन से उतरने का प्रयास किया। जिसके बाद वह असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे गिर गई थी। वहीं सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज के दौरान सोमवार की देर रात महिला की मौत हो गई। जिसके बाद इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को दे दिया गया है।

## मडुवा की उन्नत खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मरकच्चो(प्रभात मंत्र संवाददाता):**प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को मडुवा की उन्नत खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मडुवा के अंतरराष्ट्रीय वर्ष 2023 के तहत मडुवा की खेती करने हेतु बढ़ावा तथा मडुवा की खेती वैज्ञानिक ढंग से करने की सलाह दी गई। मडुवा प्रसंस्करण इकाई के बारे में भी विस्तार से किसान दीदियों को बताया गया। मौके पर उपस्थित कोडरमा उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि झारखण्ड में धान की फसल के बाद दूसरा मडुवा की खेती बड़े पैमाने पर की जा सकती है। लेकिन लोग पुराने पद्धति से खेती कर प्रति हेक्टेयर 5 से 10 क्विंटल प्राप्त कर पाते हैं। वही आधुनिक ढंग से खेती करने पर प्रति हेक्टेयर 15 से 20 क्विंटल मडुवा की उपज की जा सकती है और धन उपार्जन किया जा सकता है। मडुवा एक औषधि भी है जिसे सभी लोग उपयोग कर सकते हैं। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप मीणा, प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पु रज्जक ,डी.एल.एम जेएसएलपीएस बी.पी.एम , जेएसएलपीएस, कुमार गौरव (ग्रांट थार्नटन भारत) बीटीएम मरकच्चो निलेश कुमार ,प्रदीप सिंह (एफ. टी . सी) मौजूद रहे।

## जिला पशुपालन कार्यालय, राँची।

**-: आम सूचना :-**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक – 10 रा० (वि), दिनांक – 14.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए राँची जिला के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य सभी वर्ग के लाभुकों के लिए ए०पी०एल०/बी०पी०एल० वर्ग के सभी महिला पुरुष लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों जिसमें असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दंपत्ति (उम्र कम से कम 50वर्ष हो) महिला, पुरुष को प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डो के प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी के नाम से आमंत्रित किया जाता है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रं०सं० | योजना का नाम | योजना की लागत (राशि रुपये में) | अनुदान प्रतिशत | अनुदान की राशि अधिकतम (राशि रुपये में) | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरी इकाई (4 मादा+1नर) | 24800/– | 90% अधिकतम | 22320/– | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो ) |
| | | | 75% अधिकतम | 18600/– | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 2 | सूकर इकाई (4 मादा +1 नर) | 57800/– | 90% अधिकतम | 52020/– | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो ) |
| | | | 75% अधिकतम | 43350/– | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 3 | बैकयार्ड लेयर 400 लेयर चूजा (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना | 118200/– | 90% अधिकतम | 106300/– | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो ) |
| | | | 75% अधिकतम | 88650/– | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन (500 ब्रायलर चूजा) की योजना | 67500/– | 90% अधिकतम | 60750/– | अनु०ज०जा०/अनु०जा०/ असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो ) |
| | | | 75% अधिकतम | 50625/– | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण की योजना (अण्डा उत्पादन हेतु) | 1700/– | 90% अधिकतम | 1530/– | प्रति लाभुक 15 बत्तख चुजा वितरण, अनु०ज०जा० / ए०पी०एल०/ बी०पी०एल० अनु०जा० /असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पत्ति (उम्र कम से कम 50 वर्ष हो ) |
| | | | 75% अधिकतम | 1275/– | अन्य सभी वर्ग के लाभुको को |

**पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्तें :–**

1. ग्राम का चयन कलस्टर के आधार पर किया जाएगा।
2. योजना का लाभ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य सभी वर्ग के लाभुकों के लिए ए०पी०एल०/बी०पी०एल वर्ग के सभी महिला पुरुष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के तौर पर दिया जाएगा। जिसमें बी०पी०एल वर्ग के महिलाऐं/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दंपति का चयन नियमानुसार किया जाएगा।
3. सभी योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप ग्रामों का चयन प्रखंड स्तरीय चयन समिति की अनुसंशा के उपरांत उपायुक्त, राँची की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय अनुमोदन समिति द्वारा अंतिम रूप से चयन किया जाएगा।
4. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा, चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है :–
   - क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो, इस संबंध में लाभुक को आवासीय, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
   - ख) चयन प्रक्रिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्रथमिकता दी जाएगी।
   - ग) विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
   - घ) बकरा विकास योजना, सूकर विकास योजना के अंतर्गत 10–20 इकाईयों के कलस्टर एव अण्डा उत्पादन/ब्रायलर के लाभुको का चयन 5–5 इकाइयों के कलस्टर में किया जाएगा।
5. पशुपालन योजना के अंतर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान द्वारा किया जाएगा।
6. योजना/कार्यक्रम अंतर्गत पशु पक्षी के निवास के लिए पशु पक्षी शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण से किया जाएगा।
7. पशु पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जाएगा।
8. योजना अंतर्गत दवा, मिनरल मिक्सचर सामग्री एवं उपकरण आदि हेतु अनुदान की राशि निदेशालय द्वारा निर्धारित इकाई दर, विशिष्टियों एवं योजना के आलोक में लाभुकों को उपलब्ध कराया जाएगा। अनुदान की राशि क्लेम बिल के आधार पर जिला के पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरान्त उपलब्ध करायी जाएगी।
9. योजना के तहत चयनित प्रत्येक लाभुक का Escrow Account/ Dedicated Bank Account संबंधित DAHO के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुक को भी अपना स्वयं का अंशदान एक माह के अन्दर Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
10. संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी इच्छुक पशुपालक से आवेदन ग्राम सभा से अनुसंशा के साथ प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, राँची कार्यालय में निर्धारित तिथि 30.07.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
राँची।

PR 300976 (Animal Husbandry) 23-24 (D)

## भाजपा सोनारी मण्डल ने पीएम मोदी के वर्चुअल सम्बोधन को सुना



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यक्रम महा जनसंपर्क अभियान के अंतिम पड़ाव पर आज भाजपा के सभी बूथ अध्यक्ष से वर्चुअल रूप से पीएम मोदी जुड़े और कार्यकर्ताओं को बूथ पर समाज सेवा करने की सलाह देते हुए 2024 की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी सीपी क्लब में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपाल लहरी, प्रदीप सिंह, नारायण प्रसाद, किशोर साहू, सतेंद्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, संजय, दिपक नाग, सरिता लाल, शुशील हेसा,आशिष जयसवाल, वंटी सिंह, निरज प्रसाद, काजल मुखर्जी, राहुल,आशा देवी एवं पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता शामिल थे।

## टीवीएस का इलेक्ट्रिफिकेशन सफर और अधिक मजबूत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दोपहिया और तिपहिया वाहनों की विश्व स्तर पर एक प्रतिष्ठित विनिर्माता, टीवीएस मोटर कंपनी ने सस्टेनेबल फ्यूचर मोबिलिटी सोल्यूशन्स के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना जारी रखा है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के भारत सरकार के दृष्टिकोण और देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से अपनाने और समग्र इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को सक्षम बनाने के टीवीएस मोटर के प्रयासों के अनुरूप यह कदम उठाया गया है। अपने इलेक्ट्रिफिकेशन सफर में टीवीएस आईक्यूब ने पिछले वित्तीय वर्ष में अपनी स्कूटर्स की श्रेणी में 1,00,000 यूनिट्स की बिक्री का पड़ाव पार किया है। टीवीएस मोटर्स की ग्राहक केंद्रित रहने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, कंपनी टीवीएस आईक्यूब के उन उपभोक्ताओं के लिए एक लॉयल्टी बेनिफिट प्रोग्राम प्रस्तुत करेगी, जिन्होंने 20 मई, 2023 तक बुकिंग की है। यह योजना सीमित अवधि तक ही लागू रहेगी।



## श्री श्री रंकिणी मंदिर कदमा में विपतारणी देवी की पूजा मनाया गया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री रंकिणी मंदिर कदमा में विपतारणी देवी की पूजा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उक्त अवसर पर रंकिणी मंदिर में हजारों की संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। मौके पर रंकिणी मंदिर के महासचिव जनार्दन पाण्डेय, अध्यक्ष दिलिप दास एवं उपाध्यक्ष के.जी. गोविन्द, ने बताया कि विपतारणी देवी माँ दुर्गा का ही स्वरूप है। ऐसी मान्यता है कि माँ दुर्गा के स्वरूप अर्थात् विपतारणी देवी की पूजा से पूरे वर्ष भर माँ विपतारणी की कृपा से उनके भक्तों पर कोई संकट नहीं आती है। इस पूजा को विशेष कर बंगाली समुदाय के महिलाएँ पूजा करतीं है। इस दौरान उपवास रहकर माँ विपतारणी की कथा सुनकर लाल धागे महिलाएँ अपने बाएँ हाथ पर और पूरूष दाएँ हाथ में बाँधते हैं। उक्त अवसर पर रंकिणी मंदिर के वरिष्ठ सदस्यों जैसे ए.आर.डे, पी.के. सिंह, पाण्डु जी, संजय कुमार, सुभाष कुमार सिंह, मनोज, हरभजन सिंह, आर.एम.पी. सिंह, दिपक विश्वास, एन. कुमार, सतीष का काफी योगदान रहा।

## भाजपा सभी मंडलों में आयोजित हुआ मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का लाइव प्रसारण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के भोपाल से देश भर के 10 लाख बूथ के लाखों कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जहां उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को मजबूती से काम करने का मूल मंत्र दिया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्यरूप से मौजूद रहे। इस ऐतिहासिक अभियान का भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत सभी 28 मंडलों में सीधा प्रसारण देखने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। महानगर के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़े एलईडी स्क्रीन एवं टेलीविजन के माध्यम से मेरा बूथ-सबसे मजबूत कर्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। जिसमें पार्टी के वरीय नेतागणों के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम से पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि बूथ कमेटी विजय की जननी होती है। जो जननी होती है उसकी हिफाजत करना भी जरूरी होता है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ता बूथों की मजबूती एवं सशक्तिकरण की दिशा में मजबूती से कार्य करें। जमशेदपुर महानगर के विभिन्न मंडलों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, राजेश शुक्ल, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार,समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर साफ सफाई के संदर्भ में बैठक का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बकरीद को लेकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है इस संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा कार्यालय में बैठक कर सभी नगर प्रबंधकों नगर मिशन प्रबंधक के बीच टीम का गठन किया गया है। बकरीद को लेकर सभी सफाई संवेदक को अलर्ट किया गया है एवं पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मी लगाकर मस्जिद के आसपास के क्षेत्रों का साफ सफाई का कार्य 24 घंटे के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है बावान गोडा, बारी मस्जिद, ईदगाह मस्जिद, मुंशी मोहल्ला मस्जिद , खनका मस्जिद एवं अन्य मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है एवं स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जा रहा है। आज नगर प्रबंधको के द्वारा विभिन्न मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। साथ ही मस्जिदों के आसपास की नालियों के भी साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। जिला उपायुक्त महोदया के दिए निर्देश के आलोक में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा निरंतर नगर निगम क्षेत्र के आजाद नगर ,जवाहर नगर, जाकिर नगर, चेपापुल ,मुंशी मोहल्ला, गरीब नवाज कॉलोनी, पुरुलिया रोड आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

# नशाखुरानी गिरोह ने ईईएसएल के सुपरवाइजर को बेहोश कर 50 हजार नकद व मोबाइल लूटा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** बीते सोमवार की देर शाम नशाखुरानी गिरोह द्वारा गम्हरिया में सुवर्णरिखा एक्सप्रेस ट्रेन से धनबाद से लौट रहे आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगा रही ईईएसएल कंपनी के सुपरवाइजर अजय कुमार तिवारी को बेहोश कर लूट लिया गया। रात्रि करीब दो बजे टाटानगर के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर जीआरपी को वे बेहोशी हालत में मिले। वे मूल रूप से चाईबासा के रहने वाले हैं। उनके परिजनों ने बताया कि वे सोमवार को उक्त ट्रेन से धनबाद से टाटानगर लौट रहे थे। बताया गया है कि उन्होंने अंतिम बार ट्रेन से कांड्रा पहुंचने पर अपने परिजन से बात की थी। उसके बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था जिससे परिजन परेशान हो गए। तत्पश्चात उन्होंने तत्काल कांड्रा जीआरपी में इसकी शिकायत की। जीआरपी द्वारा लापता अजय के मोबाइल नंबर को ट्रैक पर डालकर खोजबीन शुरू की गई तो उनका लोकेशन आदित्यपुर मिल रहा था। देर रात तक जीआरपी और परिजनों द्वारा उनकी तलाश की जा रही थी। उसके बाद टाटानगर जीआरपी ने अजय कुमार तिवारी को टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन से रात करीब दो बजे बेहोशी की अवस्था में बरामद किया और उसकी सूचना कांड्रा जीआरपी को दी। इसके बाद कांड्रा जीआरपी परिजनों के साथ टाटानगर जाकर अजय को बरामद कर अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे अजय जब होश में आए तो उन्होंने बताया कि उनके पास 50 हजार रुपया था जो गायब है। साथ ही 39 हजार रुपए का सैमसंग मोबाइल भी गायब है। बताया कि गम्हरिया स्टेशन के पास एक व्यक्ति ने उन्हें चाय पिलाई थी। उसके बाद वे बेहोश हो गए और बाद का उन्हें कुछ याद नहीं है।



## रुक-रुक कर बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** बीते सोमवार दोपहर से हो रही रुक-रुक कर बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं, मंगलवार सुबह से हो रही वर्षा के कारण गम्हरिया व इसके आसपास के क्षेत्रो का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस हो गया है वर्षा के कारण आम जनजीवन पर भी असर पड़ा है। वर्षा नहीं होने से जहां बून्द बून्द पानी को तरस रहे लोगों को राहत मिली है, वहीं खेतों में पड़ रहे दरारों से किसानों के माथे पर जो चिंता की लकीरें खींच गई थी वह चेहरे की मुस्कुराहट में बदल गई है। हालांकि, मंगलवार को लगातार हो रहे बारिश के कारण गम्हरिया बाजार में लगने वाले हाट पर इसका प्रभाव पड़ा है। इस हाट में जहां लोगों की भीड़ जमी रहती थी वहीं, आज बाजार खाली नजर आया। बारिश के कारण लोग अपने अपने घरों में रहकर ही मानसून की पहली वर्षा का आनंद लिया। इधर, पहली बारिश में ही क्षेत्र की कई कच्ची कीचड़मय हो जाने से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



## प्रोजेक्ट परख पढ़ाई व खेल: दिघी-भूला हाईस्कूल में साप्ताहिक टेस्ट के प्रथम तीन छात्र पुरस्कृत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पूर्वी सिंहभूम जिले की उपायुक्त विजया जाधव के दिशा-निर्देश एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार की पहल पर बोड़ाम प्रखंड के प्लस 2 दिघी भूला उच्च विद्यालय में प्रोजेक्ट परख पढ़ाई और खेल के तहत गणित विषय का साप्ताहिक टेस्ट में प्रथम स्थान मनीषा, कोनिका, जयंती, ऋतु, पमिला, खिरोद, धनंजय और रमेश ने प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कलम देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर सभी छात्र-छात्राएं काफी खुश दिखे। गौरतलब हो कि प्रोजेक्ट परख पढ़ाई और खेल के तहत हर शनिवार को एक विषय पर पूर्वी सिंहभूम के सभी 147 उच्च विद्यालय में टेस्ट लिया जा रहा है और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जा रहा है। मौके पर प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, शिक्षक निवारण महतो, कृष्णपद हांसदा, आलोक रंजन, एमडी ताजुद्दीन, चूड़ामोनी कुमार, संजीव कुमार, अचल पोद्दार, आदि थे।

# बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति के साथ बैठक, आपसी भाईचारे व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बकरीद यानी ईद-उल-अजहा इस साल 29 जून को मनाया जाएगा. बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सिदगोड़ा टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी के विजय शंकर, ग्रामीण एसपी मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा की उपस्थिति में आयोजित हुई. मौके पर एसओ जेएनएसी संजय कुमार, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, कार्यपालक पदाधिकारी मानगो नगर निगम सुरेश यादव समेत सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी व थाना प्रभारी मौजूद रहे. इस दौरान उपस्थित शांति समिति सदस्यों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उनसे सुझाव लिया गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना गया. बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण हेतु प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये गए हैं, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी . सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी एवं थाना प्रभारियों को 24म7 अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया वही थानों में आयोजित शांति समिति की बैठक के फीडबैक पर भी चर्चा की गई. बैठक के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने एवं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/शेयर करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी संयुक्त आदेश में विधि व्यवस्था के संधारण हेतु 13 सुपर जोनल दण्डाधिकारी, 10 सुपर जोनल पुलिस पदाधिकारी, 33 जोनल दण्डाधिकारी तथा 36 जोनल पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है .प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।



# टाटा स्टील भारत के शीर्ष 3 सबसे आकर्षक नियोक्ताओं में से एक : आरईबीआर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील को एक बार फिर भारत में सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांडों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। हाल ही में घोषित रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर) 2023 में, टाटा स्टील ने अपने कर्मचारियों के लिए विश्वास, विकास और देखभाल की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए शीर्ष 3 कंपनियों में से एक का स्थान हासिल किया है। टाटा स्टील 2022 में आरईबीआर द्वारा भारत के शीर्ष 10 सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांडों में से एक थी और अब शीर्ष 3 सम्मानित रैंकिंग में अपनी जगह बना ली है। आरईबीआर विश्लेषण भारत के 150 सबसे बड़े नियोक्ताओं की धारणा का गहराई से अध्ययन करता है और कर्मचारी मूल्य प्रस्ताव और नियोक्ता आकर्षण जैसे विभिन्न कारकों का मूल्यांकन करता है। इस वर्ष के शोध में 32 वैश्विक बाजारों को शामिल किया गया और 163,000 उत्तरदाताओं के व्यापक सर्वेक्षण से जानकारी एकत्र की गई है। रिपोर्ट से पता चलता है कि नियोक्ता के चयन के दौरान कार्य-जीवन संतुलन, अच्छी प्रतिष्ठा और आकर्षक वेतन एवं लाभ, भारतीय कार्यबल के लिए 3 सबसे महत्वपूर्ण कर्मचारी मूल्य प्रस्ताव (ईवीपी) संचालक हैं। अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील ने कंपनी की उपलब्धि के बारे में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च 2023 द्वारा भारत में शीर्ष तीन सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांडों में स्थान पाकर हमें खुशी हो रही है। यह मान्यता एक ऐसे कार्यस्थल को बढ़ावा देने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो हमारे कर्मचारियों को प्रेरित और सशक्त बनाती है।



## मां विपत्तारिणी की पूजा धूमधाम से संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को मां विपत्तारिणी व्रत धूमधाम से मनाया गया। सभी विपत्ती को हरण करने वाली मां विपत्तारिणी पूजा डुमरा विपत्तारिणी मंदिर, ईचागढ़ व तामारी में विधि विधान से संपन्न हुई। सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं का भीड़ जुटने लगी। डुमरा में पुरोहित कृष्ण चंद्र लायक ने मां बिपत्तारिणी का विधिवत पूजा अर्चना किया। व्रतियों में पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। पूजा के बाद माताएं अपने बच्चों को लाल धागा बांधकर सभी विपत्ति से बचाए रखने का मां विपत्तारिणी से मनोकामना करती है। समाजसेवी दिलीप कुमार दास ने बताया कि मां विपत्तारिणी पूजा आज धुमधाम से मनाया गया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों व परिवार को हर विपत्ति से बचाने के लिए मां विपत्तारिणी व्रत रखकर पूजा करने का रिवाज है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर प्रखंड सभागार में सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, आदित्यपुर नगर निगम के सभी पार्षद व नगर निगम क्षेत्र के कई प्रबुद्ध व्यक्ति शामिल थे। बैठक में बीडीओ ने उन्हें बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी एक जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन को सफल बनाने का निर्देश दिया है। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। बताया कि आगामी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसमें 17 अक्तूबर से 30 नवम्बर 2023 तक यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे दर्ज कराया जा सकेगा। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ मारुति मिंज, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष छायाकांत गोराई, ननि के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह समेत सभी मुखिया, पंसस व पूर्व पार्षद उपस्थित थे।



# जिला स्तरीय ‘स्कूल रुआर-2023’ के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा जिला स्तरीय ‘स्कूल रूआर-2023’ के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त अरवा राजकमल के अध्यक्षता में किया गया। एपीओ संतोष हेमब्रम ने पीपीटी के माध्यम से ‘स्कूल रूआर-2023’ की विस्तृत जानकारी देते बताया कि विद्यालय स्तर पर इसे 15 जुलाई तक चलाया जायेगा। इस दौरान सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकित हो तथा उनका ठहराव हो यह सुनिश्चित करना है। मौके पर उपायुक्त ने कहा शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। ‘स्कूल रूआर-2023’ एक महत्त्वाकांक्षी अभियान है। सामूहिक सहभागिता से इसे सफल बनाना है। हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएं कि बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाएं तथा उनकी बेहतर शिक्षा में कोई कोताही न हो।अभियान के सफल संचालन हेतु उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए। बच्चों के मानसिक तनाव को दूर करने हेतु खेल खुद के साथ शिक्षा से जोड़ने को कहा।बाल विवाह, सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्त भारत अभियान से सम्बन्धित जानकारी अभिभावकों को देने को कहा गया। ताकि वे बच्चो पर सुरक्षा के दृष्टि से नजर रख सकें। कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेमब्रम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी बीआरपी सीआरपी एमआईएस एवं अन्य उपस्थित थे।



# पीडीजे ने की न्यायिक पदाधिकारियों व मध्यस्थों सहित बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** झालसा, रांची के निर्देशानुसार पहली जुलाई से 30 सितंबर 2023 तक विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जाना है। आयोजन की शत प्रतिशत सफलता की तैयारी हेतु मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सरायकेला विजय कुमार की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारियों एवं मध्यस्थों के साथ एक बैठक का आयोजन लोक अदालत हॉल,व्यवहार न्यायालय सरायकेला में किया गया। मौके पर प्राधिकार के अध्यक्ष ने कहा कि इस त्रैमासिक विशेष मध्यस्थता अभियान में भरण पोषण सहित अंतरिम भरण पोषण मामलों, धारा 160 एम वी एक्ट के तहत अंतरिम राहत मामलों, सड़क दुर्घटना दावा अधिनियम, चेक बाउंस, आपराधिक लघु अधिनियम के उपयुक्त मामले, 498 ए आईपीसी, बिजली अधिनियम, उत्पाद शुल्क अधिनियम, फैक्ट्री अधिनियम, वजन और माप तौल अधिनियम, खान और खनिज अधिनियम, वन अधिनियम, रेलवे अधिनियम के मामलों तथा अन्य उपयुक्त मामलों का निपटारा किया जाएगा। बैठक में अनुमंडल न्यायालय चांडिल के ए सी जे एम रवि प्रकाश तिवारी एवं कार्यालय पी एल वी के अतिरिक्त सभी कार्यरत पारा लीगल वालंटियर ऑनलाइन जुड़े थे तथा कार्यालय के पी एल वी उपस्थित हुए। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद ने दी।



**आवश्यकता**

**बिरसा उच्च विद्यालय शंकराड़ीह नागासेरेगं ईचागढ़ सरायकेला खरसावां में निम्नलिखित विषयों के सहायक शिक्षकों की आवश्यकता है।**

**माध्यमिक विद्यालय के लिए**

अंग्रेजी-1, संस्कृत-1, भूगोल-1, रासायन शास्त्र-1, कंप्यूटर बीसीए-1

**योग्यता** - स्नातक एवं बीएड आदिवासी एवं हरिजन स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**अंग्रेजी माध्यम के लिए - 02 पद**

**योग्यता** - इंटर प्रशिक्षित

**अपना बायोडाटा 15/07/2023 तक कार्यालय में जमा करेंगे। 16/07/2023 को साक्षात्कार होगी।**

**मोबाइल नंबर -9304823821, 9905524657, 9608365163**

**आदेशानुसार**
**प्रधानाध्यापक**

## संपादकीय

# एकता की 'अध्यादेशी' शुरुआत

**विपक्षी** एकता की पटना बैठक के कुछ संकेत स्पष्ट हैं। पहली बार कांग्रेस किसी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा होगी। कोई समानांतर मोर्चा नहीं होगा। पटना बैठक में बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, वाईएसआर कांग्रेस, तेलुगूदेशम पार्टी, बसपा, जनता दल-एस, इंनेलो, अकाली दल, मुस्लिम लीग, केरला कांग्रेस, आरएलपी, आरएसपी, अकाली दल-मान आदि दलों के नेता नहीं आए और ज्यादातर को आमंत्रित भी नहीं किया गया था। इन दलों के 68 सांसद मौजूदा संसद में हैं। ये दल न तो कांग्रेस-समर्थक हैं और न ही भाजपा-विरोधी हैं। इन दलों में ऐसे समीकरण भी नहीं हैं कि वे तीसरा मोर्चा बना सकें। अलबत्ता कुछ दल भाजपा के साथ एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं या कोई और राजनीतिक समीकरण बना सकते हैं। विपक्षी एकता के नाम पर 17 दलों का ही बैनर है, जो पटना में एकजुट हुए। वे एक साथ मिले, करीब 3 घंटे विमर्श किया, विरोधाभास भी उभरे, एक साथ चलने का निष्कर्ष सामने आया, एक साथ गुलाब जामुन खाए, न्यूनतम साझा कार्यक्रम के कुछ बिंदुओं पर चर्चा की और साझा प्रेस ब्रीफिंग में, केजरीवाल और स्टालिन को छोड़ कर, शेष सभी नेताओं ने संकल्प-सा दर्शाया कि वे प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे, ताकि 2024 में देश में सत्ता-परिवर्तन किया जा सके। बहरहाल इतने से ही किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि विपक्षी एकता निश्चित है और वे पूरी तरह लामबंद होकर भाजपा को साझा चुनौती दे सकेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं अद्र्धराज्य दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का एजेंडा दिल्ली सरकार विरोधी केंद्र के अध्यादेश पर ही अटका रहा। केजरीवाल ने गुहार की कि कांग्रेस एक कप चाय पीने का तो वक्त दे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जानना चाहा कि आप मिलने को इतने बेताब क्यों हैं? क्या कोई शरारत करेंगे? अध्यादेश के मुद्दे पर केजरीवाल और राहुल गांधी के बीच बहस-सी छिड़ गई, तो शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने शांत कराने की कोशिश की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुझाव दिया कि इस मुद्दे को संयुक्त बयान में शामिल कर लिया जाए और दोनों नेता लंच के दौरान अकेले में बात कर सकते हैं, लेकिन राहुल सहमत नहीं हुए। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने केजरीवाल को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई। संसद में इस विशेष प्रावधान को जब रद्द किया गया था, तब केजरीवाल ने मोदी सरकार के उस फैसले का समर्थन किया था। महबूबा मुफ्ती ने भी यही सवाल किया। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के राजनीतिक रवैये और धरना देने पर आपत्ति जताई। केजरीवाल की 'आप' ने बाद में बयान देकर स्पष्ट किया कि यदि अध्यादेश पर कांग्रेस ने रुख साफ नहीं किया, तो पार्टी के दोनों मुख्यमंत्री-केजरीवाल और भगवंत मान-विपक्ष की ऐसी बैठकों में शिरकत नहीं करेंगे। बहरहाल ये चंद उदाहरण हैं, जो विपक्षी एकता के यथार्थ पर सवाल करते हैं, लेकिन इनके बावजूद 'आप' को छोड़ कर सभी विपक्षी दल एक ही छतरी के तले लामबंद होकर 2024 का आम चुनाव लडने के पक्षधर हैं। अगली बैठक 12 जुलाई को शिमला में होगी। फिलहाल विपक्ष ने जो शुरुआत की है, वह सकारात्मक है, शैशवी कदम है, लेकिन निर्णायक होने का रास्ता अभी लंबा और टेढ़ा-मेढ़ा है। अभी तो यह सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया जाना है कि एक सीट पर विपक्ष का एक ही, साझा उम्मीदवार कैसे उतारा जा सकता है। ममता और अखिलेश यादव कांग्रेस से ही अपेक्षा कर रहे हैं कि कांग्रेस बड़ा दिल दिखाए। इन दोनों बड़े राज्यों में अपने उम्मीदवार उतारने की जिद न करे। यह कैसे संभव है? क्षेत्रीय दलों की अपनी महत्त्वाकांक्षाएं हैं।


प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे, ताकि 2024 में देश में सत्ता-परिवर्तन किया जा सके। बहरहाल इतने से ही किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि विपक्षी एकता निश्चित है और वे पूरी तरह लामबंद होकर भाजपा को साझा चुनौती दे सकेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं अद्र्धराज्य दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का एजेंडा दिल्ली सरकार विरोधी केंद्र के अध्यादेश पर ही अटका रहा। केजरीवाल ने गुहार की कि कांग्रेस एक कप चाय पीने का तो वक्त दे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जानना चाहा कि आप मिलने को इतने बेताब क्यों हैं? क्या कोई शरारत करेंगे? अध्यादेश के मुद्दे पर केजरीवाल और राहुल गांधी के बीच बहस-सी छिड़ गई, तो शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने शांत कराने की कोशिश की।


## कुछ अलग

# मंत्री पद की मीठी गोलियां

**सियासत** में आश्चर्य और अप्रत्याशित बिंदुओं पर फैसलों की शुमारी में अंदाजे हमेशा गलत हो जाते हैं। छह माह की सुक्खू सरकार के बीच आश्चर्य पैदा करने का सामथ्र्य इसके गठन की तासीर में पढ़ा जाए, तो मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों को पढना इतना भी आसान नहीं कि हमेशा दो दूने चार ही होंगे। इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के झौंके दिल्ली से आए हैं और स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने तसदीक किया है कि अबकि बार तीन नए मंत्री जल्द शामिल हो जाएंगे। जाहिर है पद की महत्त्वाकांक्षा ने कई नेताओं को सियासी तौर पर बीमार कर रखा है जबकि सत्ता के पास मंत्री पद की मात्र तीन मीठी गोलियां ही बाकी हैं। इन गोलियों में एक तरफा उल्लास, बराबर से तकसीम नहीं हो सकता। लिहाजा सारी नेकनीयत एक तरफ और दूसरी तरफ गहरी खाइयां। जो चेहरे सामने हैं, उनमें कुछ अपने, कुछ अदने और कुछ अतीत के सदमे हैं। अगर ऐसा न होता तो पहले मंत्रिमंडल में कांगड़ा से मात्र एक मंत्री या सुधीर शर्मा जैसा वरिष्ठ नेता अपात्र क्यों रहता। राजेश धर्माणी की सियासी यात्रा का विलोप न होता। मंत्रिमंडल विस्तार से कांग्रेस सरकार सशक्त होगी या पार्टी अपनी कंदराओं में फंसे विवाद को दूर करने की दृष्टि से यह सब देख रही है। मंत्रियों की औकात या क्षेत्रीय संतुलन की सौगात में एक नई बारात सजेगी, इसको लेकर आशंकाएं कम नहीं हैं। कुछ तो मजबूरियां रही होंगी कि सत्ता अपने नैन नक्श में कुछ सुरमा छुपा के बैठी रही। सत्ता को अपनी खुशफहमी से छूट हासिल है या ये पेचीदगियां भविष्य के लिए कांटों भरी बन सकती हैं। जो भी हो सुक्खू सरकार के अब तक के फैसलों की रौनक में भी सियासत की सूनी निगाहें कहीं आंसुओं से भरी हैं। भले ही कांगड़ा को पर्यटन राजधानी की अमरबेल पर चढ़ा दिया गया है, लेकिन कांग्रेसी इतिहास की जड़ें इस जिला में गणित कर रही हैं। ऐसा कोई अवसर या युग नहीं आया जब सत्ता के अक्स में यह जिला अपने कद को सरकार में न बता पाया। धूमल सरकार के समय का टकराव भले ही व्यक्तिगत सीमा के भीतर प्रवेश कर गया, लेकिन मंत्रिमंडल में चेहरों की तादाद कम न रही। कमोबेश हर सत्ता में कम से कम तीन मंत्री कांगड़ा को मिले तो इस बार पार्टी की आंखों में मोतियाबिंद कहां से निकल आया। सबसे हैरान करने का सबब पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा के पास आकर खड़ा हो रहा है, लेकिन यह अब कांगड़ा के साथ सियासी साजिश की तरह चस्पां है। इसमें तेरी मेरी नहीं, बल्कि हर सत्ता में जिला के नेतृत्व को बौना बनाने की परंपरा रही है। आज जिला कांगड़ा के बड़े नेता या तो दफना दिए गए या इनकी कतरब्यौंत जारी है। पिछली भाजपा सरकार में किशन कपूर, रमेश धवाला व विपिन सिंह परमार के लिए हाशिए जिन्होंने लिखे, उनकी आंख अंततः फूटी तब जब सत्ता की जमीन निकल गई। ऐसे में क्या कांग्रेस सुधीर शर्मा को उनकी वरिष्ठता, काबिलीयत और स्वीकार्यता के कारण पीछे धकिया रही है। यह देखना रोचक होगा कि इस बार कांगड़ा के नेतृत्व पर कहां- कहां वार होता है और सूली पर किसे चढ़ाया जाता है। सत्ता की सूलियों पर इससे पहले कांगड़ा के विजय सिंह मनकोटिया, डा. राजन सुशांत व स्व. पंडित सालिग राम आदि चढ़ चुके हैं, तो इस बार की मॉक ड्रिल में सुधीर शर्मा फंसे हुए नजर आते हैं। सरकार के गठन और उसके बाद मंत्रिमंडल के प्रहसन में एक सवाल गूंजता है, 'तेरा क्या होगा कालिया।' जाहिर है लाख कोशिशों के बाद भी जो छूट जाएगा, वही कालिया होगा। क्या इस बार कालिया होने का सबूत राजिंद्र राणा, सुधीर शर्मा की ओर से या कोई और देगा। मंत्रिमंडल की आरंभिक फेहरिस्त में इतना समय तो गुजर ही गया कि सरकार चाहे तो कुछ बोझ हल्का कर सकती है या विभागों के आबंटन को फिर से फेंट सकती है। बेशक कुछ बोर्ड-निगमों पर कुछ नेता आसीन हो गए या बिना विधायक बने कुछ को कैबिनट का दर्जा मिल गया, लेकिन रिक्तियों की आजमाइश में कांग्रेस का घर अभी सूना है।

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसे चलन से बाहर करने का ऐलान कर सभी को चौंकाया

# नोट वापसी से निर्मित आर्थिक परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

**विगत** 19 मई को भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा 2000 रुपए के नोटों के चलन से वापस लिए जाने के फैसले के बाद अब पूरे देश में आम आदमी से लेकर उद्योग-कारोबार और आर्थिक क्षेत्र से जुड़े लोग इसके परिणामों पर विचार मंथन कर रहे हैं। 15 जून 2023 तक बैंकों में 2000 रुपए के चलन में मौजूद रुपयों में से आधे से अधिक बैंकों में जमा हो चुके हैं और विभिन्न बैंकिंग और वित्तीय रिपोर्टों में नोट वापसी के निर्णय को लाभप्रद बताया जा रहा है। गौरतलब है कि आरबीआई ने ऐलान किया है कि 23 मई से लेकर 30 सितंबर तक 2 हजार रुपए के नोटों को बैंक खातों में जमा कराया जा सकेगा या ये नोट बैंकों में जाकर बदले जा सकेंगे। आरबीआई ने जोर देकर कहा है कि ये नोट आगे भी वैध बने रहेंगे। अब बैंक भी देशभर में खाताधारकों को 2000 रुपए के नोट जारी नहीं करेंगे। निःसंदेह बाजार में 2000 रुपए के नोट आने के 78 महीने बाद ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसे चलन से बाहर करने का ऐलान कर सभी को चौंकाया है। 2000 रुपए के नोट के चलन को बंद करने के फैसले के बाद आरबीआई ने कहा है कि ये फैसला नोटबंदी के बाद पैदा हुई जरूरतों को पूरा करने के मद्देनजर लिया गया है और यह उद्देश्य बाजार में कम मूल्य के अन्य नोट पर्याप्त मात्रा में आ जाने के बाद पूरा हो गया है। रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपए के नोटों को वापस लेते हुए यह भी कहा है कि ये निर्णय बैंक की क्लीन नोट पॉलिसी के तहत किया जा रहा है। क्लीन नोट पॉलिसी यह सुनिश्चित करती है कि लोगों के बीच अच्छी गुणवत्ता के नोट पहुंचें। इस पॉलिसी का उद्देश्य नकली और गंदे नोटों को हटाकर भारतीय मुद्रा की अहमियत को बनाए रखना भी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी का ऐलान किया था। इसके बाद पूरे देश में 500 और 1000 रुपए के नोट बंद हो गए थे जो कि उस समय पूरी करेंसी सर्कुलेशन के कुल 86 प्रतिशत थे। नोटबंदी के फैसले से काला धन एवं नकली नोट पर रोक आतंकवाद पर अंकुश और देश को डिजिटल भुगतान की ओर बढ़ाने की बात कही गई थी। ज्ञातव्य है कि 2000 रुपए का यह नोट नवंबर 2016 में बाजार में तब आया था, जब केंद्र सरकार ने 500 और 1000 रुपए के नोट बंद किए थे और इनकी जगह 500 और 2000 रुपए के नए नोट जारी किए गए थे। रिजर्व बैंक की अगस्त 2018 में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि 500 और 1000 रुपए के 99.30 प्रतिशत पुराने नोट वापस बैंकों में जमा हो गए हैं। यानी इन रुपयों से प्रचलन में रहा करीब-करीब सम्पूर्ण रुपया बैंकों में जमा हो गया। यद्यपि दो हजार



रुपए के नोट जारी करते हुए आरबीआई ने दावा किया था कि इसमें सुरक्षा के जो फीचर रखे गए हैं, उनकी नकल करना काफी मुश्किल है। फिर भी ऐसा नहीं हुआ, जाली नोटों की समस्या अभी बनी हुई है। आरबीआई के अनुसार वर्ष 2016 से वर्ष 2023 के बीच बाजार में नकली नोटों की संख्या करीब 10.7 प्रतिशत बढ़ गई है। नोटबंदी के बाद से अब तक जितने भी जाली नोट पकड़े गए हैं, उनमें करीब 60 प्रतिशत 2000 रुपए के नोट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 2000 रुपए के नोट को वर्ष 2019 के बाद से ही छापना बंद कर दिया था। यदि हम आंकड़ों की ओर देखें तो पाते हैं कि देश में 31 मार्च 2018 को 6.73 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 2000 रुपए के नोट प्रचलन में थे, जो कि देश में प्रचलन के कुल नोटों का 37.3 फीसदी थे। अब मई 2023 को यह हिस्सेदारी घटकर करीब 3.62 लाख करोड़ रुपए है जो कि प्रचलन में नोटों का 10.8 प्रतिशत ही रह गई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि एक ओर 2016 में नोटबंदी के बाद डिजिटल पेमेंट में लगातार वृद्धि हुई, नोटबंदी के साथ बेहतर इंटरनेट की व्यवस्था और स्मार्टफोन के व्यापक विस्तार के साथ-साथ कोविड महामारी और डिजिटलीकरण से जीवन को आसान करने वाली सरकारी योजनाओं ने भी डिजिटल पेमेंट को बढ़ाया है। रिपोर्टों के मुताबिक अब वर्ष 2026 तक भारत में हर तीन में दो लेन-देन डिजिटल होंगे, वहीं दूसरी ओर नकदी पर लोगों की निर्भरता भी पहले से कहीं ज्यादा हो गई है। देश में नोटबंदी से पहले करीब 17.74 लाख करोड़ रुपए की मुद्रा चलन में थी, जो अब बढक़र करीब 32.42 लाख करोड़ रुपए हो गई है। स्पष्ट है देश में नोटबंदी के साढ़े छह साल बाद भी नकदी का भरपूर उपयोग जारी है। यदि हम 23 मई से 2000 रुपए के नोट वापस लिए जाने के निर्णय के लागू होने के बाद से जून 2023 तक के परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि एक ओर वर्ष 2016 में नोटबंदी के समय की अफरा-तफरी से सीख लेते हुए बैंकों ने इस बार 2000 रुपए के नोट बदलने और जमा करने की पुख्ता तैयारी की है। 23 मई से देश के कोने-कोने में बैंक विशेष काउंटकर लगाकर नोट बदल रहे हैं। यदि हम बाजार की ओर देखें तो पाते हैं कि 2000 रुपए के नोट वापस लेने के फैसले के बाद रियल एस्टेट और सोने जैसी महंगी चीजों की मांग बढ़ी है। ज्वेलर्स की दुकानों पर लोग अपने 2000 के नोट को गहनों में इन्वेस्ट कर रहे हैं। इस फैसले का कुछ बुरा असर कृषि और निर्माण जैसे छोटे व्यवसायों पर पड़ा है। इसके अलावा ऐसे क्षेत्र जहां आज भी डिजिटल ट्रांजेक्शन के मुकाबले ज्यादा लोग नकदी का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें भी कुछ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यदि हम मौद्रिक नीति की ओर देखें तो पाते हैं कि 2000 रुपए का नोट वापस लिया जाना बहुत बड़ी घटना नहीं है और इससे मौद्रिक नीति पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। पिछले 6-7 सालों में देश में डिजिटल लेन-देन और ई-कॉमर्स का दायरा काफी बढ़ गया है। 2000 का नोट वापस मंगाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले से अर्थव्यवस्था पर भी कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि ऐसे वापस हुए नोटों के स्थान पर उसी कीमत के कम मूल्यवर्ग के नोट जारी किए जा रहे हैं। इसलिए धन प्रवाह पर प्रभाव नहीं पड़ रहा है। प्रणालीगत भुगतान पर प्रभाव की संभावना नहीं है क्योंकि बड़े पैमाने पर इन नोटों का उपयोग दैनिक भुगतानों में नहीं किया जाता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि 2000 रुपए के नोटो की वापसी डिजिटल लेनदेनों को बढ़ाएगी। वित्तीय सेवाओं के वैश्विक विस्तार, महामारी से लॉकडाउन के कारण भौतिक भुगतान पर नियंत्रण हुआ और वित्तीय समावेशन में वृद्धि हुई है। इससे डिजिटल भुगतान में भारी वृद्धि हुई है। ऐसे में 2000 रुपए के नोट वापस होने से देश तेजी से डिजिटलीकरण और अनुपालन संचालन की डगर पर आगे बढ़ेगा। चूंकि भारत एक आधिकारिक आभासी मुद्रा, डिजिटल रुपए की घोषणा करने वाला प्रमुख देश है और अब चीनी डिजिटल मुद्रा युआन की तरह भारत के डिजिटल रुपए के भी तेजी से आगे बढने की संभावनाएं उभरकर सामने आएंगी। हम उम्मीद करें कि 23 मई से जिस तरह संतोषप्रद तरीके से 2000 रुपए के नोटों की वापसी हो रही है, वह सितंबर 23 तक संतोषप्रद बनी रहेगी। जिस तरह 80 फीसदी से अधिक लोग अपने 2000 रुपए के नोटों को बैंकों में जमा कराने का विकल्प चुन रहे हैं, उससे बैंकों में नकदी बढ़ेगी और उससे उद्योग-कारोबार तथा अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।


आरबीआई ने ऐलान किया है कि 23 मई से लेकर 30 सितंबर तक 2 हजार रुपए के नोटों को बैंक खातों में जमा कराया जा सकेगा या ये नोट बैंकों में जाकर बदले जा सकेंगे। आरबीआई ने जोर देकर कहा है कि ये नोट आगे भी वैध बने रहेंगे। अब बैंक भी देशभर में खाताधारकों को 2000 रुपए के नोट जारी नहीं करेंगे। नि:संदेह बाजार में 2000 रुपए के नोट आने के 78 महीने बाद ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसे चलन से बाहर करने का ऐलान कर सभी को चौंकाया है। 2000 रुपए के नोट के चलन को बंद करने के फैसले के बाद आरबीआई ने कहा है कि ये फैसला नोटबंदी के बाद पैदा हुई जरूरतों को पूरा करने के मद्देनजर लिया गया है और यह उद्देश्य बाजार में कम मूल्य के अन्य नोट पर्याप्त मात्रा में आ जाने के बाद पूरा हो गया है।


# लहू की जगह रगों में दौड़ती ड्रग्स

**जैसे** चींटियां चीनी को चाट-चाट कर चट कर जाती हैं, वैसे ही चिट्टे जैसे मादक पदार्थ भी देश की नई पीढ़ी को चाट कर चट कर रहे हैं। ड्रग्स के सेवन व इससे जुड़े आपराधिक मामले भयावह हैं। ये समझने के लिए अब आंकडों की भी जरूरत नहीं क्योंकि जो कुछ रोजाना हो रहा है, उससे यह बात आसानी से समझी जा सकती है कि स्थिति कितनी खतरनाक है। जिन चिरागों से घर को रौशनी की उम्मीद होती है, ऐसे कई चिराग ड्रग्स की झोंक में गुल हो चुके हैं, कई गुल होने की राह पर हैं और न जाने कितने गुल होकर रहेंगे। आज हम नशे के उस स्याह दौर में पहुंच गए हैं, जहां मां-बाप को अपने बच्चों के पठन-पाठन से पहले इस बात की चिंता खाए जा रही है कि कहीं उनके बच्चे नशे का ग्रास तो नहीं बन रहे। हमारे आधुनिक, सभ्य व उन्मुक्त होते समाज की एक काली सच्चाई यह भी है कि यद्यपि नशामुक्ति अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर गली, हर कूचे, हर सडक़, हर स्कूल, हर कॉलेज में नारे बुलंद किए जा रहे हैं, तथापि हमारा समाज नशायुक्त होता जा रहा है। अर्थात ज्यों ज्यों मर्ज की दवा कर रहे हैं, त्यों त्यों मर्ज बढ़ता ही जा रहा है। युवा वर्ग ही नहीं, बल्कि अब छोटे बच्चे भी इसकी जद में हैं। ड्रग्स का जहर स्कूलों में पढ़ रहे मासूमों की रगों व सांसों तक पहुंच रहा है। ऐसा होने लगा है कि छात्र शिक्षा के मंदिर में प्रवेश से पहले नशे का कश खींच कर या घूंट गटक कर आते हैं। कौन जाने कब मौका पाते ही पढ़ाई के दौरान भी नशा करते हों। रोजाना फिक्र यह कि किस बस्ते में और किस जेब में धूम्रदण्डिका या नशे की पुडिया मिल जाए। टॉयलैट व वॉशरूम तक किस-किस का पीछा करें। आपको स्मरण होगा कि पिछले वर्ष मंडी जिले के करसोग उपमंडल के एक स्कूल में 13 वर्षीय छात्रा चरस के नशे में स्कूल पहुंच गई थी। उम्र 13 वर्ष और छात्रा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं कि आधुनिकता व स्वछंदता की ताल पर थिरकते व डगमागाते कदम देश को किस ओर ले जा रहे हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत आने वाले अपराधों में हिमाचल पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। चरस के इस्तेमाल में देवभूमि देश में चौथे स्थान पर है। एक सर्वे के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में लगभग दो लाख युवा ड्रग्ज की की चपेट में हैं। ध्यातव्य है कि कोरोना काल के लॉकडाउन के बावजूद इन मामलों में कोई कमी दर्ज नहीं की गई। नशे की जब लत पड़ जाती है, तब अक्ल का ठौर ठिकाना नहीं रहता। मदिरा, खैनी, गुटका तो आज आम बात हो गए है, परंतु अब चरस और चिट्टा प्रलय नृत्य कर रहे हैं। चिट्टे के लिए नशेड़ी अपने ही घर से चोरी कर लेते हैं और पिता को मजबूरन थाने में शिकायत करनी पड़ती है। जब नशे से आत्महत्या, हत्या, चोरी व अन्य आपराधिक वारदातें आम होने लगे तो समझो समाज, प्रांत व राष्ट्र खतरे में हैं। निःसंदेह सरकार और कानून ड्रग्स के विरुद्ध प्रयासरत हैं, परंतु यहां माता-पिता, अध्यापकों और कुल मिला कर समाज का दायित्व महत्वपूर्ण है। नशाखोरी केवल कानून से जुड़ा सवाल नहीं, बल्कि सामाजिक माहौल की परिणति है। ये किसी से छुपा नहीं है कि विवाह व अन्य समारोहों में सार्वजनिक रूप से मदिरापान करने वालों की काफी खातिरदारी की जाती है। बड़े शौक से उन्हें मदिरा, बीड़ी-सिगरेट, चना-नमकीन परोसे जाते हैं। बस यहीं से शुरुआत होती है क्योंकि अद्भुत चीज समझ कर काफी सारे बच्चे नशे की ओर आकृष्ट हो जाते हैं। नशे के इस खुल्लम खुल्ला परोस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। खुद नशे से दूर रह कर हम अपने बच्चों के लिए आदर्श बन सकते हैं। अपने मुख से उगलते सिगरेट के लच्छों के बीच बच्चों को नशे से दूर रहने की सीख कितनी कारगर सिद्ध हो सकती है? देखने में आता है कि स्कूलों के टॉयलैट्स में विद्यार्थी नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। अतः इन जगहों के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे तैनात किए जाने चाहिए। नशे में संलिप्त छात्रों की काउंसिलिंग होनी चाहिए और अगर वे नहीं सुधरते तो उन्हें किसी डिएडिक्शन कैंप में भेज देना चाहिए अन्यथा वह अपने साथ और अन्य बच्चों को भी इस गर्त में धकेल देगा। कई बार देखा गया है कि बच्चे घर से तो स्कूल आते हैं, परन्तु विद्यालय नहीं पहुंचते। वे नशे का सेवन करने के लिए किसी सुनसान या टूटी-फूटी इमारतों का सहारा लेकर घंटों वहां पड़े रहते हैं। इसका पता न स्कूल को होता है न अभिभावकों को। अतः स्कूल प्रबंधन को अनिवार्य रूप से छात्रों की अनुपस्थिति की सूचना अभिभावकों को देनी चाहिए। उधर माता-पिता को भी चाहिए कि अपने बच्चों की दिन भर की गतिविधियों पर नजर रखें। उसके बस्ते और जेबों को जरूर टटोलें। महाविद्यालयों व विद्यालयों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान मादक पदार्थों के सेवन की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इन प्रतियोगिताओं के दौरान नशे के सेवन पर कड़ी नजर रखने की आवश्यकता है। ड्रग्स की तस्करी के काले धंधे के खिलाफ हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड की सरकारों को सांझे तौर पर सजगता से काम करने की आवश्यकता है।




आज हम नशे के उस स्याह दौर में पहुंच गए हैं, जहां मां-बाप को अपने बच्चों के पठन-पाठन से पहले इस बात की चिंता खाए जा रही है कि कहीं उनके बच्चे नशे का ग्रास तो नहीं बन रहे। हमारे आधुनिक, सभ्य व उन्मुक्त होते समाज की एक काली सच्चाई यह भी है कि यद्यपि नशामुक्ति अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर गली, हर कूचे, हर सडक़, हर स्कूल, हर कॉलेज में नारे बुलंद किए जा रहे हैं, तथापि हमारा समाज नशायुक्त होता जा रहा है। अर्थात ज्यों ज्यों मर्ज की दवा कर रहे हैं, त्यों त्यों मर्ज बढ़ता ही जा रहा है। युवा वर्ग ही नहीं, बल्कि अब छोटे बच्चे भी इसकी जद में हैं। ड्रग्स का जहर स्कूलों में पढ़ रहे मासूमों की रगों व सांसों तक पहुंच रहा है। ऐसा होने लगा है कि छात्र शिक्षा के मंदिर में प्रवेश से पहले नशे का कश खींच कर या घूंट गटक कर आते हैं। कौन जाने कब मौका पाते ही पढ़ाई के दौरान भी नशा करते हों। रोजाना फिक्र यह कि किस बस्ते में और किस जेब में धूम्रदण्डिका या नशे की पुडिया मिल जाए।


## देश दुनीया से

# म्यूजियम में प्रभु

**मौजूदा** दौर में कनफ्यूज होना दरअसल हमारी संगति और असंगति का असर नहीं है, बल्कि इसके फायदे देखकर हम अक्सर ऐसी स्थिति खुद ही ग्रहण कर लेते हैं। हम कनफ्यूजड रह कर भी कई बार बड़े काम कर लेते हैं। मसलन हम जिस पड़ोसी पर भरोसा करते हैं, उसको लेकर भी कनफ्यूजड रहते हैं और जिसे रिश्तों में अपना मान चुके होते हैं, वहां भी कनफ्यूजड होते हैं। हम खाएं या न खाएं, कितना खाएं या कहां न खाएं, इसे लेकर भी कनफ्यूजड हैं, इसलिए अधिकतर लोग ऐसी उलझन में ईमानदार घोषित होने लगे हैं। वैसे भी ईमानदारी और नैतिकता के चक्कर में कनफ्यूजड होना लाजिमी है, इसलिए जो अपनी ही उलझनों के शिकार हैं, वे थक-हार कर इस देश के सामने ईमानदार बने ही रह जाते हैं। हम करें भी तो क्या करें। चारों तरफ देश की तरक्की कई बार कनफ्यूज कर देती है, तो कई बार अदालती फैसलों के सही होने पर उलझन बढ़ जाती है। कमोबेश हर आदमी उलझनों से बचने के लिए भगवान की शरण तलाश रहा है, लेकिन ईश्वर पाने को लेकर सबसे ज्यादा कनफ्यूजड ऐसे लोग हैं जिन्हें तरक्की के लिए न पूजा और न ही परिश्रम चाहिए। उनके लिए भगवान तो वे खुद ही हैं, क्योंकि जो वे कमा रहे हैं, इसके लिए भगवान तो कतई जिम्मेदार नहीं हो सकता। ऐसे लोग या जो लोग अपनी सफलता का ताज खुद पहनना जान गए, वे दरअसल नंबर वन हैं। उलझन से मुक्त होने के लिए नंबर वन होना जरूरी हो जाता है। हर नंबर वन के पीछे सफलता का राज यही है कि वे कनफ्यूज नहीं हुए। इसलिए शराब भी अब बिकती है नंबर वन बनकर। राजनीतिक रैलियां नंबर बन बनकर जो दिखा रही हैं, वहां मतदाता चिंतन इसलिए नहीं करता कि कहीं कनफ्यूजन न हो जाए। जिस तरह देश में धार्मिक ज्ञान बढ़ा है या ऐसे विषयों में वांछित फिल्में आ रही हैं, देवता कनफ्यूजड हैं। अचानक पूजा रूम में आराध्य प्रभु कनफ्यूजड दिखे। मैंने सोचा मेरी भक्ति से प्रभु कहीं उलझन में न पड़ गए हों, क्योंकि मैं किसलिए आराधना कर रहा हूं, इसी उलझन में रहा हूं। जैसे समाज, देश और जेब चल रही है, हर वक्त भक्ति की शक्ति में सुबह से शाम प्रभु पर ही तो सारा दारोमदार है। बेटा नंबर वन नौकरी, तो बेटी नंबर वन पति मांग रही है। नंबर वन की रेस में लगभग टूट चुकी पत्नी को अब भी उम्मीद है कि उसकी ही पूजा नंबर वन है, इसलिए प्रभु के नाम पर घंटी बजा रही है। प्रभु यह सोच कर विचलित हैं कि वह नंबर वन आशीर्वाद हमें दे देंगे, तो फिर जहां भव्य मंदिर बन रहे हैं, वहां के लिए क्या बचा पाएंगे। उधर प्रभु को हालिया सालों में एक नई कैटेगिरी को नंबर वन आशीर्वाद देने का दबाव बढ़ता जा रहा है। भगवान भी अपनी नंबर वन की ब्रांडिंग से प्रसन्न हैं और चाहते हैं कि ऐसी फिल्में अगर बनें तो उन्हें नंबर वन की सफलता भी दिलाएं, लेकिन फिल्म वाले जिस तीव्रता से इनकी संख्या बढ़ा रहे हैं या धन कमाने के फार्मूले लगा रहे हैं, उससे भगवान कनफ्यूजड हैं। एक फिल्म को अपने नाम की सफलता देते हैं, तो दूसरी तैयार हो जाती है। भगवान इस उलझन में भी हैं कि उनसे ज्यादा फिल्म निर्माता अपना अपना अवतार बदल रहे हैं, तो उन्हें भी आखिर कितनी बार भेष बदलना पड़ेगा। प्रभु तब से गुस्से में हैं जबसे उन्होंने देखा है कि वाहनों के पीछे उनकी तस्वीर कितने आक्रोश में है। मैंने कहा, 'प्रभु आप हमारी तरह रहें, गुस्से में न आएं। जनता नहीं चाहती कि आप नंबर वन की रेस में हमें छोडक़र नंबर वन मतदाता, पार्टी या सरकार के पास चले जाएं।' प्रभु दुखी हुए कि क्यों कोई उन्हें बजरंग बलि पुकार कर, तो कोई आदि पुरुष दिखा कर घसीट रहा है। मैंने कहा, 'भगवन! हम आम नागरिकों को घिसटने की आदत है और आपके नाम पर हम यह करते रहे हैं और आगे भी कर सकते हैं।' इस पर कनफ्यूजड प्रभु को अब यह समझ नहीं आ रहा था कि वह आइंदा किस मंदिर या किस फिल्म में रहें। अंततः उन्होंने मेरे कान में कहा, 'डर यह है कि नंबर वन लोग कहीं सुरक्षा की दृष्टि से मुझे किसी म्यूजियम में न छोड़ आएं। कल मेरे नाम पर म्यूजियम बन गए तो मेरे भक्त कहां जाएंगे।'


हर नंबर वन के पीछे सफलता का राज यही है कि वे कनफ्यूज नहीं हुए। इसलिए शराब भी अब बिकती है नंबर वन बनकर। राजनीतिक रैलियां नंबर बन बनकर जो दिखा रही हैं, वहां मतदाता चिंतन इसलिए नहीं करता कि कहीं कनफ्यूजन न हो जाए। जिस तरह देश में धार्मिक ज्ञान बढ़ा है या ऐसे विषयों में वांछित फिल्में आ रही हैं, देवता कनफ्यूजड हैं। अचानक पूजा रूम में आराध्य प्रभु कनफ्यूजड दिखे। मैंने सोचा मेरी भक्ति से प्रभु कहीं उलझन में न पड़ गए हों, क्योंकि मैं किसलिए आराधना कर रहा हूं, इसी उलझन में रहा हूं। जैसे समाज, देश और जेब चल रही है, हर वक्त भक्ति की शक्ति में सुबह से शाम प्रभु पर ही तो सारा दारोमदार है।


## नागरिक बोध

# रूस यूक्रेन की लंबी जंग दोनों देशों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

**रूस** दुनिया मे शक्तिशाली देश के रूप में शुमार है। अमेरिका के नाम की चर्चा होती है, उस दौरान रूस का भी जिक्र होता है। अमरीका और रूस विश्व में शक्तिशाली देश के नाम से जाने जाते है। रूस यूक्रेन दोनों देश खंडहर में तब्दील होते जा रहे है। रूस की दुनिया मे भरपेट निंदा की जा रही है। तो दूसरी तरफ आर्थिक संकट से जूझ रहे यूक्रेन का बखान किया जा रहा है। हाइराइज इमारते धुंए और राख होती जा रही है। दोनों देशों के बीच खरबो रुपए का नुकसान की संभावना है। परन्तु इस नुकसान की भरपाई करने के लिए दांतो तले चना चबाने जैसा है।। रूस यूक्रेन जंग दोनों देशो की प्रतिष्ठा का युद्ध हो गया है। यूक्रेन के व्लादिमीर जेलेन्सकी ने कहा था कि हम बीच मे शरणागत होने वाले में से नही है। हजारो सैनिको की शहीदी और खरबो रुपए की देनदारियां बढ़ने से रूस और यूक्रेन की राह आसान नही रही है। पुतिन की जिद्द रूस के लिए खतरनाक तो है ही, परन्तु यूक्रेन के लिए भी इतनी ही कठिन डगर है। रूस की ताकत और पुतिन की जिद्द ने यूक्रेन के कई शहरो पर कब्जा करना और जानमाल की क्षति से उभर पाना बहुत मुश्किल है। रूस के पास कच्चे तेल की आय के स्त्रोत है। विमान और सैन्य उपकरणों की भरमार है परंतु युद्ध अकूत धन संपति को बर्बाद कर सकता है। यूक्रेन के पास एक महीना जंग लड़ने की क्षमता नही है। लेकिन नाटो देशो की मदद से व्लादिमीर जेलेन्सकी युद्ध मे खड़े रहने की हिमत जुटा पाए है। अमेरिका यूक्रेन के लिए बांया हाथ है। उधर, पुतिन ने निजी सेना पर ही आशंका जताई है। अलबत्ता, रूस में गृहयुद्ध की आशंका है। जिन लड़ाके को यूक्रेन भेजा गया था। वे बागी होने की खबर से रूस के राष्ट्र पति पुतिन की भृकुटि तन गई है। उन्होंने कहा कि वफादार लड़ाके समझकर भेजे थे, लेकिन उन्होंने मेरी पीठ में छुरा भोंका है। इनको कतई बक्शा नही जाएगा। इस तरह से दुःखी होकर पुतिन ने अपनी व्यथा सुनाई। यूक्रेन की बहादुरी पर दुनिया नाज कर रही है। यूक्रेन नाटो की मदद से अभी तक युद्ध में टिका हुआ है। रूसी शहरो में मार्शल लॉ लागू किया गया है। रूस के घटनाक्रम पर जी 7 देशों की नजर है। रूस को रास्ट्रपति बदलने पर उतारू है। रूस के राष्ट्र पति पुतिन की जिद्द के आगे दोनों देश दिवालिया हो गए है। पुतिन की जिद के कारण 16 महीने की जंग से आर्थिक संकट और दुनिया मे मन्दी के बादलमंडरा रहे है। पुतिन को सब्र करके युद्ध विराम की घोषणा कर सुकून की सांस लेनी चाहिए, क्योंकि युद्ध जितने वाला भी युद्ध हारता है। उसकी विनाशकारी चित्रण आँखों से कभी ओझल नही होता है। युद्ध समस्या का सामाधन नही है।

# पेड़ से टकराई बाराती वाहन एक की मौत, 18 घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ चतरा एनएच 22 मुख्य पथ पर शादी समारोह संपन्न कराकर वापस लौट रहे एक वाहन सवारी गाड़ी पेड़ से जा टकराई। जिसमे बिगन सिंह की मौत रिम्स रांची में इलाज के दौरान हो गई। जबकि सुरेंद्र सिंह 38 वर्ष, मनीष कुमार 13 वर्ष, इंदिरा देवी 40 वर्ष, गोविंद कुमार 16 वर्ष, सत्यम भुइयां 32 वर्ष, सुशीला कुमारी 16 वर्ष, अभिषेक कुमार 12 वर्ष, मनीष कुमार 18 वर्ष, आर्यन कुमार 6 वर्ष, सुप्रिया कुमारी एक वर्ष, सरिता देवी 35 वर्ष, इंदिया देवी 35 वर्ष, मोहन कुमार 15 वर्ष, शोभा सिंह 50 वर्ष, रेखा देवी 40 वर्ष, नारायण चौधरी 45 वर्ष, क्रांति देवी 24 वर्ष घायल हो गए। मौके पर आसपास ग्रामीणों एवं बारियातू पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ0 अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद सुरेंद्र सिंह, इंदिरा देवी, बिगन सिंह, इंदिया देवी, मोहन कुमार, गोविंद कुमार आर्यन कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम निवासी सीताराम सिंह की बेटी अवंतिका कुमारी की शादी नगर मंदिर में संपन्न कराकर लड़का पक्ष के लोग अपने घर केदुआही चौपारण जिला हजारीबाग जा रहे थे। इसी बीच गोनिया ग्राम के समीप असंतुलित होकर सवारी वाहन एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की सवारी वाहन के परखच्चे उड़ गए एवं सभी वाहन में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों की संख्या अधिक होने के कारण बालूमाथ में एक बार फिर एंबुलेंस की कमी देखी गई।स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को दिया जहाँ उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अन्य प्रखंडों से चार एंबुलेंस भेजा। उसके बाद घायलों को रिम्स ले जाया गया। बताया जाता है कि सवारी वाहन में लगभग 50 लोग सवार थे और यह घटना ओवरलोड होने के कारण घटी है।

## डायन बिसाही को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** लावालौंग थाना पुलिस ने मंगलवार को कोलकोले पंचायत मड़वा गांव में डायन बिसाही को लेकर एक जागरूकता अभियान की बैठक का आयोजन किया। जिसका नेतृत्व लावालौंग थाना प्रभारी बमबम कुमार के द्वारा किया गया। इस जागरूकता बैठक में पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, समिति सदस्य, उपमुखिया, वार्ड सदस्य विनोद सिंह तथा सैकड़ो गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि लोगो को डायन के नाम पर किसी महिला के साथ उत्पीड़न और कोई भी ऐसी कार्य न करे जो कानूनी रूप से अवैध हो। आगे कहा कि डायन बिसाही को लेकर झाडफूक करने, एक दूसरे को लडाने, झाडफूक के नाम पर पैसे ऐठने का काम करते हैं, तो इसकी सूचना पुलिस सहित पंचायत के जनप्रतिनीधियो को दे।जिससे उक्त लोगो पर कानूनी कारवाई किया जा सके। आगे बताया कि डायन बिसाही, ओझा गुणी पर विश्वास न करे,तथा इसको लेकर आपस में झगडा, मारपीट न करे। ऐसे मामले मे दोनो पक्षो पर कानूनी कारवाई कर जेल भेजा जा सकता है। इसके आलाबे लोगो को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया।

## बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड करने की मांग



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने मंगलवार को उपायुक्त लातेहार को पत्र लिखकर परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय को +2 में अपग्रेड करने का अनुरोध किया है द्य लिखे गए पत्र में उन्होंने बताया है कि बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत कई उच्च विद्यालय है जबकि एकमात्र +2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय है, जिससे प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ में विद्यार्थियों का काफी भार रहता है द्य वर्तमान समय में उक्त विद्यालय में 3000 से ज्यादा विद्यार्थी नामांकित है। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए न तो पर्याप्त संख्या में बैठने के कमरे हैं और न ही अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। आगे उन्होंने लिखा है कि परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय +2 में अपग्रेड होने की सारी चीजे प्रयाप्त है। विद्यालय में 3 एकड़ का अपना परिसर है, जिसमें चारदीवारी भी है, वहीं दूसरी ओर विद्यालय का अपना 100 बेड का हॉस्टल भी उपलब्ध है। परियोजना विद्यालय को अपग्रेड करने से एक तरफ जहां विद्यार्थियों को सुलभ शिक्षा मिल पाएगी, वहीं दूसरी ओर राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय का भार भी कुछ कम हो सकेगा द्य यह काम जनहित में अत्यंत आवश्यक है द्य ज्ञात हो कि बालूमाथ क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने हेतु उपाध्यक्ष के द्वारा शुरू से ही काफी प्रयास किया जा रहा है द्य चाहे वह सभी पंचायतों में पुस्तकालय बनाने का मामला हो , बालूमाथ में डिग्री कॉलेज निर्माण का मामला हो या विद्यालय की जमीन के अतिक्रमण का मामला हो द्य उपाध्यक्ष अनिता देवी ने हर मंच पर इस बात को बखूबी रखने का काम किया है द्य उन्होंने यह भी बताया कि जिस प्रकार बालूमाथ के बच्चे बच्चियां मेहनती हैं और विगत वर्षों में अच्छे परिणाम आ रहे हैं उससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि वह दिन दूर नहीं जब यहां के विद्यार्थी आगे चलकर पढ़ाई के क्षेत्र में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

## जनता अधिकार दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता अधिकार दिवस का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें राशन, पेंशन, आवास, बिजली, पेयजलापूर्ति से संबंधित आवेदन के साथ अंचल से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसपर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित कर्मियों को अग्रसारित कर दिया हालांकि जनता अधिकार दिवस के मौके पर विद्युत विभाग और पेयजल विभाग के कर्मी अनुपस्थित रहे। वहीं जनता अधिकार दिवस पर एक मामला सामने आया जिसमें एक महिला सरयडीह निवासी कविता देवी जो जनता दरबार में चिल्ला चिल्ला कर रोने लगी उन्होंने बताया कि सरयडीह स्वास्थ्य उपकेन्द्र में तीन हजार रुपए मानदेय पर एएनएम नर्मदा देवी के द्वारा साफ-सफाई करने को लेकर रखा गया था पर उनके द्वारा लगभग दो वर्ष से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। वहीं पंचायत मोरवाईकला ग्राम मंडल के सुरंगा महुआ टोला के ग्रामीणों ने आवेदन देकर हर घर नल जल योजना से बोरिंग कराने और जलमीनार अधिष्ठापित करने की मांग की है। मौके पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण,बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद,उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल सीआई रमेश प्रसाद, डॉ प्रमोद कुमार, कन्हाई सिंह सुषमा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बकरीद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बकरीद के त्योहार को लेकर शांति समिति का बैठक आज संपन्न हो गया। बैठक का अयोजन समाहरणालय के सभा कक्ष में हुआ। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन समेत अन्य जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति सदस्य के रूप में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने बकरीद के मौके पर शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल यथावत बने रहने हेतु सभी संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर अपने अनुभव साझा करते हुए विधि व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव दिए। उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में पूर्व में मनाए गए त्योहारों की स्थिति से अवगत कराया साथ ही जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन करने एवं भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने अफवाहों पर अंकुश लगाने हेतु कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य सभी माध्यमों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जाती है जो समाज मे समरसता बिगाड़ने का काम करती है तो दोषियों के खिलाफ सख्ती अपनाते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त अबु इमरान ने बैठक को अंत करते हुए कहा कि समुदाय के हर उम्र वर्ग को जिम्मेदार नागरिक की तरह सतर्क रहने की जरूरत है तथा अफवाहों से सावधान रहने की आवयश्कता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक सदभाव बिगाड़ने या द्वेष फैलाने के कृत्यों के खिलाफ प्रशासन हमेशा सतर्क रहेगा।

## मनरेगा कर्मियों के साथ बीडीओ ने किया बैठक दिए कई निर्देश



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक किए। जहां मनरेगा कर्मियों के कई निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम बतलाए की 2020-21की सभी योजना को जल्द से जल्द बंद करें। एवं आम बागवानी पर विशेष फोकस कर लाभुकों को बागवानी देखभाल करने के लिए बताएं। कुप बन रहे को जल्द से जल्द कार्य पूरा करवाएं। मौके पर उपस्थित बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक निर्मल दांगी पार्वती देवी प्रदीप कुमार सत्येंद्र कुमार वर्मा शालिनी भारती कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार सिंह उपस्थित थे।

## राजभवन घेरने निकले विस्थापित किसान




**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतमाला एक्सप्रेस वे और शिवपुर कठोतिया रेलवे लाइन के विस्थापित किसान मंगलवार को रांची के लिए रवाना हुए। किसान रांची में रैली निकालेंगे और राजभवन का घेराव करेंगे। कार्यक्रम का समर्थन कर रहे वाममोर्चा के संयोजक अर्जुन कुमार ने बताया कि एक्सप्रेस वे और रेलवे लाइन के लिए किसानों से भूमि अधिग्रहित की गई है किंतु प्रोजेक्ट की एजेंसी ने बिना किसानों को मुआवजा और सुविधा दिए बगैर काम शुरू कर दिया है। एजेंसी के इस कार्रवाई से किसान आक्रोशित हैं और पिछले एक महीने से धरने पर बैठे हैं। किसानों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक से गुहार लगाई किंतु नतीजा शुन्य है। ऐसे में किसानों ने राजभवन घेराव का निर्णय लिया है। किसानों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। बगैर गांव जाकर किसी भी हालत में जमीन नहीं दी जाएगी। रांची के लिए रवाना होने वालों में विस्थापित किसानों के अलावा दर्जनों युवा मोर्चा के सदस्य शामिल थे।

## विभिन्न खेल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विद्या मंदिर में बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्थानीय लातेहार जिला केंद्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ, लातेहार में आगामी 20 व 21 जुलाई को होने जा रही क्षेत्रीय कैरम, टेबल सॉकर, लागोरी प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर ने किया। बैठक में क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि इस आगामी प्रतियोगिता में 250 भैया बहन उपरोक्त तीनों विधाओ में भाग लेंगे। भैया/ बहनों के आगमन खेल के प्रारूप, पुरस्कार आदि विषयों पर चर्चा हुई। स्थानीय स्तर पर आगामी खेलकूद का संयोजक सुधांशु कुमार दुबे समिति सदस्य को बनाया गया। बैठक में गरिमामय उपस्थिति अजय कुमार तिवारी प्रदेश सचिव, विद्या विकास समिति झारखंड, नीरज कुमार लाल निरीक्षक पलामू विभाग, नरेंद्र कुमार पांडे सचिव विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, खेलकूद प्रमुख कपिल देव प्रमाणिक, विकास कुमार गुप्ता, सुरेश ठाकुर उपस्थित रहे।

## एटीएम बीटीएम ने किसान मित्र के साथ किया बैठक खरीफ फसल को बढ़ावा देने का दिया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर में स्थित सिंगल विंडो में एटीएम दीनदयाल कुमार एवं बीटीएम अमरेंद्र कुमार पांडेय ने प्रखंड के किसान मित्रों के साथ मंगलवार को बैठक किया। जहां सभी किसान मित्रों को खरीफ फसल में बढ़ावा देने की बात एटीएम बीटीएम ने बतलाए। जहां मडुआ की खेती लगाने के लिए विस्तृत जानकारियां बताएं। साथ ही साथ एटीएम बीटीएम ने बतलाया कि गिद्धौर प्रखंड में 50 एकड़ में मडुआ लगवाना है। प्रति एकड़ 4 केजी के हिसाब से लगवाना है।वहीं कृषि ऋण माफी योजना में छूटे हुए किसान को ईकेवाईसी करवाने के लिए प्रेरित करने की बातें कहीं। पीएम किसान लाभुकों को भी ईकेवाईसी करवाने की बातें कहीं। स्वाल सैंपल (मिट्टी जांच) इकट्ठा करने के लिए सभी किसान मित्रों को निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित प्रसादी पासवान अशोक यादव ज्ञानी दांगी निरंजन दास रूनी देवी रामसेवक दांगी नागेश्वरी देवी एवं प्रखंड के दर्जनों किसान मित्र उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर दिया धरना, सौंपा अधिकारियों को ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड कार्यालय के समीप 27 जुन मंगलवार को प्रखंड आजसू पार्टी के तत्वावधान में प्रखण्ड अध्यक्ष परमेश्वर भगत के अध्यक्षता में भरष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित विधान सभा प्रभारी सह पूर्व प्रत्याशी आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने झारखंड सरकार के ख़िलाफ़ हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में जब से जेएमएम, कांग्रेस, राजद महाठगबंधन की सरकार बनी है चारो ओर भरष्टाचार का बोल बाला है। बिना लेन देन के कोई भी काम करना बड़ा कठिन हो गया है।आज अफसर शाही हावी है, बेखोफ होकर रिश्वत का लेन देन कर रहें हैं। झारखंड की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। आने वाली चुनाव में जनता अपना हिसाब करेगी। केंद्रीय सचिव सह लातेहार विधान सभा प्रभारी लालगुडू नाथ सहादेव ने कहा कि विधायक स्व.कमलकिशोर भगत के अधूरे सपनो को पूरा करना है, तो आजसू को समर्थन करना होगा। आजसू पार्टी हमेशा से ही गरीब मजदूर दबे कुचले शोषित वर्ग के साथ रही है।झारखंड की गठबंधन की सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है जनता गठबंधन की इस सरकार से ऊब चुकी है भय भ्र्ष्टाचार से जनता त्रस्त है।

## आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**इटखोरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय थाना की पुलिस ने हजारीबाग के घाटों थाना क्षेत्र के ग्राम बंजी के निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए युवक के विरुद्ध सोमवार को स्थानीय थाना में दूसरे की पत्नी को भगाकर ले जाने से संबंधित मामला दर्द हुआ था। पुलिस ने बताया है कि सोमवार को ही आरोपित युवक को गिरफ्तार करने के पश्चात शादीशुदा महिला को भी बरामद कर लिया गया था।

## महिला थाना प्रभारी को डीजीपी ने किया सम्मानित



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिसई निवासी कुमारी विशाखा पांडेय (महिला थाना प्रभारी धनबाद) को पॉक्सो ऐक्ट अनुसंधान एवम् पीड़ित परिवार को मुआवजा व न्याय दिलाने के लिए झारखंड पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने सम्मानित किया है। कुमारी विशाखा पांडेय पति सतीश कुमार पांडेय दोनों 2018 बैच के दारोगा हैं। इस सम्मान के लिए टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे टंडवा प्रखंड के लिए गौरव की बात है। इस सम्मान से सिसई गांव के साथ साथ पूरे प्रखण्ड का नाम रौशन हुआ है, एवम् नवयुवकों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है।

## बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था: मोबाईल की रौशनी से किया जाता हैं स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की ईलाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा में स्वास्थ्य सेवाएं इस कदर बदहाल है कि मोबाईल की टॉर्च की रौशनी से स्वास्थ्य कर्मी ईलाज कर रहे हैं दरअसल लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर हमेशा सवालों के घेरे में रहने वाले स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा की बात कर रहा हूँ। सरकार के द्वारा लोगो को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए एवं बेहतर बनाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए जा रही हैं। बेहतर व्यवस्था मुहैया के लिए लाख प्रयाश किया जा रहा हैं। वही कुन्दा स्वस्थ्य केंद्र में व्यवस्था नाम मात्र के ही रह गया हैं। जी सुनने में भले ही अटपटा लग रहा हैं।लेकिन बात सत्य हैं।ब्यवस्था की मामले की खुलासा तब हुवा जब सोमवार की रात्रि लगभग आठ बजे थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी गलु महतो के 22 वर्षीय पुत्र प्रकाश महतो व टिकैतबाँध गांव निवासी सोहराई गंझू के 21 वर्षीय पुत्र आशीष गंझू सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तभी घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने जब एम्बुलेंस ड्राइवर से संपर्क करना चाहा तो चालक का फोन बन्द बताया घटना की सूचना पाकर हिंदुस्तान पत्रकार संतोष कुमार यादव घटनास्थल पर खबर कवरेज के लिए पहुँचे तो सारे उपस्थित लोग एम्बुलेंस आने की इन्तेजार कर रहे थे।तभी पत्रकार ने अपने वाहन से दोनों घायलों को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे तो केंद्र में ताला लगा हुवा हैं।और सभी स्वास्थ्य कर्मी गायब थे।आधे घण्टे के बाद कर्मी आकर केंद्र का ताला खोला तभी दो एनएम पहुँचे।घायलों को बेड पर लेटा कर अंधेरे में ईलाज किया जा रहा था तो उपस्थित लोगों ने अपने अपने मोबाईल की रौशनी दिखा कर ईलाज कराया।दोनों घायलों की प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुवे बेहतर उपचार के लिए प्रतापपुर रेफर कर दिया गया। यहाँ के ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा की ब्यवस्था में सुधार करने की मांग किया हैं।वही यह लापरवाही आमजनमानस में चर्चा का विषय बना हुवा है। वही स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को लेकर नाराज़गी भी है।

## हवन पूजन के साथ हुआ शिशु वाटिका के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शिशु वाटिका के नवनिर्मित भवन तथा प्रधानाचार्य कार्यालय का उद्घाटन हवन पूजन व मंत्रो उच्चारण के साथ किया गया।इस हवन पूजन में विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, प्रांतीय खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल, पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, समिति सदस्य सुधांशु कुमार दुबे, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। वाटिका के नवनिर्मित भवन व प्रधानाचार्य कार्यालय का गणेश प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, प्रांतीय खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल, विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से हवन पूजन के पश्चात दीप प्रज्वलित कर व नारियल फोड़कर किया गया। इस कार्यक्रम में पुरोहित विजय कुमार पाठक जी के द्वारा सभी आचार्य एवं दीदी जी ने हवन किया साथ ही साथ वाटिका के सभी भैया बहनों ने हवन कर नवीन कक्षा में प्रवेश किया। वहीं विद्यालय की शिशु वाटिका प्रमुख आचार्या गीता कुमारी ने बताया कि नवीन भवन में नई शिक्षा नीति के तहत वाटिका के 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं के अनुरूप सभी भैया बहनों को शिक्षा दी जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा की शिशु वाटिका के 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं के अलावा खेलकूद, शारीरिक विकास, चित्र पुस्तकालय व विज्ञान प्रयोगशाला की मदद से भैया बहनों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी इस अवसर पर समिति के सदस्यों, विद्यालय के भैया बहनों व आचार्य दीदी जी के साथ भी बैठे और विद्यालय संबंधित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा किए। इस उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी का पूरा सहयोग रहा।

## उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने 08 लाभुको के बीच किया पशु का वितरण



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 26 जुन सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के हनहट, सढाबे व कैरो पंचायत के कुल आठ लाभुको के बीच चार बकरी व 1 बकरा प्रत्येक लाभुको के बीच प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी ने किया वितरण। मौके पर कैरो पंचायत में बकरी वितरण का शुरुवात करते हुए कैरो प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर क्षेत्र के गरीब किसान पशुपालक बकरी पालन कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से योजनाएँ चला रही हैं। कृषि के साथ-साथ पशुपालन करने से अच्छी आमदनी हो सकती है तथा लभुका का जीवन स्तर उच्चा उठ सकता है।पशुचिकित्सक अनिल कुमार ने कहा कि सरकार के द्वारा अनुदान पर सामाज के गरीब असहाय लोगो को प्राथमिकता के आधार पर ग्राम सभा के द्वारा चयनित कर पशुधन योजना का लाभ देने का कार्य कर रही है। लोग योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। मौके पर सबीन्द्र कुमार, सरिता देवी, शुशीला उरांव, गोबर्धन मांझी, शिवानी कुमारी,रुकमणी देवी, लालो उरांव, एतवा उरांव आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बकरीद को लेकर चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चरही थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत कि गई। जिसका बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार के द्वारा किया गया। वही संचालन इंद्रा पूर्व मुखिया दसरथ महतो द्वारा किया गया । वही समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों द्वारा अपना अपना बातो रखा। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के द्वारा बकरीद त्योहार को लेकर दोनों समुदायों के लोगों ने आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने कहा कि शोसल मिडिया पर किसी भी प्रकार के भडकाऊ फोटो एवं विडियों भेजने से परहेज करें अन्यथा ऐसे लोगों पर चिन्हित कर कानूनी कार्यवाही किया जायेगा। और किसी तरह का भी बात हो तो सबसे पहले चरही थाना प्रभारी को सूचित कर दे ।वही उन्होंने कहा कि बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाये वही उन्होंने सभी को बकरीद का मुबारकबाद भी दिए।बैठक में मुख्य रूप अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह, इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार, ए एस आई बैजनाथ महतो, सुरेंद्र कुमार, चुरचू प्रमुख निरंजन प्रकाश नायक, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, सुजीत सिंह, वरिष्ठ नेता झमुमो मो कुर्बानी अंसारी , जिला सचिव झमुमो नीलकंठ महतो, मो अब्दुल अंसारी,मो मिनहाज अंसारी , मो इस्तियाक अंसारी , आरिफ अंसारी, पंचायत समिति निरंजन महतो, डॉ रामसेवक प्रसाद, पिंडरा मुखिया देवलाल चौहान , बी एच पी प्रखंड मंत्री सतीश कुमार साहू, भुनेश्वर ठाकुर, बी एच पी प्रखंड अध्यक्ष बिनोद ठाकुर, शौक़त अंसारी, अहतेसमुल हसन, उपमुखिया दशरथ महतो, इसके अलावा सेकड़ो लोग उपस्थित थे।

### एकदिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम करनें का निर्णय



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के डिग्री कॉलेज सूर्यकुण्ड, बरकट्ठा का भवन का निर्माण कार्य संपन्न होकर भवन बनकर तैयार है।परतुं पठन-पाठन एवं विधार्थियों का नामांकन दाखिल की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग सहीत तेरह सूत्री मांगों को लेकर जैसे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में व्यापक रूप से फैले भ्रष्टाचार एवं सिक्सलेन सडक चौडीकरण में हो रहे विलंब को लेकर आगामी रविवार को अति आवश्यक बैठक व हल्ला-बोल कार्यक्रम बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रो0जानकी प्रसाद यादव के द्वारा रखा गया है। इसी निमित्त हल्ला-बोल कार्यक्रम सह् तेरह सूत्री मांगों के रूपरेखा तैयार करने को लेकर पूर्व विधायक प्रो0जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में एक अतिआवश्यक बैठक रखा गया।जिस बैठक कि अध्यक्षता समाजसेवी दर्शन सोनी के द्वारा किया गया जबकि संचालन महेन्द्र प्रसाद के द्वारा किया गया।बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में हल्ला-बोल कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि डिग्री कॉलेज सूर्यकुण्ड में पठन-पाठन अतिशीघ्र प्रांरभ किया जाय एवं सिक्सलेन सडक़ चौडीकरण के निर्माण कार्य में हो रहे विलंब व बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी सडक़ निर्माण कार्य में भूमी अधिग्रहित मुआवजा अतिशीघ्र किसानों को भुगतना किया जाय।

### रामगढ़ महाविद्यालय शिक्षक संघ का वैधानिक प्रक्रिया से होगा पुनर्गठन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ महाविद्यालय, रामगढ़ मे वरिष्ठ शिक्षकों की एक अहम बैठक डॉ रणविजय सिंह देव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के शिक्षक संघ का पुनर्गठन एक माह के अंदर वैधानिक तरीके से उचित प्रक्रिया के साथ किया जाएगा। उपस्थित शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि क्योंकि कार्यकारिणी की अवधि पूरी हो गई है अतः पुनर्गठन होना ही चाहिए लेकिन जिस तरीके से कल चुनाव कराया गया है वह असंवैधानिक है उचित प्रक्रिया नहीं अपनाया गया है वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किए बगैर नई कार्यकारिणी का चयन कहीं से भी संवैधानिक नहीं है। आज की बैठक में डॉ रणविजय सिंह देव, डॉ रत्ना पांडेय, डॉ सुनील कुमार अग्रवाल, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ सतीश सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ के सी दुबे, डॉ सरिता सिंह डॉ सी टी एन सिंह आदि उपस्थित थे।

## रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रांची - पटना के लिए मंगलवार को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही रांची-पटना वाया हजारीबाग रूट पर हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस का कॉमर्शियल परिचालन शुरू हो गया। रांची से चली वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर 12ः30 बजे बरकाकाना जंक्शन पहुंची। जहां ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व स्टेशन परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग रेल अधिकारी, आरपीएफ जवान , पंजाब रेजीमेंट के जवान अपने बैंड सहित कई स्कूलों के बच्चे और शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर रांची से पहुंचे लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं पंजाब रेजिमेंट के बैंड ने सेना की धुन पर देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की, वहीं प्लेटफार्म पर रेल कर्मी काफी देर तक बैंड बाजे की धुन पर झूमते रहे। इस दौरान रेलवे की ओर से सभी के बीच मिठाई भी बांटी गई। हरी झंडी दिखा कर गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, भाजपा सांसद प्रतिनिधि कुंटू बाबू ने किया रवाना । वहीं ट्रेन के आगमन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। साथ ही विधिवत नारियल फोड़कर और धूपबत्ती दिखाई गई। वंदे भारत ट्रेन पर सवार होकर रांची से बरकाकाना पहुंचे गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी , रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और भाजपा सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन 12ः43 बजे रवाना किया। मौके पर गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, भाजपा सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, नारायण चंद भौमिक, सुमन सिंह, योगेश दांगी, जगतार सिंह, वरूण सिंह, हरि रत्नम, हरेश राय , अरुण अग्रवाल, अनुपमा सिंह , नीरज मंडल सहित बड़ी संख्या में भाजपा और आजसू कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## कुंटू बाबू ने किया संपर्क से समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को भाजपा का देशव्यापी महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने संपर्क से समर्थन के तहत प्रसिद्ध व्यवसाई,प्रबुद्धजनों एवं कई गणमान्य व्यक्तियों को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली भाजपा की मजबूत और ईमानदार सरकार को अपना समर्थन देने हेतु आभार व्यक्त किया। थाना चौक से शुरू हुए इस अभियान में भारी संख्या में उपस्थित भाजपा आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू,ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना खटीक सहित दर्जनों कार्यकर्ता भी मौजूद रहें जिन्होंने उपस्थित लोगों के फोन से 9090902024 पर मिस कॉल करवाकर उनका समर्थन भाजपा के पक्ष में करवाया। इस अवसर पर कुंटू बाबू ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सेवा,सुशासन और लोककल्याण भरे नौ वर्ष पूरे होने पर हम उनकी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा रहें है ।

## पुलिस अधीक्षक रामगढ़ ने चैंबर ऑफ कॉमर्स रामगढ़ के सदस्यों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे के द्वारा चैंबर ऑफ कॉमर्स, रामगढ़ के सदस्यों के साथ पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के पुलिस अधीक्षक और चेंबर के सदस्यों के बीच दिन-प्रतिदिन की पुलिसिंग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आवश्यक कार्रवाई हेतु पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा चेंबर के सदस्यों से दुकानों/बाजारों में सीसीटीवी लगाने एवं यातायात प्रबंधन के संबंध में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु चैंबर से अनुरोध किया गया। इस बैठक में चेंबर सदस्य इस बैठक में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल एवं चेंबर के सदस्य मौजूद थे साथ ही पुलिस अधिकारियों में एसडीपीओ रामगढ़ किशोर कुमार रजक, पतरातू एसडीपीओ बीरेंद्र चौधरी ,डीएसपी संजीव कुमार ,रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## चितरपुर में धूमधाम से हुई मां विपत्तारिणी की पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के चितरपुर मायल बाजार व जवाहर रोड स्थित दुर्गा मंदिर में स्वर्ण वणिक समाज के द्वारा मां विपत्तारिणी की पूजा धूमधाम से की गयी। इस दौरान चितरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाएं मंदिर पहुंच कर मां विपत्तारिणी की विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही 13 प्रकार के मिष्ठान व फल, फूल और पकवान का प्रसाद चढ़ाये। पूजा अर्चना का कार्य पुजारी विमल हाजरा व साधन कुमार सामंतों द्वारा कराया गया। महिलाओं द्वारा मां विपत्तारिणी से क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने परिवार की सुख,शांति व समृद्धि की कामना की गयी। इसके अलावे हर तरह की विपत्तियों को हरने की कामना किया। मां बिपत्तारिणी की विधि विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगा कर अपने परिजनों को घोर विपत्ति से मुक्ति मिलने की कामना की। तत्पश्चात लोगों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर श्यामनारायण पोद्दार, कृतिवास पोद्दार, अशीत चंद्र पोद्दार, गौतम चंद्र पोद्दार, हेमानी देवी, माला चक्रवर्ती रोमा पोद्दार,साथी घोषाल उत्तमा पोद्दार, सीमा पोद्दार इला तिवारी,संध्या देवी, चिंता देवी,तासी पोद्दार, सीमा दत्ता, विभा देवी, माधुरी देवी, अंजलि देवी, नारायण पोद्दार, विवेक पोद्दार,ज्ञानचंद्र पोद्दार, पिंकी देवी, मीना देवी, लीला देवी, निरंजन पोद्दार, अशोक दत्ता,जयंत पोद्दार, आशीष दत्ता, बबलू पोद्दार, श्रीकांत पोद्दार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## बरही में तीन मिनट रुका वंदे भारत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर एक पर रेलवे समय अनुसार जैसे ही 2.36 पीएम में वंदे भारत एक्सप्रेस पहुँचा, बरहीवासियों ने गाजे बाजे के साथ फूल बरसाकर स्वागत किया। बरही स्टेशन पर वंदे भारत करीब तीन मिनट तक रुका, उसके बाद चली गई। इस दौरान सेल्फी लेने होड़ लगी रही।हालाकी वंदे भारत एक्सप्रेस का बरही स्टेशन पर पहुंचने का समय 1.20 पीएम था, निर्धारित समय के हिसाब से 1 घंटे 16 मिनट लेट पहुंची। रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का स्वागत करने व इसे देखने के लिए बरहीवासी काफी उतावले नजर आए। काफी संख्या में बरही वासी रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।

बता दे की बिहार-झारखंड को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिली है। जिसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाकर किया।इसके बाद वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से पटना के लिए रवाना हुई।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखने एवं आवश्यकता अनुसार धारा 107 110 एवं 116 की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर तेजी से अफवाहों के फैलने के मद्देनजर उपायुक्त ने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/ शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने वैसे क्षेत्रों जहां अब तक शांति समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई है उनमें जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों के माध्यम से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वहीं उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को लेकर पतरातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बकरीद पर्व को लेकर मंगलवार को पतरातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू हरी नाथ महतो व संचालन अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडेय ने किया। साथ ही बैठक में पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह,एसआई दिनेश तिवारी,थॉमस बारला व अनिल गिरी उपस्थित थे। इस मौके पर सीओ शिव शंकर पांडेय ने उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे का माहौल में मनाने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी रघुनाथ महतो ने कहा कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत सभी जगह पर पुलिस गश्ती दल मौजूद रहेगी और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखेगी ऐसे में कहीं भी किसी तरह की अफवाह फैलाई जाती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। तथा मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने कहा कि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण वह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।मौके पर मुख्य रूप से मुखिया पानो देवी,किशोर कुमार महतो,पंसस ज्योति गुप्ता,मुखिया प्रतिनिधि व समाजसेवी जयप्रकाश सिंह ननकी,राहुल रंजन,सोनी खान, वीरेंद्र झा,पंचम मुंडा,शशि पाठक, सुशील सिंह,अब्दुल हमीद,कामेश्वर महतो,रामेश्वर महतो,परमानंद राजीव,तुषार झा,गोविंद कुमार,मो समीउल्लाह,अशरफ अंसारी,मो सलीम,रामदेव प्रजापति सहित थाना क्षेत्र के तमाम पंचायत प्रतिनिधि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## राहुल कुमार सिंह ने पीवीयूएन से नाली सड़क व स्ट्रीट लाइट की रखी मांग

**पतरात (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने पीवीयूएन के सीएसआर विभाग से न्यू मार्केट क्षेत्र में कूड़ेदान स्ट्रीट लाइट एवं नाली निर्माण करवाने का मांग किया है। अपने लिखित आग्रह पत्र में उन्होंने न्यू मार्केट क्षेत्र के कई इलाकों में बह रहे गंदे पानी और कूड़ेदान के ना होने की वजह से चारों ओर फैले कचरे और अंधेरे का सामना कर रहे लोगों की परेशानियों का हवाला देते हुए इन मुख्य चीजों को यथाशीघ्र न्यू मार्केट क्षेत्र में उपलब्ध कराने का आग्रह किया। कटिया पंचायत स्थित न्यू मार्केट क्षेत्र के आम जनता तथा क्षेत्र में इस अव्यवस्था को लेकर जहां एक ओर जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता और लापरवाही देखने को मिल रही है वहीं चारों ओर फैल रहे पानी और गंदगी से क्षेत्र में भयानक बीमारियों के होने की आशंका जताते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए राहुल कुमार सिंह ने पीवीयूएन से एक अति आवश्यक मांग रखी है। युवा नेता राहुल कुमार सिंह ने पंचायत के विकास के दावों को खोखला साबित करते हुए कहा कि यह सिर्फ खोखले दावे हैं जहां एक ओर पीवीयूएन के आने से बाजारों में रौनक बढ़ी है, लोगों को रोजगार के मौके मिले हैं वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के बड़े बाजार न्यू मार्केट की स्थिति जर्जर है। जहां हर दिन लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा होती है वहां की जर्जर स्थिति विकास के खोखले दावों को मुंह चिढ़ाते नजर आती है। ऐसे में मजबूरन हमें पीवीयूएन से सहायता की मांग करनी पड़ रही है जो कहीं ना कहीं पंचायत के प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी थी।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बरही थाना परिसर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित सिंह ने किया। बैठक में डीएसपी नाजिर अख्तर भी मौजूद थे। बैठक में बरही क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने संकल्प लिया की हरेक वर्ष की भांति इस बार भी हमलोग शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने का संकल्प लिया। डीएसपी नाजिर अख्तर ने कहा की अपलोगो के सहयोग से अभी तक हर त्योहार संपन्न हुआ है, हमें पूरी उम्मीद है की आगे भी मिलता रहेगा। वहीं उन्होंने कहा की प्रतिबंधित पशु की बलि बिल्कुल भी नहीं देंगे, जानकारी मिलने पर कड़ी करवाई की जायेंगी। वहीं सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा की सभी संवेदनशील क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। घातक हथियार लेकर घूमना मना है, जुलुश नही निकालना है। वैसा नारा, भाषा, पोस्टर गाना यदि नहीं लगाना है जिससे दूसरे धर्म के लोगो को ठेस पहुंचे। वहीं थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा की पर्व के दौरान किसी भी सूरत में सामाजिक माहौल ना खराब हो इसके लिए असामाजिक तत्व और सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

## पानी की समस्या को लेकर बरही में समाजसेवियों ने किया मौन प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही में समाजसेवियों व विभिन्न पार्टी के लोगों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के परिसर में मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन विरोध धरना प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुनंदन गोप ने किया। वहीं अध्यक्षता राजद के बरही विधानसभा प्रभारी राजेंद्र स्वर्णकार ने किया। मौके पर युवा कांग्रेस नेता यमुना यादव ने कहा कि वर्षों से बरही प्रखंड के पांच पंचायत बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, रसोईया धमना, बेंदगी और कोनरा के लोगों को विभाग की उदासीनता के कारण बगल में तिलैया डैम होने के बावजूद पानी नहीं मिल रहा है। तीन तीन पानी टंकी के होते हुए भी पानी ऊंचे दामों पर लोगों को खरीदना पड़ रहा है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ रही है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से राजद के विधानसभा प्रभारी राजेंद्र स्वर्णकार, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुनंदन गोप, कुणाल कतरियार, गाजो यादव, करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, मास्टर शरीफुल हक, वासुदेव यादव, सुशील केसरी उर्फ नुनु, राजू राणा, मोहन प्रजापति, प्रयाग यादव, रामस्वरूप सिंह, शशि जयसवाल, विजय राम, राजेंद्र केसरी, विनोद राणा, साहिल, निजाम कुरेशी, पवन कुमार, विनोद प्रसाद, मो. यूसुफ, रामधनी साव, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## कॉलेज देखो सारथी-कॉलेज एडमिशन मेले में हजारों की भीड़ के साथ रांची में मिली शानदार सफलता

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद से ही देशभर में छात्र और माता-पिता प्रवेश के लिए सही कॉलेज ढूंढने में भारी समस्या का सामना कर रहे हैं। इन परिवारों की पीड़ा को समझते हुए, कॉलेज देखो ने रांची, झारखंड में 24 और 25 जून को कॉलेज देखो सारथी - मेगा प्रवेश मेले का आयोजन करके उनकी चिंताओं को कम करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। रांची शहर में पहली बार पेशेवर करियर परामर्श का इतने बड़े स्तर पर आयोजन किया गया और इस कार्यक्रम में छात्रों और अभिभावकों से भारी प्रतिक्रिया भी मिली। कॉलेज देखो सारथी मेले में, छात्रों को मुफ्त तकनिकी आधारित व्यक्तिगत करियर मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया गया, जिसमे अनुभवी पेशेवरों ने छात्रों की सहायता की और उच्च शिक्षा एवं करियर के आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता की। इस मेले में रांची, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर, लातेहार, चाईबासा, खूंटी, लोहरदगा, सरायकेला, सिमडेगा और अन्य पड़ोसी जिलों से हजारों छात्र और माता-पिता आए तथा कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभ उठाया। इस दो दिवसीय मेले के दौरान अभिनव उपाध्याय, CollegeDekho.com के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर ने ज़िले के 1000 से अधिक मेधावी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्रों ने अन्य छात्रों को परीक्षा की बेहतर तैयारी के सुझाव दिए। अभिनव ने छात्रों को कई सत्र में करियर मार्गदर्शन भी दिया।



## कुछ खास लोगों के लिए वंदे भारत ट्रेन चलाई गई- प्रभु दयाल कुशवाहा जिला अध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नेरेन्द्र मोदी ने आज वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन किया है ,जो आम जनों की सुविधा के लिए यह ट्रेन नहीं है बल्कि कुछ खास लोगों के लिए यह ट्रेन चलाई गई है । इसका भाड़ा आम लोगों के पहुंच से बाहर है। प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री भारत सरकार से अनुरोध होगा कि आम लोगों की सुविधा के अनुकूल एक दूसरी ट्रेन भी चलाया जाए । जिससे आम नागरिक, किसान, मजदूर, छात्र और व्यापारी गण का लाभ उठा सकें ट्रेन को रांची पटना से ही नहीं बल्कि देश के अन्य महानगरों मुंबई, कोलकाता, चेन्नई इत्यादि से जोड़ने का काम काम हो और ट्रेन का किराया आम लोगों के अनुकूल हो तब जाकर सभी लोगों को इसकी सुविधा का लाभ मिल पाएगा ।

## कुष्ठ रोग खोजी अभियान के मद्देनजर केंद्र स्तरीय टीम ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 15 से 28 जून 2023 तक चलाए जा रहे कुष्ठ रोग खोजी अभियान के तहत केंद्र स्तरीय टीम ने रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान डॉ सांता रमन एवं डॉ गौतम की अध्यक्षता में गठित टीम ने सर्वप्रथम गोला प्रखंड के मगनपुर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अब तक हुए सर्वे कार्य का जायजा लेते हुए टीम ने संदिग्ध पाए गए लोगों की सही तरीके से शारीरिक जांच करने एवं कुष्ठ रोगियों का अच्छे से उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों एवं स्लम क्षेत्र के लोगों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सर्वे कार्य में लगी सहियाओं तथा सुपरवाइजर्स को कुष्ठरोग खोजी अभियान के विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी।मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा, जिला काय चिकित्सक डॉक्टर सावंत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## हेसला के महेश्वर धाम शिव मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाने का निर्णय

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला के भक्तों के द्वारा महेश्वर धाम शिव मंदिर के प्रांगण में मंदिर समिति व ग्रामीणों की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण भक्तों ने आगामी 2 जुलाई से 3 जुलाई 2023 तक मंदिर में वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया।

# पदाधिकारी प्रदीप रजक से मिल हाल चाल जाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** मंगलवार को राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल सहायक महामंत्री विशेश्वर ठाकुर एरिया सेक्रेटरी जगदीश चंद्र बेदिया एवं केन्द्रीय सदस्य हरि करमाली ने रेलीगड़ा के शाखा सचिव प्रदीप रजक के आवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लिए और जल्द स्वस्थ होने की बातें कहीं साथ ही बैठक के माध्यम से मजदूरों की समस्या से संबंधित विचार विमर्श किया गया जिसकी अध्यक्षता हरि करमाली ने कि 1.बैठक में विगत 14/5/22 को रेलीगड़ा कोयला डिपो से हाईवा गाड़ी के द्वारा कोयले की चोरी हुई थी और इसको लेकर यूनियन ने पत्र के माध्यम से कार्रवाई हेतु मांग की गई थी लेकिन अभी तक इस पर इसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसको लेकर हमारी यूनियन इस पर दोष प्रकट करती है,2.13/7/22 को प्रबंधन के साथ मजदूरों की समस्याओं को लेकर वार्ता हुई थी जो अब तक उन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है इसके लिए यूनियन की बैठक कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी और परियोजना स्तर पर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया जाएगा,3. अरगड्डा एरिया में यूनियन को मजबूत करने हेतु सभी परियोजनाओं में सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया गया।

## कंजगी में बारिश से गली सड़कों में जमा हुआ कीचड़, लोग परेशान

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुमरी-कंजकी मुख्य सड़क से जुड़ने वाले ग्रामीण गली सड़कों का हाल बीते 2 दिनों के रुक-रुककर हो रही फुहारे बारिश ने मार्ग पर कीचड़ जमा कर दिए हैं। इससे ग्रामीणो, स्कूली बच्चों व वाहन चालक को परेशानी भी हो रही हैं। लोग फिसल रहे हैं। वाहन चालक अनियंत्रित हो रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि कंजगी मुख्य सड़क के किनारे नालियों से बहने वाले पानी के साथ कीचड़ गली के सड़कों के इर्द-गिर्द जमा हो जा रहे हैं। इससे सड़क पर चलने में मुश्किल हो रही हैं। जबकि अब तक साफ सफाई की व्यवस्था नहीं की जा रही हैं।

## भाजपा रामगढ़ नगर परिषद ने मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को सुना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद की ओर से भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लाइव प्रसारण सुना इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष संजय साह किया । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रुप में रामगढ़ नगर परिषद के प्रभारी भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा उपस्थित हुए कार्यक्रम में अर्जुन कुशवाहा विनोद प्रसाद मुकेश ठाकुर विरेंद्र प्रजापति दुलाल पंडा अंशु सिंह बिट्टू कुशवाहा प्रमोद यादव दि ले श्वर कुशवाहा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सामूहिक सहभागिता से सफल होगा रूआर : बीडीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू):** शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। बैक टू स्कूल कैम्पेन -2023 एक महत्वाकांक्षी अभियान हैं ।इसे सामूहिक सहभागिता से ही सफल बनाया जा सकता है उक्त बातें पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कही वे मंगलवार को पंडवा प्रखंड कार्यालय में आयोजित स्कूल रुआर 2023 के शुरुआत के अवसर पर उपस्थित मुखिया, आंगनबाड़ी सेविका व अभिभावक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में स्कूल से बाहर के बच्चों जो पांच से आठरह वर्ष के हों जो अनामांकित हो उन्हें विद्यालय में नामांकन दाखिल करवाएं। कहा कि हमारे प्रखंड के बच्चे ड्रॉपआउट ना रहे। इसका विशेष ध्यान रखें। मौके पर बीईईओ बलराम पाठक ने कहा कि विद्यार्थी ही शिक्षा विभाग के बुनियाद होते हैं। इसे मजबूत बनाए बिना समाज का विकास संभव नहीं है। कहा कि रुआर कार्यक्रम पंद्रह जुलाई तक चलाया जाएगा। इस दौरान सुनिश्चित हो कि विद्यालय से बाहर के सभी बच्चों का नामांकन हो जाए व उनका ठहराव हो।इस मौके पर मुखिया कमला देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, आशा प्रसाद, लेखापाल जयप्रकाश ठाकुर, सीआरपी दिनेश सिंह, धिरज मोहन, हरिनंदन कुमार, राजन कुमार, बीआरपी सुभाष चन्द्र ओझा, ओमप्रकाश सिंह, शिक्षक शशिभूषण सिंह, राजीव तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने वंदे भारत ट्रेन का किया स्वागत, कहा अभी भी नही मिला लंबी दूरी का ट्रेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय ने वंदे भारत ट्रेन का हजारीबाग में स्वागत किया साथ यह भी कहा की अभी भी लंबी दूरी का ट्रेन हजारीबाग वासियों को नही मिला । पूर्व में भी इस ट्रैक पर रांची पटना ट्रेन चल रही थी ,आज भी बंदे भारत ट्रेन की रूट वही है । यह ट्रेन चुनावी ट्रेन है । हर बार लोक सभा चुनाव आते ही कभी इंजन का कभी बोगी का और आज वंदे भारत का उद्घाटन किया । यह ट्रेन न गरीब जनता के लिए है न उच्च शिक्षा उच्च चिकित्सा न पर्यटन के लिए न व्यापारी वर्ग के लिए है। जिस रूट में है लोगो को कोई फायदा इस ट्रेन से नही है। साथ इतना महंगा ट्रेन किराया है की आम आदमी न रांची जाने का सोच सकता है न पटना जाने का विधायक सांसद खुश तो है पर जनता को इस ट्रेन आने की कोई खुशी नहीं है ।सांसद को स्वर्ण जयंती ट्रेन गरीब रथ महाबोधी ट्रेनों को एक एक दिन परिचालन और ठहराव हजारी बाग में हो इनके लिए अपने सरकार के रेलवे मंत्री से मांग करनी चाहिए जिस तरह से उद्घाटन में सांसद विधायक मंत्री श्रेय लेने की होड़ में है सब ड्रामा नजर आ रहा है।लंबी दूरी की ट्रेन की मांग लगातार हजारीबाग की जनता को रहेगी ।

## अरगड्डा में मां बिपत्तारिणी की पूजा भक्तों ने 13 प्रकार के फल, फूल व मिष्ठान के साथ हर्षोल्लास से मनाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा के सार्वजनिक मां दुर्गा मंडप प्रांगण में मंगलवार को मां बिपत्तारिणी (संकट हरनी) माता की पूजा भक्तों ने 13 प्रकार के फल,फुल, मिष्ठान अर्पित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। अवसर पर पूजन ब्राह्मण गौरांग बनर्जी के द्वारा बांग्ला रीति रिवाज के साथ विधिवत करवाई गई। इसमें क्षेत्र के समाज की महिलाओं ने मां के दरबार में उपवास रखकर पूजा सुनी। अपने सामर्थ्य के अनुसार मां आदिशक्ति अष्टभुजी माता को भक्ति भाव से पुष्पांजलि, आरती कर पूजन संपन्न किया। इसके बाद एक दूसरे के बीच प्रसाद वितरण किया। सभी व्रती महिलाओं ने मां जगत जननी से अखंड सुहाग, सौभाग्य, सपरिवार सुखमय जीवन और क्षेत्र की शांति समृद्धि की कामना किया। इस दौरान मां भवानी के दर्जनों नामों से मां दुर्गा का मंडप क्षेत्र गुंजामय बन उठा।

# बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और महिला सुरक्षा चिंतन का विषय : गुंजन सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला महिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक महिला अध्यक्ष इंदु भगत की अध्यक्षता में स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक और बिट्टू पाठक मौजूद थेमहिलाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और महिला सुरक्षा चिंतन का विषय है आप महिला बहने आगे आकर इसका पुरजोर विरोध करें केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही है साथ ही आज हम महिलाओं को अपना घर परिवार चलाने में काफी दिक्कत हो रही है केंद्र सरकार की उजाला योजना महिलाओं के साथ धोखा है सभी महिला ठगा महसूस कर रही है गैस सिलेंडर दिखावे की वस्तु हो गई है देश में बढ़ती बेरोजगारी से युवाओं का सपना टूट रहा है आज देश में महिलाओं और युवाओं को एकजुट होकर केंद्र सरकार को सबक सिखाने की जरूरत है और 2024 की तैयारी में लग जाना है पलामू जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने



कहा की महिलाओं को अपना हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा कांग्रेस पार्टी महिलाओं के लिए काफी ऐसा योजना लाइए जिससे महिला अपने आप को मजबूत समझती है लेकिन जब से मोदी सरकार आई है आधा आबादी पूरा हक को दरकिनार करके रखी है मोदी सरकार जो महिलाओं को नजरअंदाज किया है उसका खामियाद 2024 में भुगतना पड़ेगा। महिला संगठन को प्रखंड और पंचायत स्तर तक मजबूत करना होगा। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी पार्वती देवी पिंकी सिंह पूजा सिंह कोषाध्यक्ष अजय साहू मुकेश सिंह सोनम वर्मा डा सैल सीखा चंपा देवी रिंकी देवी सुनीता देवी शहनाज परवीन उषा देवी बेबी देवी लीला देवी संगीता देवी बासमती देवी अमृता कुमारी विमला कुंवर लीलावती कश्यप शकुंतला देवी प्रतिमा देवी उपस्थित थे।

## मां बिपत्तारिणी की पूजा की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बंगाली टोला रामगढ़ कैंट में प्राचीन काली मंदिर मैं मां बिपत्तारिणी का पूजन वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पुजारी गणपति गोस्वामी श्यामा दास गोस्वामी चंदन गोस्वामी सहायक ऋषिकेश सिंह पूजा में 13 प्रकार के फूल तेरा प्रकार के प्रसाद और लाल सुथार लाल धागा बांधकर महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर पूजा में शामिल हुई सैकड़ों महिलाएं साधना रानी सत्या रूपा रानी चटर्जी ममता रानी रीता दिव्या पर महारानी दिव्या काकुली रानी दिव्या पूर्णिमा रानी दिव्या आरती रानी दिव्या रेनू रानी दिव्या खमा दिव्या आदि थे ।


### कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com
सूचना।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू का आदेश ज्ञापांक 779/जि0प0, दिनांक 15.06.2023 के माध्यम से हुसैनाबाद प्रखण्ड में रानीदेवा एवं देवरी नावघाट बन्दोबस्ती हेतु प्रकाशित (PR 300262 District (23-24)D) आम डाक को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है। डाक हेतु अगली तिथि की सूचना विज्ञापन द्वारा प्रकाशित की जायेगी।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।
PR 300972 District(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जमशेदपुर
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई निविदा आमंत्रण सूचना के निविदा संख्या –02/2023–24/RWD/EE/JSR दिनांक 06.06.2023 PR No.- 299575 REO(23-24) D द्वारा प्रकाशित निविदा में क्रमांक संख्या–1, 2 एवं 3 की सभी शर्त्ते यथावत् रहेंगी। क्रमांक संख्या–4 एवं 5 में अंकित निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 01.07.2023 अपराह्न 03:30 बजे के स्थान पर 03.07.2023 अपराह्न 03:30 बजे पढ़ा जाय तथा क्रमांक संख्या– 6 में अंकित निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.07.2023 अपराह्न् 11:00 बजे के स्थान पर 04.07.2023 अपराह्न 11:00 बजे पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर
PR.NO.300984 REO(23-24):D

### कार्यालय, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा
प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग एवं उन्नयन योजना

**आम सूचना**

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग एवं उन्नयन (PM-FME) योजना अन्तर्गत दिनांक 15.07.2023 तक विशेष अभियान के तहत ऋण लेकर अपना उद्यम स्थापित करने हेतु इच्छुक उद्यमियों से Online आवेदन पत्र जमा करने हेतु प्रत्येक प्रखण्ड में District Resource person (DRP) प्रतिनियुक्त हैं।

(ii) आवेदन पत्र "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योग हेतु आवेदन पत्र निष्पादित किया जाएगा।

(iii) नए उद्यम स्थापना या उन्नयन पर अधिकतम 1.00 (एक) करोड़ तक की परियोजना FPO/ स्वयं सहायता समूह/सहकारिता समूह के लिए अधिकतम 10.00 (दस) करोड़ तक की परियोजना बैंकों के माध्यम से ऋण मुहैया कराने का प्रावधान है।

(iv) मार्जिन मनी:– लाभार्थी को परियोजना का 10% स्वयं का अंशदान अनिवार्य है।

(v) अनुदान:– नए उद्यम/उन्नयन पर अनुदान (Subsidy) परियोजना लागत का 35% अधिकतम 10.00 (दस) लाख।

उम्र:– न्यूनतम उम्र 18 वर्ष , अधिकतम कोई उम्र सीमा नहीं।

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा
PR 300998 Lohardaga (23-24)_D

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।
**आवश्यक सूचना।**
(लापता वेद ब्यास प्रजापति, उम्र–25 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–10/23, दि0–23/06/2023, में लापता वेद ब्यास प्रजापति, उम्र–25 वर्ष, पिता– बाबूलाल प्रजापति, सा0–गोन्दा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाला है। जो दिनांक–20.06.2023 के सुबह में घर के किसी सदस्य को बिना बताये कही चला गया है। जिसका काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता वेद ब्यास प्रजापति, उम्र–25 वर्ष, पिता– बाबूलाल प्रजापति, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
नाम– वेद ब्यास प्रजापति,
उम्र– 25 वर्ष, रंग– गोरा,
लम्बाई– लगभग 5 फीट 2 ईंच
पहनावा– सर्ट–सफेद रंग, पैन्ट–हल्का ब्लु रंग, लाल रंग का हवाई चप्पल।
आधार नं0– 6758–6836–7126, मो0नं0–9110150052

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।
PR 300978 (Police) 23-24 (D)

### झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
**CORRIGENDUM**
T. Reference No. :- S/R -07/2023-24 (PR NO. 299909 ) Date 27.06.2023

| Si.No. | PARTICULARS | PREVIOUS DATE | CURRENT DATE |
|---|---|---|---|
| 3. | Date of Tender Uploading on Website | 17.06.2023/04.00 PM. | 01.07.2023/04.00 PM |
| 4 | Document Download / Sale Start Date | 17.06.2033/04.00 PM. | 01.07.2023/04.00 PM |
| 5 | Bid Submission Start Date | 17.06.2023/04.00 PM. | 06.07.2023/04.00 PM |
| 6 | Document Download / Sale End Date | 23.06.2023/04.00 PM. | 06.07.2023/04.00 PM |
| 7 | Bid Submission End Date | 23.06.2023/04.00 PM. | 06.07.2023/04.00 PM |
| 8 | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 24.06.2023/01.00 PM. | 07.07.2023/01.00 PM |
| 9 | Date of Opening of Tender | 26.06.2023/11.00 AM. | 08.07.2023/11.00 AM |

नोट:–1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
PR 301005 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

### कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 05/2023-24 (2nd Call) Date – 26-06-2023

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Vendor Market Complex at Pani Tanki Road In Ward No -27 Under Jhumritelaiya Nagar Parishad. | 2459650.00 | 49200.00 | 5000.00 | 150 दिन |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.07.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 11.07.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं स्थान : 14.07.2023 अपराहन 4.00 बजे। तिलैया थाना परसिर, झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 15.07.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद
PR 300995 Urban Development(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0,कोडरमा।
अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – 01/EE/RE/NREP/KODERMA/2022-23 2nd Call

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चंदवारा प्रखण्ड के पंचायत आरागारो ग्राम सरदारोडीह हरनणझोकवा मोड़ से मो0 सुल्तान मियाँ के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2484000.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह (03) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 07.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 08.07.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता एन0आर0ई0पी0, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –10.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, कोडरमा।
PR 300989 NREP(23-24)D

### कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग
**–:आम सूचना:–**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

सरोज कुमार शुक्ला उर्फ झून्नू उर्फ कुमार निखिल नावल्द (मृत्यु)
ललिता देवी (जीवित) स्व0 मदन शुक्ला
मनोज कुमार शुक्ला (पुत्र)
श्रीमती मीरा शुक्ला (पुत्री)
नीरा शुक्ला (पुत्री)
नीलिमा शुक्ला (पुत्री)

अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग
PR301001 (District)23-24*D

# ईद-उल-अजहा नमाज की समय सारिणी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार दिनांक 29 जुन 2023 को पूरे भारत वर्ष मे बड़े ही धूम धाम से मनाये जाने की तय्यारी है। ईद के बाद बकरीद मुस्लिम समुदाय का दुसरा सबसे बड़ा पर्व है जिसे कुर्बानी का भी त्योहार कहा जाता है। इसी संदर्भ मे धनबाद और उसके आस पास के क्षेत्र मे कब कहां और कितने बजे ईद उल अजहा की नमाज़ अदा की जाएगी, उसका समय सारिणी इस प्रकार है :-

रेलवे ग्राउंड 07:00 बजे, नया बाजार ईदगाह मस्जिद 07:00, टी सी कंपाउंड मस्जिद 07:30, हैदरी मस्जिद लोहा मार्केट 07:00, मनईटांड़ मस्जिद 07:45, नूरी मस्जिद वासेपुर 07:00, अब्दुल जब्बार बड़ी मस्जिद 07:15, शमशेर नगर ईदगाह 07:00, इस्लामपुर ईदगाह 06:30, नई मस्जिद वासेपुर 06:30, मदरसा तेगीया रहमतगंज 05:45, रहमतगंज मस्जिद 07:00, सी ब्लॉक मदरसा इस्लामिया भूली 07:00, डी ब्लॉक टाउनशिप ईदगाह 06:45, अहसान आलम मस्जिद मारूफगंज 06:30, मदीना मस्जिद कुसुंडा स्टेशन 08:00, कोयला नगर मस्जिद 07:30, रजा मस्जिद शमशेर नगर 06:30, आइशा मस्जिद भूली रोड 06:45, गौसिया मस्जिद भटटा मोहल्ला नया बाजार 06:15, गौसिया मस्जिद मिल्लतगंज 06:15, बगदादी मस्जिद चेक पोस्ट कतरास रोड गोधर 07:30, जोनल ट्रेनिंग स्कूल वासेपुर 06:45, न्यू कॉलोनी मस्जिद वासेपुर 06:30, आज़ाद नगर ईदगाह 07:00, मस्जिद अल्हेरा फ्रेंड्स कॉलोनी 06:30, मिल्लत मस्जिद काम्प्लेक्स मिल्लत कॉलोनी 06:30, मदनी मस्जिद मदनी नगर शमशेर नगर 06:00, जामा मस्जिद पुराना बाजार 08:00, ग़ौसुल आजम मस्जिद आज़ाद नगर इमामबाड़ा 06:45, मस्जिद खैरुनिसा ग़फ़्फ़ार कॉलोनी 06:30, अशरफुल मस्जिद अशरफ नगर गुलजारबाग 05:30, सबीली मस्जिद दरगाह शरीफ स्टेशन रोड 07:15, मस्जिद यतीमखाना नया बाजार 06:30, अब्दुल गनी मस्जिद अजिमिया आबाद बाई पास रोड 06:00, याहिया रजा मस्जिद बाई पास रोड 05:30, कोला कुसमा ईदगाह कोरा डीह 07:15, मस्जिद उमर अमन सोसाइटी गेट नम्बर 3, 06:30, मस्जिद हुसैन नईमूल हक नगर पांडर पाला 06:00, मोहसिन आज़्म मस्जिद जामिया नगर 06:15, मस्जिद अबू बकर सिद्दीक रहमतगंज 05:45, मोहम्मदी मस्जिद बाई पास रोड 06:30, मस्जिद यूसुफ नबी नगर वासेपुर 05:45, मक्का मस्जिद कलाली बागान 06:30, मस्जिदे कुबा रमज़ान मंजिल 06:00, सिल्वर डोव स्कूल मैदान 06:00, जैबुन निशा मस्जिद 06:45, मस्जिद अबू बकर गेट नंबर चार 06:15, मस्जिदे खदीजतूल कुबरा न्यू मटकुरिया वासेपुर 06:00।

# शॉर्टकट अपना, अपराध के दलदल में धंसते जा रहे हैं वासेपुर के नाबालिक

## अपने साथ साथ परिवार का भी भविष्य कर रहे हैं बर्बाद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रातों रात करोड़पति बनने और ड्रग्स की बुरी लत में पड़ कर वासेपुर के किशोर अपराध के दलदल में फंस रहे है। इन दिनों पुलिस भी वासेपुर के बुद्धिजीवियों और उलेमाओं के सहारे इन भटके हुए युवाओं को मुख्य धारा में लाने का प्रयास कर रही है। लोगों की मानें तो अपराध के दलदल में नाबालिग इस तरह धंसते जा रहे हैं कि वासेपुर के इतिहास में यह पहला अवसर है जब उलेमा मस्जिदों से तकरीर कर बच्चों को गुमराही से बचाने की अपील कर रहे है। इन दिनों पुलिस भी स्थानीय लोगों के साथ लगातार बैठक कर यह प्रयास कर रही है कि कैसे इन भटके हुए नाबालिगों को सही रास्ते पर लाया जा सके। अभी वासेपुर के जो हालात बने है इसके लिए कही न कहीं अभिभावकों का गैर जिम्मेदाराना रवैया भी शामिल है। ऐसे में नाबालिग भटक कर अपने साथ अपने परिवार के भविष्य को भी बर्बाद कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं स्थानीय लोग

**ड्रग्स के सेवन के लिए कर रहे हैं क्राइम : मुख्तार खान**



टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह समाजसेवी मुख्तार खान ने बच्चों के भटकाव के लिए अभिभावक के साथ साथ ड्रग्स को भी जिम्मेदार माना है। उनका कहना है कि ड्रग्स की बुरी लत के कारण किशोर अपराध की दलदल में फंसते जा रहे हैं। यहां पुलिस को भी चाहिए कि इन ड्रग्स की बिक्री करने वालों पर नकेल कसे। साथ ही माता पिता को अपने बच्चों पर पैनी नजर रखने की जरूरत है।

**शिक्षा के साथ साथ रोजगार का भी हो उपाय : अबू तल्हा**



एपेक्स कोचिंग के संचालक अबू तल्हा के अनुसार वासेपुर के किशोरों के भटकाव का एक मुख्य कारण बेरोजगारी भी है। किशोरों के लिये अच्छी शिक्षा के साथ साथ रोजगार का उपाय भी होना चाहिए। रोजगार के अभाव में पढ़े लिखे युवा भी भटक कर अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपराध में लिप्त हो रहे है। माता पिता को चाहिए कि अपने बच्चों की छोटी से छोटी हरकतों पर नजर रखे।

**किशोरों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें अभिभावक : अनवर शमीम**



अधिवक्ता सह कांग्रेस नेता अनवर शमीम के अनुसार वासेपुर के अभिभावकों को अपने बच्चों के पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों को अच्छे स्कूल और कॉलेजों में पढ़ाने एवं इस्लामी तालीम भी देने की जरूरत है। इस्लाम धर्म मे बुराई की कोई जगह नहीं है।

**पढ़ाई के साथ साथ खेल को बढ़ावा देने की आवश्यक्ता : निसार आलम**



पूर्व पार्षद निसार आलम के अनुसार किशोरों को पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी ध्यान देने की ज़रूरत है। खेल मे भी कैरियर के पर्याप्त अवसर है। खेल कूद मनोरंजन का बेहतरीन साधन है जिससे युवाओं मे सकारात्मक उर्जा का संचार होगा।

# भाकपा माले ने शाखा कमिटी का किया गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत चितरडीह पंचायत के तरडीहा में मंगलवार को भाकपा माले ने पार्टी को विस्तृत करते हुवे शाखा कमिटी का गठन किया । इस बैठक में सर्व सम्मति से बिंदु देवी को सचिव के रूप में चुना गया। भाकपा माले लगातार क्षेत्र में शाखा कमिटी का गठन कर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रही है। इससे पूर्व में भी अनेक जगहों पर शाखा कमिटी का गठन किया जा चूका है। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव रितलाल वर्मा, रंजीत यादव, दिलीप सिंह, धनेश्वर साव, वासुदेव ठाकुर, सूदन सिंह सोनी देवी, चमेली देवी, सुनीता देवी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मछली कारोबारी के घर पर चली गोली

## प्रिंस के गुर्गे ने पत्र जारी कर ली जिम्मेवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मछली कारोबारी रशिद महाजन के घर पर देर रात दर्जनों राउंड गोली चलने की खबर सामने आ रही है। जिसकी जिम्मेवारी गैंगस्टर प्रिंस खान के शूटर मेजर ने ली है। लेकिन गोलीबारी के सूचना की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।

वहीं सोशल मीडिया पर एक पत्र तेजी से वायरल हो रहा है जिसमे प्रिंस खान के गुर्गे मेजर ने गोलीकांड की जिम्मेवारी लेते हुए लिखा है की हम छोटे सरकार के शूटर मेजर, यह जो गोली रसीद महाजन के घर पर चला है, इसका हम जिम्मेदारी लेते हैं। तुम क्या सोच रहा, मेजर का कॉल इग्नोर करके या गार्ड रख कर तुम मेजर के गोली से बच जाएगा? पहले तेरा गार्ड को ठोकेंगे फिर तेरा खोपड़ी खोलेंगे, अगर मैनेज नहीं किया तो। सुन लो व्यापारी लोग कान खोल कर -






**"देगा व्यापारी तो बचेगा व्यापारी, नहीं तो दुर्गापुर जाएगा व्यापारी"**

कुछ ऐसे ही बातें लिखकर व्यापारियों में खौफ और दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। हालांकि जिला पुलिस ने हाल ही में गैंगस्टर प्रिंस खान गैंग के दर्जनों लोगों को जेल भेज चुकी है। इसके बावजूद धमकी का मामला थम नहीं रहा है। स्थानीय बताते हैं कि इन दिनों पूरे इलाके में दुकान व्यवसाय चलाना मुश्किल होता जा रहा है। क्योंकि कई दुकानों के मालिकों को गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम से धमकी भरे फोन आ चुके हैं। ऐसे मामले में न तो पुलिस कुछ स्पष्ट बताती है और ना ही व्यापारी। पिछले कई महीनों से व्यापारियों व स्थानीय लोगों को धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। जिसका परिणाम है कि नया बाजार और वासेपुर इलाके में कई दुकान के शटर गिरे हुए नजर आ रहे हैं। लोगों मे दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बाल तस्करी के खिलाफ कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कसमार प्रखंड स्थित मधुकरपुर उच्च



विद्यालय में सुरक्षित गांव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सहयोगिनी संस्था कोऑर्डिनेटर रवि कुमार में कहा कि बाल तस्करी कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि अगर क्षेत्र में ऐसा कोई भी मामला सामने आता है, तो तुरंत टोल फ्री नंबर में कॉल कर सूचना दे। स्कूल के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने बताया कि बाल तस्करी को हम सब मिलकर ही रोक सकते हैं। यह बहुत गंभीर मामला है। इस संबंध में जन जन तक जागरूकता फैलाना हम सभी लोग का जिम्मेवारी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इस दौरान कॉमिक्स बुक्स का वितरण छात्र छात्राओं के बीच किया गया जिसके माध्यम से बाल तस्करी रोकने की कहानी बताई गई इस दौरान सभी बच्चों ने शपथ लिया कि बाल तस्करी के लिए अपने गांव को सुरक्षित करेंगे तथा लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सहयोगिनी के प्रवीण कुमार तथा कुमारी किरण उपस्थित थी।

## छात्र-छात्राओं को दी गई बिदाई

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुबन थाना क्षेत्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय सीके भूली सिनिडीह में छात्र एवं छात्राओं को विदाई दी गई इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने खुशी मनाते हुए संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत की एवं एक दूसरे छात्र-छात्राओं रंग गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की एवं शिक्षकजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक शिवनाथ कुमार तिवारी ने सभी छात्र छात्राओं को टी सी देकर उज्जवल भविष्य कि कामना किया। उन्होंने कहा कि कक्षा 8 तक ही हमारी स्कूल में शिक्षा की व्यवस्था थी अब हमारी स्कूल से जो भी छात्र उस स्कूल से विदाई हो रहे हैं उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूसरे स्कूल में नामांकन करेंगे।

## अनियंत्रित ट्रेलर टकराया पेड़ से, जा रहा था उड़ीसा से गुवाहाटी

**सिंदरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोशाला ओपी क्षेत्र स्थित कान्ड्रा डीवीसी मोड़ के पास छड़ लदा ट्रेलर संख्या एनएल 01 एजी 2214 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। घटना मंगलवार की सुबह करीब 3:30 बजे की है। इस घटना में वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में फंसे चालक छोटू यादव को स्थानीय लोगों के सहयोग से गैस कटर का उपयोग कर निकाला गया। उसका इलाज चासनाला सीएचसी में किया गया। उसने बताया कि वो उड़ीसा के बरबिल से छड़ लेकर गुवाहाटी जा रहा था। इधर मौके पर पहुंची गोशाला पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया है।

# नेहरू युवा केंद्र ने जिला स्तरीय युवा उत्सव का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र गिरीडीह द्वारा स्कॉलर बी एड कॉलेज में जिला स्तरीय युवा उत्सव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डीपीआरओ रश्मि सिन्हा, स्कॉलर बीएड कॉलेज की प्राचार्य डॉ शालिनी, डॉ मृगेंद्र नारायण,मति हरदीप कौर,मंजूर आलम आदि उपस्थित रहे। वही समापन समारोह में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से सूबेदार मेजर पन्नालाल ठाकुर एवं चंद्रशेखर सिंह ने युवाओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। डॉक्टर शालिनी के द्वारा युवाओं से अपनी नेतृत्व क्षमता का विकास करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने हेतु आह्वान किया गया।




युवा उत्सव के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अमृत काल के पंच प्रण विषय पर केंद्रित कुल 5 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें की भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रस्तुति ,कविता लेखन, मोबाइल फोटोग्राफी एवं चित्रकारी प्रतियोगिता रही ।

इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह एवं जिला निर्वाचन कर्यालय द्वारा जल संरक्षण अंतर्राष्ट्रीय महत्व एवं वोटर हेल्पलाइन एप तथा स्वीप अभियान के प्रति जागरूकता हेतु स्टॉल भी लगाए गए थे।

रश्मि सिन्हा ने युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सदर प्रखंड से युवा मंडल के सदस्यों को खेल सामग्री भी वितरित की गई। निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप मेंरंजीत कुमार, महेश अमन, प्रदीप कुमार गुप्ता, सोनू, ओम प्रकाश कुमार, हरमिंदर सिंह बग्गा, राजेश सिन्हा आदि ने अपनी भूमिका निभाई।

# सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को मटकुरिया स्थित दुर्गा मंडप भवन में बरनवाल युवा मंच धनबाद शाखा ने रक्तदाता सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसबीआई के उप प्रबंधक विजय कुमार, मनोज कुमार जनरल सेक्रेट्री एसबीआई आरबीओ, शिवेंद्र सिंह बैंक मोड़ मंडल अध्यक्ष, वेद प्रकाश दुबे अध्यक्ष लोकहक मानव सेवा परिषद को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक राज सिन्हा ने बरनवाल युवा मंच को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# स्कुलरू आर का प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** एगारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय कुमारधुबी में मंगलवार को स्कूलरू आर 2023 का प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने किया। वही मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद क्षेत्र संख्या 29 सदस्य गुलाम कुरेशी व जिला परिषद क्षेत्र संख्या 28 के सदस्य बादल बाउरी, उप प्रमुख बिनोद दास रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापिका सुचिता टुडु ने सभी मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। निरसा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सपन कुमार मंडल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि रूआर 2023 सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है बच्चों को स्कूल से जोड़ने की सार्थक मुहिम है। हमारे सरकारी स्कूल भी किसी निजी विद्यालय से कम नहीं है। यह कार्यशाला बच्चों को स्कूल में उनके नामांकन और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है।

स्कूल रूआर 2023 अंतर्गत 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का स्कूल में वापस लाना और नियमित अध्यापन कार्य किया जाना है।

### लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलिट ने किया वृक्षारोपण

# पर्यावरण असंतुलन को दूर करने का सबसे कारगर उपाय वृक्षारोपण है : धर्म

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में लायंस क्लब आफ गिरिडीह एलिट के द्वारा गिरिडीह समाहरणालय में वृक्षारोपण किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रिय लकड़ा ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त महोदय के द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि पूरा विश्व पर्यावरण असंतुलन से जूझ रहा है। प्रत्येक वर्ष विश्व के तापमान में वृद्धि हो रही है ।लायंस क्लब इंटरनेशनल ने तय किया है कि पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाय। हम सभी जानते हैं कि वृक्षारोपण पर्यावरण असंतुलन को दूर करने का सबसे कारगर उपाय है। रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट 322 ए के द्वारा वृक्षारोपण पर फोकस किया जा रहा है ताकि हम सभी अनावृष्टि- अतिवृष्टि से प्रभावित ना हो। क्लब सचिव दशरथ प्रसाद ने कहा कि आज हमारे क्लब के द्वारा 50 से अधिक पेड़ लगाया गया। हमने पहले भी वृक्षारोपण का काफी कर्ज किया है तथा आगे भी हमारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम जारी रहेगा।




# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।



जनता दरबार में बैंक मोड निवासी मुनिया देवी ने विधवा पेंशन के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि वह एक विधवा महिला है तथा उनकी आय का कोई साधन नहीं है। किसी तरह अपना जीवन यापन करती है। उन्होंने बताया कि उनके पति का स्वर्गवास हुए 3 वर्ष से अधिक हो गया है। उन्होंने विधवा पेंशन हेतु कई बार आवेदन दिया परंतु आज तक विधवा पेंशन नहीं बना। उन्होंने उपायुक्त से विधवा पेंशन को मंजूरी देने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को सामाजिक सुरक्षा को हस्तांतरित करते हुए अविलंब पेंशन स्वीकृति हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान जनता दरबार में आए जौधाडीह ग्राम के ग्रामीणों ने चापाकल निर्माण के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत जौधाडीह ग्राम में एक धार्मिक स्थल है, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आते जाते हैं। लेकिन वहां पीने की पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, उन्होंने उपायुक्त से एक चापाकल निर्माण करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा इस मामले को पीएचइडी-1 को हस्तांतरित कर निष्पादन के हेतु निर्देशित किया।

# टुंडी : एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड सभागार में आज मंगलवार को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास योजना के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का टुंडी प्रमुख मालती मरांडी एवं विधायक प्रतिनिधि फूलचंद किस्कू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्राप्त समाचार के अनुसार इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार से जोड़ना है तत्पश्चात पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम के तहत पूर्णरूपेण जानकारी दी गई ताकि पंचायतों के सभी शिक्षित युवाओं को सरल रूप से रोजगार मिल सके। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का परिचय तथा जे एस पी एल के कार्यक्रमों का विस्तार पूर्वक जानकारी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अर्जुन साव के द्वारा संपन्न हुआ। इसके उपरांत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास योजना की विस्तृत जानकारी धनबाद से आये जिला समन्वयक आसिफ इकबाल ने दिया एवं इसकी बिशेषताएं के साथ साथ स्वरोजगार के महत्व पर प्रकाश डाला। इनके अलावा टुंडी प्रमुख मालती मरांडी ने अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूहों से अपील करती हुई बोली कि अपने बच्चे बच्चियों को कौशल विकास



योजना जुड़े एवं प्रशिक्षण में भेजे एवं आजीविका का स्रोत बनाने के लिए प्रेरित करें। विधायक प्रतिनिधि फूलचंद किस्कू के द्वारा सभी बेरोजगार युवक युवतियों को जे एस पी एल से जुड़कर इससे लाभ लेने की बात कही। इस कार्यक्रम में पंचायत के सभी मुखियाओं ने भाग लिया मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार मंडल, पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, जाताखूंटी मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम, मंछियारा मुखिया प्रतिनिधि बुधन हेंब्रम, टुंडी मुखिया रेखा देवी, पंचायत समिति सदस्य मीना कुमारी, इसके अलावा सभी पंचायत सेवक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विदेश यात्रा से लौट बिना विश्राम किये देश सेवा में लग गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : ओम प्रकाश सिंह

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीधा संवाद कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश : मनीर उरांव

➲ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी, नगर मण्डल कार्यालय अटल भवन में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में सभी कार्यकर्ताओं, जेष्ठ श्रेष्ठ और आम जनो ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव एवं श्री ओमप्रकाश सिंह,राजकिशोर महतो जी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज फिर विकास यात्रा में एक कड़ी जोड़ते हुए पांच वन्दे भारत को हरी झंडी दिखाई।विदेश यात्रा से लौटकर बिना विश्राम किये देश सेवा में लग गए। ऐसे विभूति को नमन करते हुए कार्यकताओं से आह्वान करते हैं कि हम सबको भी देश सेवा में लग जाना चाहिए। क्योंकि 2024 का चुनाव हमारे सामने लक्ष्य बन कर खड़ा है। जिला अध्यक्ष श्री मनीर उरांव ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने बूथ के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर हम सबमें जोश भर दिया है। कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद के दौरान मोदी जी ने कहा कि आज सभी घोटाले बाजों का जमावड़ा लग रहा है। ताकि अपनी प्रतिष्ठा बचा सके। परन्तु सारी जांच एजेंसी अपना काम करती रहेगी।जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमे मोदी जी को साथ देने की आवश्यकता है। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया जिससे कार्यकर्ताओं में जोश भर गया।।विपक्ष के रुप मे जितना कीचड़ जमा हो रहा है 2024 में उतना ही कमल खिलेगा।क्योंकि भाजपा बुथ स्तर पर सांगठनिक रूप से मजबूत है। कार्यक्रम को राजकिशोर महतो ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मिथुन तमेडा, दीपक साहू, संजय वर्मन, राजेश महतो, मुरलीधर अग्रवाल, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी, मिना बाखला, पुष्पा विद्यार्थी, अनिता देवी, बजरंग करुआ, पुष्पा देवी, बेबी देवी सन्दीप वर्मा, दिलीप ठाकुर, हेमंत कुमार, अनूप वर्मा, राजू, अशोक आदि अनेक लोग उपस्थित हुए।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन घायल अस्पताल में कराया गया भर्ती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** कोराम्बे नया टोली मोड़ के समीप अनियंत्रित हो बाइक सवार पत्थर से टकराया तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र कोराम्बे पथ पर नया टोली के समीप मोड़ में बाइक जे एच 08 एच 8665 के अनियंत्रित होने से पत्थर से टकरा गया। जिससे बाइक पर सवार तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर गस्ती टीम पु0आ0नि0 एलबिना लकड़ा दलबल के साथ पहुंच सभी घायलों को मदद करते हुए एम्बुलेंस 108 से सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको द्वारा प्राथमिक उपचार आरम्भ कर दिया गया है। घायल की पहचान चौकनी निवासी हीरा उराँव के पुत्र उमेश उराँव,वरण उराँव के पुत्र छोटू उराँव रामकिशुन उराँव के दामाद सूरज उराँव के रूप में किया गया। बताया जाता है कि तीनों एक ही बाइक में सवार हो कोराम्बे कि ओर से चौकनी अपना घर लौट रहा था। जो शराब के नशे में धुत होने की बात बताई जा रही है।

## लोहरदगा जिला में लेबर कोर्ट स्थापित हो : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को ट्वीट का लोहरदगा जिला में श्रमिकों के मामले का निपटारा हेतु लेबर कोर्ट स्थापित करने की मांग किए। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला सहित कई जिलों कि मजदूरों के मामलों की सुनवाई रांची स्थित लेबर कोर्ट में होती है ।मजदूरों को रांची आने-जाने एवं ठहरने के कारण उनका काफी आर्थिक नुकसान एवं समय की बर्बादी होता है। अर्थाभाव के कारण श्रमिकों को न्याय भी नहीं मिल पाती है। श्रमिकों के समस्याओं के समाधान के लिए कानून में विशेष प्रावधान है। जिलों में न्यायालय नहीं होने के कारण श्रमिक अपनी समस्याओं को न्यायिक मंच पर नहीं रख पाते हैं। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला सहित गुमला,लातेहार जिलों में अनेक बॉक्साइट माइंस हिंडालको एवं प्राइवेट कंपनी के द्वारा संचालित होती है। इन माइंसो में हजारों की संख्या में मजदूर कार्य करते हैं और हिंडाल्को का मुख्यालय लोहरदगा जिला में ही है। मजदूरों के हित को देखते हुए श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को लोहरदगा जिला में लेबर कोर्ट की स्थापना करनी चाहिए।

## भाजपा राष्ट्रीय मंत्री रविंद्र रैना ने आज उत्कृष्ट कार्य करने वालों के घरों में जाकर करेंगे सम्मानित

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा की पावन धरती पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना जी का देर शाम लोहरदगा में आगमन हुआ। रात्रि विश्राम लोहरदगा परिसदन में होगा। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत लोहरदगा की जनता एवं कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर संपर्क अभियान आज दिनांक 28 जून 2023 दिन बुधवार को 8.30 बजे सुबह पतराटोली लोहरदगा के राष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी सोमा उरांव को सम्मानित करते हुए संपर्क से समर्थन अभियान भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में राष्ट्रीय मंत्री रविंद्र रैना जी के साथ लोहरदगा में चलाया जाएगा। यह जानकारी भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने दी।

# उपायुक्त ने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना को लेकर की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मंगलवार को पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला के विद्यालयों में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के संचालन संबंधी चर्चा हुई जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि उक्त योजना का लाभ जिला के 50,031 विद्यार्थियों में संचालित की जा रही है। सत्र 2023-24 के प्रथम त्रैमास (अप्रैल, 2023 से जून 2023) का चावल/खाद्यान्न कुल 348 एमटी खाद्यान्न का आवंटन के विरूद्ध आदेश प्राप्त होने के उपरांत चावल उठाव कर स्कूल स्टेप डिलिवरी के माध्यम से सभी चिन्हित विद्यालयों में चावल उपलब्ध करा दी गई है। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि विद्यालयों में प्रतिदिन की उपस्थिति और मध्याहन भोजन से संबंधित एसएमएम ससमय और सही प्रारूप में भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में सेंट्रलाइज्ड किचन से संबंधित समीक्षा की गई और तृतीय चरण के फीडबैक की जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, सदर अस्पताल उपाधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, नगर प्रबंधक नगर परिषद समेत अन्य उपस्थित थे।

# डीएवी में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी, विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के तत्वावधान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कक्षा बारहवीं के बच्चों के मध्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दस वर्ष पहले आयोजित एक सर्वेक्षण से यह पता चला कि भारत में दिल्ली,मुंबई व पुणे महानगरों में लगभग एक लाख से अधिक युवा तथा पूरे भारत मे लगभग सात लाख युवा नशीली दवाओं का सेवन करते हैं। यह समस्या देश को अंदर से खोखला बना रही है। इस समस्या से मुक्ति का एकमात्र उपाय युवाओं का जागरूक होना है। इसकी शुरुआत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों के मध्य होती है। विद्यार्थियों को इस दुर्व्यसन से परिचित करवाने तथा बचाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा बारहवीं के बच्चों के मध्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी जागरूकता तथा प्रतिभा का परिचय देते हुए इस समस्या तथा उसके दुष्परिणाम को प्रभावी ढंग से चित्रित किया। इस प्रतियोगिता में प्रिंसी कुमारी व तनु राज ने प्रथम, कृति कुमारी व नितिका उरांव ने द्वितीय तथा फलक अहमद, राजकुमारी साहू व अदिति आर्या ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में शितेश कुमार पाठक व परमित कुमार निर्णायक बने।

## अविराम की प्रशिक्षु रश्मि सिंह को कुलपति डॉ. अजीत सिंह के द्वारा किया गया सम्मानित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षु रश्मि सिंहा को साहसी दल शिविर में चयनित कर मनाली में प्रतिभाग करने हेतु भेजा गया था जहां विविध प्रकार के क्रियाकलापो को कराया गया। रांची विश्विद्यालय के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा, मुख्य अतिथि पी एम प्रसाद जो सी सी एल के एम डी है, विशिष्ट अतिथि सांसद संजय सेठ, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक की उपस्थिति में कुलपति महोदय द्वारा स्मृतिचिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध उपस्थित रही। रश्मि को सचिव अविराम और प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी समेत सभी ने शुभकामनाएं दी।

## सेन्हा भाजपा मंडल द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी सेन्हा मंडल द्वारा सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ऊर्जावान भाषण प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार साहू ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आगामी 2024 का चुनाव के उद्देश्य से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड क्षेत्र के सभी बूथों को मजबूत कर जन हित मे कार्यक्रम करना है। साथ ही केन्द्र सरकार की नीति व विकास कार्य से जनता को जागरूक करना है। मौके पर प्रखंड प्रभारी हर्षनाथ महतो, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, दशरथ साहू, महामंत्री दिनेश प्रसाद साहु, रजनीश सिंह, बूथ अध्यक्ष अशोक महतो, नीलकंठ यादव, सुरेन्द्र महतो, जोधनरायण साहु, अनन्त महतो, कमलनाथ महतो, रतन साहु, विनोद यादव, प्रभु उराँव, संतोष भारती सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को बीमारी से बचाव हेतु दिया गया परामर्श



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक और बाइफ के द्वारा मुर्कि तोड़ार पंचायत भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक और बाइफ संस्था के द्वारा जगरुक्ता मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित कैम्प के माध्यम से छोटी से छोटी बीमारी एवं घातक बीमारी के बारे में तोड़ार पंचायत के ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष को बचाव एवं बरसात के मौसम में रहने तथा खानपान पर विशेष ध्यान रखने की परामर्श डॉ0 रंजिता कच्छप के द्वारा दिया गया साथ ही फाइलेरिया, मलेरिया, डेंगू डायरिया टीबी जैसे घातक बीमारी से बचाव एवं नियंत्रण पाने पर विस्तार पूर्वक भी जानकारी दी गई कैम्प के माध्यम ग्रामीण महिला एवं पुरुष बच्चे का बीमारी जांच करते हुए निःशुल्क दवा वितरण किया गया। साथ ही किशोरी बच्चियों को सैनेट्री पैड का वितरण किया गया और उनको हाइजिन मेंटेन करने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में मेडिकल टीम के साथ डॉ0 रंजिता कच्छप, देवेंद्र गिरी एवं बाएफ संस्था के प्रोजेक्ट ऑफिसर पंकज कुमार, आलोक साहू, फील्ड वर्कर सोनम दुलारी उरांव, ममता कुमारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीडीओ ने विकास योजनाओं में तेजी लाने को लेकर की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से मंगलवार को भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की बैठक हुई। जिसमें अपूर्ण योजना को पूरा करने तथा स्वीकृत नई योजना की शुरु करने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी पंचायत मुखिया अपने-अपने पंचायत में लंबित योजना को एक सप्ताह के अंदर पूरा कर अभिलेख बंद करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस वितीय वर्ष 2023-24 के लिए भंडरा प्रखंड में 168 एकड़ में आम बागवानी का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें पंचायत वार योग्य किसान को चयनित कर बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना से जोड़ें, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में अबतक 128 पीएम आवास योजना अपूर्ण है। जिसे हर-हाल में पूरा कराना पंचायत कर्मियों की जिम्मेदारी है। इसके अलावे उन्होंने सिंचाई कूप, नादेफ टैंक, कच्ची नाली योजना को लेकर आवश्यक निर्देश दिया है। मौके पर सुमित उरांव, अभिषेक कुमार, सुमंती तिग्गा, कईली उरांव, परमेश्वर महली सहित पंचायत सचिव मौजूद थे।

## मुखिया सुमंती तिग्गा ने 22 किसानों के बीच आम बागवानी से संबंधित कीट का किया वितरण



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड के भौंरो लैंपस कार्यालय में मंगलवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा मुखिया सुमंती तिग्गा ने 22 किसानों के बीच आम बागवानी से संबंधित कीट का वितरण किया गया। जिसमें सीढ़ी, जाल, आम तोड़ने का स्टिक, तिरपाल, आम रखने के लिए कैरेट व आम के पौधों में दवा छिड़काव करने से संबंधित सामाग्री का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया सुमंती तिग्गा ने कहा कि सरकार किसानों को खेती-बाड़ी से लेकर आम बागवानी को बढ़ावा देने के लिए किसानों को निशुल्क कीट मुहैया करा रही है। इससे किसानों को आम बागवानी के कार्यो में काफी सहूलियत होगी। आम बागवानी से जुड़े किसानों को आम तोड़ने से लेकर आम रखने तक का सरकार ख्याल रखते हुए कीट सेट का वितरण करा रही है। इस दौरान उन्होंने भौंरो पंचायत के 22 किसानों के बीच आम बागवानी से संबंधित कीट का वितरण किया। मौके पर परमानंद प्रजापति, मांगी उरांव, सीतामुनी उरांव, कल्याण पन्ना, मंगरी उरांव, शनिचरवा उरांव, रीता देवी, गीता देवी, जगजीवन उरांव सहित किसान मौजूद थे।

# सिंचाई मोटर चोरी के आरोप पर आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** चोरी के आरोप एवं मोटर चोरी के दौरान घटना स्थल पर बाइक छोड़ भागने पर पुलिस जांच पड़ताल कर उगरा से आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र में लगतार चोरी घटना को आंजम दे शातिर चोर पुलिस के पकड़ में नही आ रहा था। जानकारी के अनुसार बता दें कि जोगना निवासी शत्रुधन मुंडा ने थाना में चोरी होने की अर्जी लगाते हुए बताया था कि अज्ञात चोर द्वारा डेढ़ एचपी का सिंचाई मशीन किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। इससे पूर्व सेन्हा नौदी बंसरी में भी सिंचाई मोटर की चोरी हुआ था। जिसको लेकर लगतार पुलिस क्षेत्र में चौकस नजर आ रही थी। इसी दरमियान भड़गांव बेड़ा टोली में घर के समीप कुएं में लगा सिंचाई टुलु मशीन को चोरी करने के निहत से पहुंच तार काट कर सेक्सन पाइप काट रहा था तभी घर के सदस्य शौच के लिए उठा तो कुएं की ओर से आहट आया तो कौन है पूछने पर चोर भागने लगा तभी एक बाइक पर नजर पड़ा जिसकी सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध कारवाई करने का गुहार लगया गया था। चोरी घटना स्थल बेड़ा टोली से प्राप्त बाइक जे एच 08 जे 1143 को जब्त करते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 90/23 दर्ज कर धारा 379 के तहत उगरा निवासी स्वर्गीय फजल अंसारी के 28 वर्षीय पुत्र मोजाहिम अंसारी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

# ठेठईटांगर में विधायक कोलेबिरा के द्वारा लगा जनता दरबार, किया गया परिसम्पतियों का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटांगर :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ठेठईटांगर प्रखण्ड मुख्यालय में जनता दरबार सह परिसम्पति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। माननीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि जनता की जो भी समस्या है वोह लेकर आए ताकि में उन समस्या का समाधान कर सकू। आपने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। आपकी समस्याओं और परेशानियों का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है अगर आपको कोई दिक्कत हो तो बेहिचक और निर्भीक होकर बताएं, उसे दूर किया जाएगा। इस जनता दरबार के माध्यम से मुझे आपसे सीधे जुड़ने का मौका मिलता है। इससे पूरी वस्तुस्थिति की जानकारी होती है और उसका समाधान और भी आसान हो जाता है। राज्य के गरीब गुरबों को ध्यान में रखकर कई योजनाएं बनाई गई है, जिससे ये लोग अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसके लिए सरकार ने इन योजनाओं को प्राथमिकता से चिन्हित किया है। सरकार यह प्रयास कर रही है कि गरीबों का विकास हो लोगों को रोजगार मिले, बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले,हमारा राज्य कुपोषित ना रहे। अपको में बता देना चाहता हूं कि लोकतांत्रिक देश के लिए यह सबसे सुंदर पल होता है जब जनता के दरबार में विधायिका विधायक कार्यपालिका में सरकार के दिए गए कार्यो को सरकारी पदाधिकारियों कर्मचारियों द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक जनता के समस्यायों को मिल बैठकर कार्य को सम्पादित करते हैं। जिससे कि जनता को सुन्दर माहौल में विश्वास और भरोसा को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर जागृति उत्पन्न होती है। साथ ही साथ लोकतंत्र मजबूत होता है। विधायक को आप महान जनता ने अपने मत का उपयोग कर अपना प्रतिनिधि और विधायक बनाया। विधायक का सबसे पहला कर्त्तव्य होता है जनहित में नीति निर्धारण कर पैसे का व्यवस्था कर जनता को सुविधा प्रदान करना। आपके अस्तित्व के पहचान से जुड़े संसाधनों की रक्षा के लिए विधायिका द्वारा अर्थात विधायकों एवं सांसदों द्वारा नीति निर्धारण कर लोगों के लिए योजना तैयार कर रुपयों का सत्ता विकेन्द्रीयकरण कर अधिकार और दिशानिर्देश के साथ क्रियान्वयन एवं निगरानी कर लोगों को को योजनाओं का सही रूप में सुविधाएं दिलाने के लिए जिला, प्रखण्ड, पंचायत की क्रियान्वयन एवं निगरानी संस्थाओं को दे दिया जाता है। अब उक्त पैसे का नीतिगत योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित सरकारी पदाधिकारियों, कर्मियों का मुस्तैदी से काम करने की आवश्यकता है। जिससे कि आम जनता लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वाकांक्षी जन कल्याणकारी नीतिगत योजनाओं और गैरनितिगत योजनाओं का लाभ लोग ले सके। आज इन्हीं सब कल्याणकारी योजना को आम जनता तक पहुंचे, इसलिए आज मैं जनता दरबार कार्यक्रम किया हूं। कार्यक्रम के दौरान वितरण किया गया। साथ ही लोगों से संवाद करते हुए उन्होंने कई आवेदन लिए एवं संबंधित अधिकारियों को इनके निष्पादन हेतु उचित निर्देश दिए। साथ ही साथ परिसम्पति में विकलांग को विकलांक साइकल बैसाखी, जॉब कार्ड, अन्य का बितरण किया गया। कार्यक्रम में ठेठईटांगर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे, साथ ही साथ सभी विभाग का स्टॉल लगा हुआ था। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, मोहम्मद कारू, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रदेश अल्पसंखयक सचिव जमीर अहमद, जमीर हसन, प्रिंस कुमार, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित थे।

### चलते चलते एक नजर

## पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वार्तालाप आयोजित



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा पलामू जिला प्रशासन के सहयोग से 27 जून को जिले के पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति भवन में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में अपर महानिदेशक पत्र सूचना कार्यालय, रांची अखिल कुमार मिश्रा, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अप विकास आयुक्त रवि आनंद, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, सीआरपीएफ 134 बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार,वरिष्ठ पत्रकार इंदुकांत दीक्षित, अमरकांत सिंह व उदय चौहान अतिथि वक्ताओं के रूप में शामिल हुए। साथ ही जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ट अधिकारी गण, पलामू के गणमान्य लोगों तथा वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्तिथि भी रही।अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर वार्तालाप की शुरुआत की गई, जिसके उपरांत सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ, शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर विधिवत स्वागत किया गया। अपने विषय प्रवेश सम्बोधन में पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए वार्तालाप में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सरकार और मीडिया की कड़ी को और मजबूत करने का माध्यम बताया।उपायुक्त पलामू ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया पावरफुल है। अतः पत्रकार अपना रोल बखूबी निभायें और न्यूज की फैक्ट चेक करके ही छापे। सोशल मीडिया के बारे में उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया के लोग अपने स्वार्थ के लिए काम करते दिखते हैं, अगर ऐसा है तो इसे सुधारा जाएं, ताकि जिम्मेदार पत्रकारिता हो। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि आप खबर को पूरी जिम्मेदारी के साथ दें। मीडिया को सेंसेशनलिज्म से बचना चाहिए। केंद्र सरकार के नौ वर्षों के सफल कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कार्यशाला में जिन योजनाओ का लाभ आम जनों तक पहुंचा है, उसके बारे में उनके लाभुको ने भी अपने विचार रखे।इस अवसर पर मंत्रालय के विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो, डाल्टनगंज द्वारा एक सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल पर एक जागरूकता कार्यक्रम एवम छोटी प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों ने भाग लिया। उनके बीच आयोजित क्विज, आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उप विकास आयुक्त, डीएफओ और बीडीओ सदर श्री अमिताभ भगत ने सम्मानित किया। उन्होंने अपने स्बोधन में आज के भव्य आयोजन की सराहना भी की। वार्तालाप कार्यशाला का मंच संचालन पीआईबी से जुड़े क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर एवं ओंकार नाथ पाण्डेय ने किया। इसकी सफ़लता के लिए समन्वय में भी इनका प्रमुख योगदान रहा।

# विष्णु मंदिर रोड में लगने वाली गाड़ियां स्टेट बस डिपो में लगे : चेंबर अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** बाजार के व्यवसायियों ने चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर से मिलकर विष्णु मंदिर रोड में सुबह-सुबह थोक विक्रेताओं के गाड़ियों से जाम लगने के कारण मंदिर में जाने आने वालों को हो रही परेशानी, गाड़ी जाम लगने के कारण स्कूल बस समय पर नहीं पहुंचने से बच्चों को हो रही परेशानी, बाजार आने जाने वाले महिला पुरुषों एवं बुजुर्गों को हो रही परेशानी तथा मोहल्ले वालों को अपने घर के सामने गाड़ियों से जाम रोड से निकलने में हो रही परेशानी एवं पोलूशन से अवगत कराया। श्री शंकर ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए कहा कि हर शहर में थोक विक्रेताओं को शहर के बाहर एक स्थान दिए जाने की पहल की। जहां सुलभ तरीका से हमारी जरूरत के



चीजों को थोक व्यवसाई पूरा करते पर हमारे शहर में अभी तक ऐसी व्यवस्था नहीं हो सकी है। इसलिए लोग रोड में लगाकर हमारी जरूरत के चीजों को पूरा कर रहे हैं। जिससे पूरा रोड जाम हो रहा है। जिसकी खामियाजा मोहल्ले वाले भुगत रहे हैं। द्य श्री शंकर नेतुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त से बात की और सुझाव दिया कि जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक सुबह 4 से 10 बजे तक के लिए सभी छोटी बड़ी गाड़ियां, जो सब्जी लेकर शहर को आते हैं, उसे स्टेट बस डिपो के पिछले हिस्से जिसकी अब सफाई भी कर दी गई है पेवर ब्लॉक भी लग चुका और खाली भी पड़ा है, में पार्क कराई जाए। जहां से खुदरा सब्जी व्यवसाय करने वाले व्यवसाई आसानी से सब्जी भी ले जा सके और शहर के रोड को भी जाम से बचाया जा सके। साथ ही साथ निगम को भी एक अच्छा राजस्व मिल पाए। नगर आयुक्त ने सुझाव को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जल्द एक-दो दिन में इस पर निर्णय लेते हुए व्यवस्था की जाएगी। ताकि व्यवसाई और नागरिक दोनों को सुविधा मिल सके। श्री शंकर से मिलने वाले वार्ड पार्षद लालबाबू ,धीरज गुप्ता,कुमार गौरव,तुषार घोष,मुन्ना सिन्हा,एसके बोरल, प्रदीप घोष एवं अन्य लोग सम्मिलित थे।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव का सामान रिलीज करने का आदेश

**रांची :** एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गैंगेस्टर अमन श्रीवास्तव की मां की फोटो सहित अन्य सामान छोड़ने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की याचिका पर 22 जून को सुनवाई हुई थी। उसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए अगली सुनवाई के लिए 27 जून की तिथि निर्धारित की थी। गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस की टीम ने पिछले महीने मुंबई से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। इसके गिरफ्तारी के पूर्व एटीएस ने अमन के महंगी वाहन सहित कई सामान जब्त किया था।

## घरों में चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि मेसरा ओ.पी अंतर्गत गृहभेदन के कई कांडों के उदभेदन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशानुसार क्यूआरटी की तकनिकी टीम के साथ छापामारी दल का गठन किया गया , जिसमे पुलिस अधीक्षक नगर रांची एवं पुलिस उपाधीक्षक सदर रांची के मार्गदर्शन से मिली गुप्त एवं तकनिकी सुचना के आधार पर ग्राम छोटकी लारी, बड़की लारी, छोटकी पोना ग्राम से कांड में चोरी गये जेवरात वर्तन एवं अन्य सामानों के साथ पांच अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों ने रांची जिला अंतर्गत मेसरा ओ.पी. के. अलावे सदर थाना, खेलगांव थाना, टाटीसिल्वे थाना, रातू थाना, पीठोरिया थाना आदि के कांडो में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया, गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणी एवं उनका अपराधिक इतिहास भी रहा है।

**गिरफ्तार युवकों की सूची:** बच्चू पासी सीता बगीचा थाना रजरप्पा,जिला-रामगढ़,अपराधिक इतिहास ( सिल्ली- 101/19, 52/21, बबलू गोस्वामी उर्फ बबलू गुलगुलिया विश्वकर्मा चौक, छोटकी, लारी थाना रजरप्पा, जिला-रामगढ़, अपराधिक इतिहास सिकीदिरी-493/09 धारा-395/412 (2) अनगडा-457/09 धारा, बधी सिंह छोटकी लारी, थाना रजरप्पा जिला-रामगढ़ लगहा, अपराधिक इतिहास खूंटी-130/22 , कुमेश महतो उर्फ़ उमेश उर्फ अक्षय थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग वर्तमान- बूटी बस्ती नायक टोला ।

### अपने बड़े पुत्र की शादी के सालगिरह पर पर्यावरण धर्म के तहत किया पौधरोपण

# पौधों को बचाने के लिए देखभाल जरूरी : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत अपने बड़े पुत्र प्रो अरुण कुमार जायसवाल और बहु कोमल जायसवाल की शादी के 11वां वर्षगांठ पर शहर के दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम के बगल में और सर्किट हाउस एवं प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के बाहर सड़क किनारे नीम एवं छतरी का 25 पौधे लगाया।



पिछले वर्ष सितंबर में पर्यावरणविद कौशल किशोर ने प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी के साथ उनके आवासीय परिसर एवं आवास के बाहर सड़क किनारे 150 पौधा लगाए थे। परंतु तापमान अधिक होने के कारण 15 पौधे मर गए थे। पुनः उक्त गैविन में फिर से पौधे लगाकर सभी 44 गैविन में गोबर खाद डालकर घास निकोनी कर दिया गया । पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि बच्चे के समान पौधे होते हैं जितना सेवा बच्चे को किया जाता है उतना ही सेवा पौधा को करना पड़ता है। तभी उसका उचित लाभ लोगों को मिल पाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बच्चा बड़ा होकर अपने परिजनों की सेवा करता है उसी प्रकार पौधा भी बड़ा होकर सृष्टि को बचाने का कार्य करता है। पर्यावरणविद ने कहा कि बढ़ती तापमान और जल संकट से मुक्ति पाने के लिए समाज के हर वर्ग व उम्र के सभी लोगों को अपना धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा। तभी हम और आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रह सकेगा। उक्त अवसर पर छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, शमीम अंसारी, प्रेम शंकर जायसवाल, संतोष प्रजापति, संतोष मेहता, अनुज चंद्रवंशी, शीतल राम, बिलासपुर उराव आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

iit ALUMNI Reach For Jharkhand!

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की SPV प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित

कल्याण गुरुकुल | कौशल कॉलेज

के छात्र एवं छात्राओं को नियुक्ति पत्र वितरण सह आई.टी.आई. कौशल कॉलेज अवस्थित सेवा कैफे का उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री चंपई सोरेन
माननीय मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग और पर्यटन, कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग

श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, राँची, झारखण्ड

श्री सी. पी. सिंह
माननीय विधायक, राँची, झारखण्ड



दिनांक : 28 जून, 2023 | समय : अपराह्न 1:00 बजे | स्थान : आईटीआई, कौशल कॉलेज, नगरा टोली, रांची

PR NO-301025 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार